सूर्योदय 5:47 सूर्यास्त 7:05

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,539 |
| निफ्टी | 24,619 |

सोना 1,00,057 चांदी 1,14,850

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान





रोहित शर्मा बिना खेले बने नंबर-2 वनडे बल्लेबाज

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 14 अगस्त 2025 | 30 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 227, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### डोभाल के बाद अब एस जयशंकर जाएंगे रूस



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत और रूस के संबंधों में नई ऊर्जा देखी जा रही है। हाल ही में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। अब खबर आई है कि भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर भी रूस दौरे पर जाएंगे और वह वहां रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव से मुलाकात करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### प्रियंका गांधी वाड्रा शिमला पहुंची



**अनंत ज्ञान, शिमला।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को शिमला पहुंचीं। प्रियंका शुक्रवार को नई दिल्ली लौटेंगी। वह छराबड़ा स्थित अपने आवास में ठहरी हैं। प्रियंका ने शिमला के छराबड़ा में अपना मकान बनाया है। वह छुट्टियां बिताने अक्सर शिमला आती रहती हैं। वह निजी दौरे पर होंगी और किसी भी प्रादेशिक कांग्रेस नेता से नहीं मिलेंगी।

### विपक्ष भी उतारेगा उपराष्ट्रपति प्रत्याशी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। (अनंत ज्ञान)

### पुरी जगन्नाथ मंदिर को मिली हमले की धमकी

**नई दिल्ली।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर पर आतंकी हमले की धमकी मिली है। पुलिस के अनुसार ओड़िया भाषा में लिखी गई यह धमकी भरा दो पोस्टर मां बुढ़ी ठाकुराणी मंदिर की दीवार पर मिला। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। दीवार पर मिले एक पोस्टर में धमकी लिखी थी, 'आतंकवादी श्रीमंदिर को ध्वस्त कर देंगे। मुझे बुलाओ, वरना विनाश हो जाएगा।' (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- छवि खराब करने के लिए पुलिस ने रचा षड्यंत्र: आशीष -पेज 2
- चुनाव आयोग पर झूठे आरोप लगा रही कांग्रेस : अनुराग -पेज 3
- 10,880 ने पास की दस विषयों की टेट परीक्षा -पेज 5
- 9 करोड़ से होगी 29 स्कूलों की मरम्मत: रोहित ठाकुर -पेज 9
- नगर निगम में शुरू होगी आवारा कुत्तों की नसबंदी -पेज 12


# शिमला-कुल्लू में 4 जगह फटे बादल

## पांच वाहन और पांच पुल बहे; गानवी बाजार में भरा पानी, खाली करवाई बागीपुल मार्केट

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और शिमला में बुधवार शाम करीब 4 जगह बादल फटने का समाचार है। कुल्लू के श्रीखंड और तीर्थन वैली, शिमला जिले के फाचा के नांटी गांव और काशापाठ में बादल फटने के बाद नदी-नालों में बाढ़ आ गई। नांटी में बादल फटने के बाद गानवी का आधा बाजार जलमग्न हो गया। श्रीखंड और काशापाठ में बादल फटने से कुर्पण व नोगली खड्ड में बाढ़ आ गई। निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने और नदी किनारे नहीं जाने की कहा गया है। कुर्पण खड्ड के रौद्र रूप को देखते हुए बागीपुल बाजार को खाली करवाया गया।

**श्रीखंड और काशापाठ में बादल फटने से कुर्पण व नोगली खड्ड में आई बाढ़**



तबाही का मंजर

कुल्लू जिले की तीर्थन घाटी में बादल फटने के बाद 3 गाड़ियां और दो कैंपर बह गए। बाढ़ में पांच छोट-बड़े पुल भी बह गए। एक कॉटेज व पांच घरों में मलबा घुस गया। वहीं, ट्राइबल जिला लाहौल-स्पीति की मयाड़ घाटी में बुधवार दोपहर बाद तेज बारिश से बाढ़ हुई। इससे उदयपुर में एक पुल बह गया। खेतों में सैकड़ों टन मलबा आ गया। नाले में अचानक बाढ़ के बाद उडगोस और करपट गांव के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं, राजधानी शिमला के कार्ट रोड पर 13 अगस्त को सुबह करीब 6:30 बजे दो देवदार के पेड़ गिर गए। इसके कारण टॉलेंड में करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। अब पेड़ काटकर हटाने के बाद ट्रैफिक बहाल कर दिया गया है।

### पूह में बाढ़ से सतलुज नदी का प्रवाह रुका

**रामपुर।** हिमाचल में एक और बड़ा संकट खड़ा हो गया है। बुधवार को किन्नौर के पूह में होजो नाला में आई भीषण बाढ़ के कारण सतलुज नदी का प्रवाह पूरी तरह से रुक गया है। इस गंभीर स्थिति के चलते बृजगोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी को भारी नुकसान हुआ है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि नदी का रुका हुआ पानी कभी भी बहुत तेजी से निकल सकता है, जिससे रामपुर से सुन्नी तक सतलुज नदी के किनारे बसे इलाकों में भारी तबाही आ सकती है। जानमाल के भारी नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। इस खतरे को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से चेतावनी जारी की है। लोगों से अपील की गई है कि वे सतलुज नदी के किनारे से तुरंत अपने पालतू पशुओं को साथ लेकर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

# कोर्ट में बोले राहुल मेरी जान को खतरा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कोर्ट को बताया कि उन्हें जान का खतरा है। सावरकर मानहानि केस की सुनवाई के दौरान राहुल के वकील मिलिंद पवार ने कोर्ट में लिखित सूचना देकर कहा कि वोट चोरी का मामला उजागर करने के बाद राहुल गांधी को खतरा बढ़ गया है।



राहुल के वकील ने एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की कि मेरे खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए मुझे प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाए। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी। मिलिंद ने बताया कि बीजेपी नेता आरएन बिट्टू ने राहुल को आतंकवादी कहा था, जबकि बीजेपी नेता तरविंदर मारवाह ने खुली धमकी दी कि अगर राहुल सही व्यवहार नहीं करेंगे तो उनका अंजाम उनकी दादी जैसा हो सकता है। सावरकर केस में शिकायतकर्ता सत्यकी का संबंध सावरकर और गोडसे परिवार से है। वह अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**भाजपा नेता ने कहा था, दादी जैसा होगा अंजाम**

# अगले महीने अमेरिका जा सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने अमेरिका के दौरे पर जा सकते हैं। वह संयुक्त राष्ट्र महासभा की सालाना बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मोदी का यह दौरा सितंबर के आखिरी हफ्ते में हो सकता है। यूएनजी में मोदी के भाषण के लिए 26 सितंबर का वक्त तय है।

मोदी इस दौरान ट्रंप और अन्य नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकात कर सकते हैं। मोदी ने इससे पहले फरवरी 2025 में अमेरिका का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने व्हाइट हाउस में ट्रंप से मुलाकात की थी। ट्रंप ने टैरिफ मामले पर मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें एक टफ नेगोशिएटर (मोल-भाव करने वाला) बताया था। उन्होंने मोदी को अपना दोस्त बताते हुए कहा था कि वह अच्छा काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### डोनाल्ड ट्रंप से कर सकते हैं मुलाकात

**मीडिया** रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरे का असली मकसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर व्यापार और टैरिफ से जुड़े विवाद सुलझाना है। इस दौरान दोनों नेता एक ट्रेड डील का ऐलान भी कर सकते हैं।



# उत्तरी कश्मीर के उरी में मुठभेड़ में जवान शहीद

**एजेंसी, श्रीनगर।** स्वतंत्रता दिवस से दो दिन पहले उत्तरी कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। हालांकि, इस बीच एक जवान गोलीबारी में शहीद हो गया। सेना के अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी के चुरुंडा इलाके में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी है। इससे पहले 10 अगस्त को किश्तवाड़ के दुल इलाके में सेना को आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान आतंकियों ने सेना पर फायरिंग की थी। यहां भी सर्चिंग जारी है। 1 अगस्त से कुलगाम के अखल जंगलों में आतंकियों की तलाश में सर्चिंग चल रही है। यहां 2 जवान शहीद हुए हैं, 9 जवान घायल हैं। दो आतंकी भी मारे जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

**सेना ने नाकाम की एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश**

# राजीव गांधी योजना से प्रदेश में नई क्रांति

## ई-टैक्सी पर 50 फीसदी अनुदान, ग्रामीण लघु उद्योगों को सौर ऊर्जा का सहारा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश के युवाओं, किसानों और उद्यमियों के लिए एक नई दिशा खोल दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 'राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना' के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं, जिनसे राज्य में आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। योजना के तहत, युवा साथियों को ई-टैक्सी खरीदने पर 50 फीसदी का भारी अनुदान दिया जा रहा है।

यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी, बल्कि हजारों युवाओं को स्वरोजगार का अवसर भी प्रदान करेगी। यह सरकारी सहायता उन्हें बिना किसी वित्तीय दबाव के अपने व्यवसाय की शुरुआत करने का आत्मविश्वास देगी। सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सौर ऊर्जा को ग्रामीण लघु उद्यमों से जोड़ने का निर्णय लिया है। यह कदम ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों पर निर्भरता को कम करेगा और छोटे-छोटे उद्योगों को बिना किसी रुकावट के संचालित करने में मदद करेगा।

### जैविक खेती से किसानों की आय में होगा इजाफा



**मुख्यमंत्री** ने किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए जैविक खेती को प्रोत्साहित करने की बात कही है। जैविक खेती से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि भूमि की उर्वरता और पर्यावरण की भी रक्षा होगी। यह पहल स्वस्थ और सुरक्षित भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित कर, समाज में एक बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा देगी। सरकार का यह प्रयास है कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। इन योजनाओं का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि एक ऐसे समाज की रचना करना है, जहां हर नागरिक को अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करने का अवसर मिले।

# हेरोइन के साथ कांस्टेबल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कुनिहार पुलिस ने एसडीआरएफ में कार्यरत पुलिस के एक कांस्टेबल सहित दो युवकों को चिट्टा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार रात्रि को जब पुलिस थाना कुनिहार की टीम गश्त पर थी, तो टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि सुबाथू की तरफ से एक मोटरसाइकिल आ रही है, जिस पर बैठे दो युवक चिट्टा/हेरोइन बेचते हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सनोगी नामक स्थान के समीप नाकाबंदी करके उक्त मोटरसाइकिल को रोककर युवकों की तलाशी ली तो उनसे 4.60 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। आरोपियों की पहचान अंकुश (28) कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी गांव नम्होल, तहसील अर्की, जिला सोलन व नितीश (28) पुत्र जय प्रकाश निवासी गांव टियुकरी तहसील अर्की, जिला सोलन के रूप में हुई है। पुलिस थाना कुनिहार में मामला पंजीकृत कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि आरोपी अंकुश कुमार शिमला में एसडीआरएफ में पुलिस कांस्टेबल नियुक्त है। मोटरसाइकिल को जब्त करके कब्जे में ले लिया है। मामले में जांच जारी है।

**कुनिहार पुलिस ने 4.60 ग्राम चिट्टा किया बरामद**

# बिहार एसआईआर मतदाता हितैषी : कोर्ट

## कहा-मतदाताओं से 11 में से कोई एक डॉक्यूमेंट ही मांगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में मतदाताओं से मांगे गए दस्तावेजों की संख्या 11 है, जबकि मतदाता सूची के सारांश पुनरीक्षण में 7 दस्तावेजों पर विचार किया जाता था। यह दर्शाता है कि यह मतदाता हितैषी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मतदाता के पास 11 दस्तावेजों का विकल्प है, जबकि पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में सात दस्तावेज मांगे गए



थे, इससे यह साफ दिखता है कि प्रक्रिया मतदाताओं के लिए अनुकूल है। इससे पहले न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनावी राज्य बिहार में विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के चुनाव आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। पीठ ने कहा कि मतदाताओं को सूची में शामिल 11 दस्तावेजों में से कोई एक जमा करना जरूरी था। (अनंत ज्ञान)

### प्रक्रिया सबको साथ लेकर चलने वाली

**पीठ** ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की इस दलील के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना अनुचित था, लेकिन अन्य दस्तावेजों के विकल्प भी दिए गए थे, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रक्रिया वास्तव में सबको साथ में लेकर चलने वाली है। पीठ ने कहा, 'राज्य में पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में दस्तावेजों की संख्या सात थी और एसआईआर में यह 11 है, जो दिखाता है कि यह मतदाता के लिए ठीक या उचित है। हम आपकी दलीलों को समझते हैं कि आधार को स्वीकार न करना ठीक नहीं है, लेकिन दस्तावेजों की अधिक संख्या वास्तव में समावेशात्मक है।'

# आवारा कुत्तों के मामले में फिर विचार करेंगे : गवई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने का आश्वासन दिया। कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी। सीजेआई ने जब मामले की सुनवाई पहले होने की बात कही तो, याचिकाकर्ता ने 2024 में जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि कुत्तों की बेहिसाब हत्या नहीं हो सकती। (अनंत ज्ञान)

### वकील ने सुप्रीम कोर्ट के बाहर डॉग लवर को पीटा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के बाहर वकील और डॉग लवर्स की मारपीट का वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक वकील डॉग लवर को 2 बार थप्पड़ मारता दिख रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वीडियो 11 अगस्त का है, इसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को हटाकर शेल्टर में रखने और उनकी वेकसिनेशन करने का निर्देश दिया था। इसके बाद डॉग लवर्स ने बड़ी संख्या में सुप्रीम कोर्ट के बाहर पहुंचकर प्रदर्शन किया था। इसी दौरान डॉग लवर और वकील के बीच कहासुनी हो गई और बात मारपीट तक पहुंच गई।

**कुपोषण** केंद्र और राज्य सरकारें कर रहीं भरपूर प्रयास, लेकिन नहीं हो रहा खास सुधार

# कुल्लू जिले में 89 बच्चे अति कुपोषित

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** भले ही कुपोषण को खत्म करने के लिए केंद्र से लेकर राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन कई अभियानों के बाद भी इसमें उतना सुधार नहीं हो रहा है, जितना की पिछले कई वर्षों से बखान किया जा रहा है। हर स्तर पर हालात ऐसे हैं कि संपन्न परिवार के बच्चे भी समस्या के प्रति गंभीर होने से कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। ऐसे ही हालात हिमाचल के कुल्लू जिले के भी हैं। जिले में 89 बच्चे गंभीर रूप से कुपोषण के शिकार हैं। इसके अलावा 434 बच्चे ऐसे हैं जिनका वजन सामान्य से कम है और वे आंशिक रूप से कुपोषित हैं। हालांकि जिले में शून्य से छह वर्ष के 30,000 बच्चों में से 29,777 बच्चे पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि जिले में 0 से छह वर्ष के 89 बच्चे इस समय गंभीर रूप से कुपोषित हैं और विभाग की ओर से इन बच्चों की मॉनिटरिंग की जाती है। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान बच्चे को बेहतर डाइट दी जाती है और इसके अलावा खाने पीने संबंधी अन्य चीजों का भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कुपोषण के शिकार बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और विभाग की ओर से लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है।

अनंत ज्ञान स्पैशल



- शून्य से 6 वर्ष के 434 बच्चे आंशिक रूप से कुपोषित
- 30,000 में से 29,777 बच्चे पूर्ण रूप से स्वस्थ

### कुपोषण के कारण

**विशेषज्ञों** के अनुसार, जिन बच्चों को पोषण युक्त आहार नहीं मिल पाता है वे अक्सर इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। मां का बच्चे को अपना दूध न पिलाना भी इसमें एक बड़ा कारण है। बच्चों के वजन में कमी, कमजोर रहना और लंबाई न बढ़ना मुख्य कारण है। ऐसे में यदि यह बीमारी अधिक बढ़ती है तो बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है।

### लक्षण

**कुपोषण** छह माह से तीन वर्ष के बीच के बच्चों में सर्वाधिक होता है। इसकी पहचान बच्चे को थकावट, कमजोरी, कब्ज, लंबाई नहीं बढ़ना, पेट व पैरों में सूजन रूखे और चमक रहित बाल, चमकहीन चेहना, शरीर की ग्रोथ नहीं होना, पेट विकृत रूप से बढ़ा होना, हाथ-पैर सामान्य से पतले होने और मांसपेसियां सिकुड़ जाना कुपोषण के लक्षणों में शामिल हैं।

### बच्चों को दें पौष्टिक आहार

**चिकित्सकों** के अनुसार, शिशुओं को मां का ही दूध पिलाएं और बच्चों के खाने-पीने पर हमेशा ध्यान दें, बच्चों को हमेशा मोटे छिलके के अनाज, हरी सब्जियां और पौष्टिक आहार ही दें। पांच साल से ऊपर के बच्चों को पूरी कैलोरी जरूरी होती है। बच्चे को दूध, अनाज से बना खाना देना चाहिए। बढ़ते बच्चों के लिए प्रोटीन बहुत जरूरी होता है, प्रोटीन से बच्चे की मांसपेशियों का विकास होता है। प्रोटीन से हड्डियां मजबूत होती हैं, इसके लिए बच्चे को पनीर, अंडा, मांस, मछली खिलाएं, खाने में विटामिन और मिनरल्स भी जरूरी होते हैं।

> **कुल्लू** अस्पताल में सरकार की ओर से पोषण सलाहकार तैनात की गई है। जिलेभर में कुपोषण के शिकार बच्चे को अस्पताल में पोषण सलाहकार द्वारा आहार संबंधी सभी जानकारियों के बारे में जागरूक किया जाता है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं और डिलीवरी के पश्चात शिशु व माताओं को कुपोषण से बचने बारे विभिन्न जानकारियों बारे अवगत करवा जा रहा है।
>
> -डॉ. नागराज पवार, सीएमओ, कुल्लू




## न्यूज ब्रीफ


### अवैध खनन पर कार्रवाई : 3 वाहनों के चालान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत आज अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों में वाहन संख्या एचपी 67ए-1142, एचपी 67-3895 व एचपी 67-5684 को जब्त करके चालान माननीय न्यायालय को प्रेषित कर दिए गए है। जिला हमीरपुर पुलिस अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है जो लगातार जारी रहेगी।

### इंस्पायर-मानक योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान द्वारा संचालित इंस्पायर-मानक योजना के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों से नवाचार व विज्ञान आधारित विचारों के आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच व नवाचार को बढ़ावा देना है। हमीरपुर जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी अपने मौलिक वैज्ञानिक विचार, मॉडल या प्रोजेक्ट प्रस्ताव के रूप में अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। चयनित विद्यार्थियों को जिला एवं राज्य स्तर की प्रदर्शनी में प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। एक स्कूल से अधिकतम पांच बाल वैज्ञानिक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित छात्रों को पुरस्कार के रूप में दस हजार रुपए की राशि विज्ञान मॉडल बनाने के लिए डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में आएगी। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने बताया कि विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए अपने विद्यालय के विज्ञान शिक्षक अथवा वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं। सभी इच्छुक विद्यार्थी इंस्पायर योजना का लाभ उठाएं।

### रूबल ने आपदा राहत कोष में सीएम को दिया चेक



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर कांग्रेस नेता एवं एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक रूबल ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आपदा राहत कोष में 31000 रुपए का चेक भेंट किया। ठाकुर ने कहा की यह एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं सहयोग का नतीजा है। एनएसयूआई के वॉलिंटियर्स हमेशा जब भी प्रदेश में किसी प्रकार की आपदा या फिर कुछ संकट आता है तो सरकार तथा आम जनमानस की सहायता करने के लिए तैयार रहते हैं।

### एमबीए के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के प्रबंधन विभाग (एमबीए) के तीसरे सेमेस्टर के 53 विद्यार्थियों ने एकदिवसीय औद्योगिक भ्रमण किया। प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने सोलन जिले के बद्दी में बिरला टेक्सटाइल्स और स्टीलबर्ड हेलमेट्स कंपनी का औद्योगिक दौरा किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कंपनी में बनने वाले हेलमेट की प्रक्रिया के बारे मे जाना। इससे पूर्व कंपनी की ओर से रमेश शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। औद्योगिक भ्रमण के दौरान लघु उद्योग एवं रोजगार संघ बद्दी के अध्यक्ष डॉ. रनेश राणा सहित डॉ. किशोर ठाकुर, डॉ. विकास और एचआर प्रबंधन डिंपल परमार ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। इस मौके पर तकनीकी विवि के प्राध्यापक डॉ. शुभम, देशराज और डॉ. अनामिका रांगड़ा भी उपस्थित रही। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार व प्रबंधन विभाग के समन्वयक डॉ. मनीष खन्ना ने विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण पर भेजने के लिए विवि प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### मिनी सधरियाण में सहायिका के लिए आवेदन 9 सितंबर तक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बाल विकास परियोजना भोरंज के अंतर्गत सधरियाण पंचायत के मिनी आंगनबाड़ी केंद्र मिनी सधरियाण को अपग्रेड करके आंगनबाड़ी केंद्र का दर्जा दिया गया है और अब इसमें आंगनबाड़ी सहायिका का एक पद भरा जाना है, जिसके लिए 9 सितंबर शाम पांच बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय भोरंज में सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सीडीपीओ रवि दत्त ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के लिए प्रार्थी को 11 सितंबर को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय भोरंज में मूल प्रमाण पत्रों सहित व्यक्तिगत रूप से स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होना होगा। इस संबंध में अलग से कोई बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। चयन प्रक्रिया संबंधी जानकारी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र और ग्राम पंचायत में भी उपलब्ध रहेगी। अधिक जानकारी के लिए सीडीपीओ कार्यालय भोरंज में संपर्क किया जा सकता है।

### भोरंज में घर-घर गूंजी गुग्गा जाहरवीर जी की कथा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विधानसभा क्षेत्र भोरंज के विभिन्न कस्बों और गांवों में इन दिनों गुग्गा जाहरवीर जी की कथा का भक्तिमय माहौल छाया हुआ है। हल्की-हल्की बारिश के बीच भी बाबा जी के चेलों के कदम थमे नहीं। श्रद्धा और विश्वास से परिपूर्ण भक्तजन घर-घर पहुंचकर गुग्गा जाहरवीर जी की अमर लोककथाएं सुना रहे हैं, जिनमें वीरता, धर्म और लोकआस्था की झलक मिलती है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार झंडे और छतर की विधिवत पूजा-अर्चना की। जगह-जगह लोगों ने आस्था के प्रतीक पीले झंडे फहराए और भक्तिमय वातावरण में लोकगीत भी गाए। आयोजन में सोमराज, योग राज, प्यार चंद, बलदेव कुमार, राज कुमार, जीत राम, लेख राज, देव राज, प्रेम चन, जगदीश चंद और अशोक कुमार ने कथा वाचन का दायित्व निभाया। गांव-गांव में गूंज रही इस कथा को सुनने के लिए महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि गुग्गा जाहरवीर जी को नाग देवता का अवतार माना जाता है, जो अपने भक्तों को सांपों के भय और विष से रक्षा करते हैं। हर वर्ष सावन-भादों के महीने में यह कथा सुनाना एक पुरानी परंपरा है, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी निभाया जा रहा है। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### डुडार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन 2 सितंबर तक

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाल विकास परियोजना बिझड़ी के अंतर्गत पंचायत बिझड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र डुडार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक पद भरा जाना है। इस पद के लिए पात्र महिलाओं से 2 सितंबर शाम पांच बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय बिझड़ी में सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सीडीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के लिए प्रार्थी को 5 सितंबर को सुबह साढ़े दस बजे एसडीएम कार्यालय बड़सर में मूल प्रमाण पत्रों सहित व्यक्तिगत रूप से स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होना होगा। अधिक जानकारी के लिए सीडीपीओ कार्यालय बिझड़ी में संपर्क किया जा सकता है।

### कल्लर जलाड़ी में एंटी रैगिंग पर प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई लॉ कालेज कल्लर जलाड़ी में एंटी रैगिंग दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीएएलएलबी व एलएलबी के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समन्वयक मिस स्वाती अग्निहोत्री और सुरिंद्र कुमार रहे। इस उपलक्ष्य पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य विजय कुमार ने रैगिंग के दुष्परिणाम, सजा, जुर्माना तथा कॉलेज प्रशासन की ओर से की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्रवाई के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक राजेश कपिल व समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### तकनीकी विवि : बीटेक की 132 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बुधवार को बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग शुरू हुई। दूसरे चरण की काउंसिलिंग के पहले दिन प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर ओबीसी व एससी की मुख्य श्रेणी के साथ उप श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई, जिसमें 132 अभ्यर्थियों को बीटेक की सीटें आवंटित की गईं। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गईं, उन्हें 20 अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी। 14 अगस्त को एसटी मुख्य श्रेणी, उपश्रेणी, ईडब्ल्यूएस सहित अन्य सामान्य वर्ग की उप श्रेणियां और 18 अगस्त को सामान्य श्रेणी, ऑल इंडिया कोटा और बेटी है अनमोल के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया है।

### वित्तीय साक्षरता के लिए पंचायतों में पहुंचे बैंक अधिकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सभी लोगों को विभिन्न बैंकों की ऋण योजनाओं और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित करके उनका वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए पहली जुलाई से आरंभ हुए तीन महीने के देशव्यापी अभियान के तहत बुधवार को पंचायत नाल्टी, चंगर, धनेड़, कलौहण, समीरपुर और लोहडर में विशेष बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता अभियान के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना है। इन बैठकों में जिला अग्रणी प्रबंधक टशी नमग्याल, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, संबंधित पंचायत प्रधान, पंजाब नेशनल बैंक की नाल्टी, धनेड़, सलौणी और समीरपुर की शाखाओं के प्रबंधक, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की भोटा शाखा के प्रबंधक और संबंधित ग्राम पंचायतों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## क्रशर पर पुलिस कार्रवाई पर विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी पर जमकर निकाला गुबार

# छवि खराब करने के लिए पुलिस ने रचा षड्यंत्र : आशीष

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** पुंग खड्ड के क्रशर पर बीते रोज हुई पुलिस की कार्रवाई पर हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा मुकम्मल तौर पर भड़क गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के कारण पुलिस ने भी बेवजह की गैरकानूनी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर डीजीपी और अन्य प्रमुख अधिकारियों को शिकायत भेज दी गई है ताकि एफआईआर दर्ज हो सके। यदि पुलिस ने इस मामले को लेकर विलंब किया तो मामला दर्ज करवाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा, क्योंकि यह सारा मामला बेवजह कब बनाया गया है, जिसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है क्योंकि डेढ़ साल से क्रशर बंद है।

पुलिस ने जिस क्रशर की बात की है, वह मेरे चाचा प्रवीण कुमार का है, लेकिन इस मामले को लेकर हमीरपुर के एएसपी ने जानबूझकर एकतरफा कार्रवाई की है। सीसीटीवी में सारी स्थिति ब्यां हो रही है। जब मशीनरी और वहां काम डेढ़ साल से बंद है, तो इसके लिए इलेक्ट्रिसिटी विभाग से भी रिपोर्ट ली जा सकती है कि कितनी बिजली खर्च हुई। खड़ी मशीनरी और पंचर टायरों वाले वाहनों को लेकर ही पुलिस ने षड्यंत्र रचा है, लेकिन मैं सरकार और पुलिस की ऐसे षड्यंत्रों से डरने वाला नहीं हूं और हिम्मत के साथ इनका सामना किया जाएगा।

बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी छवि को धूमिल करने के लिए षड्यंत्र के तहत राजनीति से प्रेरित यह कार्रवाई हमीरपुर पुलिस उपाधीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा की गई है। अपने पद का दुरुपयोग कर जिस तरह से हमीरपुर पुलिस उपाधीक्षक ने एक झूठी एफआईआर उनके परिवार सदस्य के ऊपर दर्ज करवाई है।

इसके खिलाफ डीजीपी, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, उपायुक्त हमीरपुर और थाना प्रभारी सुजानपुर को लिखित में शिकायत दी है। अगर पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती है तो माननीय अदालत का दरवाजा खटखटाया जाएगा। अपने आकाओं को खुश करने के लिए पुलिस अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ मामला दर्ज करने के मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि सच को दबाया नहीं जा सकता है। राजनीतिक दबाव में आपने झूठी कार्रवाई तो कर दी है, लेकिन हमीरपुर की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से मैं और मेरा परिवार ऐसी झूठी एफआईआर से घबराने वाले नहीं हैं।

शंकर महादेव और क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद के साथ इन झूठे एवं भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ पूरे दमखम से लड़ा जाएगा।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते विधायक आशीष शर्मा, साथ हैं अन्य

### आकाओं को खुश करने के लिए की कार्रवाई

उन्होंने कहा कि क्रशर पर जाकर वहां की संपत्ति के साथ छेड़छाड़ व लूट की गई है। तथ्यों को मिटाने के लिए सीसीटीवी की हार्ड ड्राइव भी लूट के ले गए हैं। डीपीआरओ के माध्यम से जो विज्ञप्ति जारी की गई, उसमें कहा गया है कि चार टिप्पर, एक पोकलेन, दो जेसीबी एवं मिक्सर जब्त किया गया है, जबकि सीसीटीवी में साफ तौर पर दिख रहा है कि ये सभी वाहन खड़े हैं। क्रशर पर सिर्फ दो कर्मचारी हैं। ऐसे में वहां क्या अवैध खनन होगा? जो मटेरियल क्रशर पर मौजूद है, वह पहले से वहां पर पड़ा है, जिसका ब्यौरा खनन विभाग के पास है, लेकिन अधिकारियों ने आकाओं को खुश करने के लिए यह कार्रवाई की जो बिलकुल झूठी है।

उन्होंने कहा कि बीते डेढ़ साल से सत्ताधारी उनके ऊपर झूठी एफआईआर के दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे उनकी इन कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं। आरोप लगाकर यह सत्ताधारी केवल जनता को गुमराह करने के लिए यह षड्यंत्र रच रहे हैं, जबकि एक भी सबूत आज तक नहीं ला पाए हैं, लाएंगे भी कहां से क्योंकि ऐसा कुछ है नहीं। वह जनसेवा के लिए राजनीति में आए हैं लेकिन यह लोग राजनीति में अपना घटिया स्तर जनता के समक्ष रख रहे हैं।

## 15 को सुजानपुर व बमसन में वीरों व स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के दोनों मंडलों सुजानपुर टीहरा और बमसन टोनी देवी द्वारा संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम 15 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम लग कड़ियार पंचायत के कड़ियार स्थित अंबेडकर भवन में सुबह 10.30 बजे आरंभ होगा। बमसन-टौणी देवी मंडल के अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा और सुजानपुर मंडल के अध्यक्ष जसवंत ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेंद्र राणा होंगे।

इस अवसर पर 1965 और 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के परिजनों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को भी कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की सेवा में योगदान देने वाले वीरों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## बाइक अनियंत्रित होने से दो युवक गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, भोटा।** बुधवार को करीब 9 बजे के आसपास कैहड़रु के पास एक बाइक अनियंत्रित हो गई, जिसमें दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार दो बाइक सवार युवक बद्दी से हमीरपुर की तरफ आ रहे थे। अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई।

पहले बाइक ने खड़ी ऑल्टो कार को टक्कर मारी और उसके बाद सीधे एक घर के लेंटल पर पहुंच गई। इस दौरान दोनों युवकों को गंभीर चोटें पहुंची हैं। घायल युवकों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है, जहां पर युवकों का इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस मौके पर पहुंच गई है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



## धनेटा में निजी वाहन ढो रहे सवारियां टैक्सी ऑपरेटर बोले-की जाए कार्रवाई



सवारियां ढोने वालों के खिलाफ पुलिस चौकी प्रभारी धनेटा को ज्ञापन सौंपते टैक्सी ऑपरेटर।

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन के कस्बा धनेटा में निजी वाहन सवालियां ढो रहे हैं जिससे टैक्सी ऑपरेटर परेशान हैं। उनका कारोबार चौपट होकर रह गया है, जिस वजह से उन्हें लोन पर ली गई टैक्सियों की जहां किस्त निकालना मुश्किल हो रही है, वहीं अपने परिवार का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है।

बुधवार को धनेटा कस्वा के टैक्सी ऑपरेटरों ने बैठक की तथा पुलिस प्रशासन से इन निजी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाने की मांग की। उनका कहना है कि निजी वाहनों द्वारा सवारियां ढोने से जहां टैक्सी ऑपरेटरों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं सरकार को भी टैक्स का चूना लग रहा है।

बैठक के बाद टैक्सी अप्रेटर्स का एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस चौकी प्रभारी प्रेम पठानिया से मिला तथा उन्हें इस संदर्भ में ज्ञापन सौंपकर नियमों की अवेहलना कर रहे निजी वाहनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया। पठानिया ने प्रतिनिधिमंडल को कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

## रैगिंग करने वाले छात्र को हो सकती है जेल : गर्ग

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/धनेटा**

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में 12 से 18 अगस्त तक मनाए जा रहे एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। एंटी रैगिंग सप्ताह के पहले दिन संस्थान में 12 अगस्त को एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया, जिसमें हमीरपुर जिले के एडीसी एवं आईएचएम के प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभिषेक गर्ग ने कहा कि रैगिंग एक ऐसी कुप्रथा है, जिसने देश भर के शिक्षण संस्थानों में कई युवा छात्रों की जान ली है और कई युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने बताया कि रैगिंग रोकने के लिए भारत में एक बहुत ही कड़ा कानून बनाया गया है।

इसमें रैगिंग के दोषी विद्यार्थी या अन्य व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार किया जा सकता है और उसे तीन साल तक की सजा व जुर्माना हो सकता है। इस अवसर पर संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने भी प्रशिक्षुओं को रैगिंग के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया तथा संस्थान में किए गए विभिन्न प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, राजकीय महाविद्यालय धनेटा में आजादी के 79वें वर्ष के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता साप्ताहिक समारोह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, 12 अगस्त को इस अवसर पर एंटी रैगिंग विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ज्ञानचंद राणा, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय धनेटा जिला हमीरपुर में शिरकत की।



आईएचएम में विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा छात्रों को जानकारी देते हुए।

### रैगिंग विरोधी व अनुशासन के विषय बताए

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में रैगिंग विरोधी एवं अनुशासन जागरूकता सप्ताह का आगाज बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विभा ठाकुर ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छात्रों को रैगिंग विरोधी एवं अनुशासन से संबंधित विषयों की जानकारी दी और हर घर तिरंगा मुहिम में सक्रियता से भाग लेने एवं नशे से दूर रहने के लिए शपथ भी दिलाई। इसके उपरांत एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई के 150 छात्र-छात्राओं ने रैगिंग विरोधी एवं नशा मुक्तिकरण जागरूकता रैली निकाली। वर्तमान में रैगिंग मामलों की संख्या में कमी दर्ज करने के लिए रैगिंग विरोधी कार्यक्रमों का आयोजन एक सप्ताह तक देश के विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ जितेंद्र ठाकुर जी ने रैगिंग के निजी अनुभव छात्रों में सांझा किए तथा जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की।

## मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, सर्विस इंजीनियर और अन्य पदों के साक्षात्कार 18 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

स्थानीय प्राइवेट कंपनी मैसर्स विमांशु एलिवेटर एंड एस्केलेटर हमीरपुर में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के 5 पद, इंस्टॉलेशन एग्जीक्यूटिव के 3, सर्विस इंजीनियर के 5 और महिला अकाउंटेंट का एक पद भरा जाएगा। इनके अलावा वर्क फ्रॉम होम कार्यालय कार्य हेतु भी एक महिला कर्मचारी की नियुक्ति की जाएगी। इन पदों को भरने के लिए 18 अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे।

जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए आवेदक एमबीए होना चाहिए। इंस्टॉलेशन एग्जीक्यूटिव के लिए आवेदक स्नातक और सर्विस इंजीनियर के लिए बारहवीं पास या किसी भी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक होना चाहिए। इन तीनों श्रेणियों के पदों के लिए 20 से 30 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे और चयनित उम्मीदवारों को 14 हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा। महिला अकाउंटेंट के पद के लिए तीन वर्ष का अनुभव और कंप्यूटर का ज्ञान रखने वाली स्नातकोत्तर उम्मीदवार पात्र होंगी। चयनित महिला को बारह हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा। इसके लिए आयु सीमा 20 से 35 वर्ष तक रखी गई है।

वर्क फ्रॉम होम महिला कर्मचारी के लिए भी यही शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा एवं वेतन निर्धारित किया गया है, लेकिन, वह स्नातकोत्तर के साथ-साथ तीन वर्षीय कंप्यूटर कोर्स धारक भी होनी चाहिए तथा उसके पास अपना लैपटॉप होना चाहिए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत पात्र उम्मीदवार हिमाचली स्थायी निवासी प्रमाण पत्र और अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

## जिलेभर में अधिकारियों-कर्मचारियों व छात्रों ने ली नशे के खिलाफ ली शपथ

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर / बड़सर/भोरंज**

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को सुबह लगभग 11 बजे हमीरपुर जिले में भी सभी कार्यालयों और संस्थानों में नशा विरोधी शपथ ली गई। उपायुक्त कार्यालय परिसर हमीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में एडीसी अभिषेक गर्ग ने अधिकारियों और कर्मचारियों को नशे के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करने तथा अपने परिवार, मित्रों, समुदाय, जिले, राज्य और राष्ट्र को नशा मुक्त बनाने के लिए अपना सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई।

एडीसी ने बताया कि जिला में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्ट जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के माध्यम से वेब पोर्टल पर अपलोड की जा रही हैं। उन्होंने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे जिला को नशे से मुक्त बनाने के लिए अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर सहायक आयुक्त राजीव ठाकुर, एसडीएम संजीत सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और मिनी सचिवालय के कर्मचारी भी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अन्य सभी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, जिला के पांचों उपमंडलों के कार्यालयों एवं संस्थानों में भी नशा विरोधी शपथ ली गई।

वहीं, कृषि उपनिदेशक कार्यालय परिसर हमीरपुर में भी नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्री के नेतृत्व में उपनिदेशक कार्यालय, मृदा परीक्षण अधिकारी कार्यालय, भू-संरक्षण अधिकारी कार्यालय और आतमा परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने परिवार, मित्रों, समुदाय और जिला हमीरपुर को नशा मुक्त बनाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करने की शपथ ली।

**बड़सर में एसडीएम राजेंद्र ने दिलाई शपथ :** बड़सर उपमंडल मुख्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ ली। इस अवसर पर एसडीएम कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में एसडीएम राजेंद्र गौतम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को नशा मुक्त भारत अभियान में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई।

**भोरंज में भी अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली नशा मुक्ति की शपथ :** मिनी सचिवालय भोरंज में एसडीएम शशि पाल शर्मा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को नशा मुक्ति के पक्ष में जन जागरूकता विकसित करने और अपने देश को नशा मुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देश के सभी जिलों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करना है।



एडीसी अभिषेक गर्ग नशे के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करने की शपथ दिलाते हुए।

### एसडीएम ने भारत को नशा मुक्त बनाने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नादौन के एसडीएम राकेश शर्मा ने भारत को नशा मुक्त बनाने की कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर एसडीएम सहित सभी कर्मचारियों ने न केवल हमारे समुदाय, परिवार,दोस्त एवं खुद को नशामुक्त बनाने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर एसडीएम राकेश शर्मा ने कहा कि परिवर्तन अपने भीतर से शुरू होता है। इसलिए आज सभी ने मिलकर अपने उपमंडल व जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया।

**निर्देश** मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद पेंशनरों को मिला आश्वासन, बोले-

## बोर्ड प्रबंधन जल्द करे मांगों का समाधान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला हमीरपुर की द्विमासिक बैठक बड़सर में ई. प्रीतम चंद सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी रहा, साथ ही पेंशनरों की समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई, जिसका पिछले लंबे समय से समाधान नहीं हो रहा था।

कई महीनों से बोर्ड के कर्मचारियों, इंजीनियर व पेंशनरों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत है, लेकिन इसका कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा। मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद पेंशनरों को आस बंधी है, क्योंकि पेंशनर बोर्ड प्रबंधन से आग्रह कर रहे हैं कि उनके वित्तीय लाभ जो नहीं दिए जा रहे हैं, उन्हें दिए जाएं। एसोसिएशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएस ढटवालिया ने मुख्यमंत्री के साथ 12 अगस्त को हुई वार्ता के बारे में सदस्यों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा सौहार्दपूर्ण एवं आत्मीयता से ज्वाइंट एक्शन कमेटी की सभी मांगों को सुना और सभी मांगों का समाधान करने के बोर्ड में मैनेजमेंट को आदेश दिए।

मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि बोर्ड प्रबंधक समय-समय पर कर्मचारियों और पेंशनरों की समस्याओं को वार्ता द्वारा सुलझाए। उन्होंने बोर्ड प्रबंधकों से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों की शीघ्र अनुपालना करके उनकी समस्याओं का निराकरण करें। विशेषतः बोर्ड के पेंशनरों की लंबित लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन तथा एरियर का भुगतान शीघ्र किया जाए।

बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएस ढटवालिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएस चंदेल, जिला उपप्रधान ओपी चंदेल व राम आसरा शर्मा, महासचिव लाल चंद परमार, मुख्य संगठन सचिव एके कतना, वित्त सचिव अशोक शर्मा व सुनील शर्मा, संयुक्त सचिव चंद्रसेन, उप महासचिव कमलेश शर्मा सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे।



हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशनर वेलफेयर की बैठक में मौजूद पेंशनर्स।

## भाजपा ढटवाल मंडल ने दिया राष्ट्र प्रेम का संदेश

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** आजादी के अमृतकाल के अवसर पर भाजपा ढटवाल मंडल के तत्वावधान में निकाली गई। भव्य तिरंगा यात्रा ने पूरे क्षेत्र में राष्ट्र प्रेम और संगठन की एकजुटता का अद्वितीय संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे,, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़सर विधानसभा के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने की। सुबह से ही ढटवाल क्षेत्र तिरंगे के रंग में रंग गया। गांव-गांव से आए कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिला मोर्चा और वरिष्ठ नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में भाग लिया। 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम', 'जय श्री राम' और 'मोदी है तो मुमकिन है' के नारों से वातावरण गूंज उठा।

इस दौरान विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाएं और प्रदेश सरकार की विफलताओं को घर-घर तक उजागर करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक 'विकसित भारत - आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को अपनाने का आह्वान किया और कहा कि उत्तर प्रदेश व हिमाचल जैसे राज्यों को विकसित बनाने में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

वहीं, मुख्य अतिथि राकेश ठाकुर ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत मां, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के नेतृत्व में ईमानदारी और आपसी एकजुटता के साथ काम करें, निजी मतभेदों को भुलाकर पार्टी को मजबूत बनाएं। जो लोग समाज, जाति, धर्म, भाषा के नाम पर बांटने की कोशिश करते हैं, उन्हें बेनकाब करना ही भाजपा कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। तिरंगा यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और मंडल के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे। विशेष रूप से जिला महामंत्री अजय रिंटू, राजेश सहगल, जिला उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल, बड़सर मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव शर्मा, पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रेम दत्याल, यशपाल ठाकुर, महिला मोर्चा व अन्य कार्यकर्ता सुनीता ठाकुर, कमलेश ढिल्लो, मंजू ढिल्लो, कांता शर्मा, अशोक पटियाल, दलजीत राणा, विकास पटियाल, राकेश भाना, किरण वाला तिरंगा थामकर यात्रा में भाग लिया।




भाजपा ढटवाल मंडल की तिरंगा यात्रा में सभी ने एकजुटता से भाग लिया।

# हिमाचल के बागानों में डिजिटल मंडी की गूंज!

## सेब की महक में घुली तकनीक, छोटे बागवानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**शिमला।** अगस्त की हल्की ठंडक और पहाड़ी हवाओं के बीच रामपुर के बिथल क्षेत्र में इस बार सेब के बाग केवल रंग और रस से नहीं, बल्कि एक नई व्यवस्था के भरोसे से भी भर गए हैं। कुछ दिन पहले अडानी एग्री-फ्रेश द्वारा शुरू किया गया डिजिटल सेब बाजार अब बागवनों की दिनचर्या में उतर चुका है, और इसके असर की खुशबू दूर-दूर तक फैलने लगी है।

पहाड़ के इन बागवानों के लिए यह केवल लेन-देन का मंच नहीं, बल्कि मेहनत की उपज का सही मूल्य दिलाने वाला एक भरोसेमंद साथी बन गया है। अब बागवान अपने सेब की किस्मत किसी बिचौलिए के हाथ में नहीं, बल्कि पारदर्शी नीलामी और त्वरित भुगतान की प्रणाली में सौंपते हैं।

एक स्थानीय बागवान की आंखों में चमक थी, जब उसने बताया कि उसका सेब 2,200 रुपए प्रति क्रेट बिका, इतना अच्छा भाव पहले कभी नहीं मिला। वरिष्ठ बागवान हरिचंद रोच कहते हैं कि जब दस बागवानों का सेब एक ही बैच में जाता है, तो उसका रंग, आकार और ग्रेडिंग एक जैसी होती है। पैकिंग अडानी ब्रांड के तहत होती है, जिससे खरीदार का भरोसा और हमारी कीमत दोनों पक्की हो जाती हैं। अब बागवान यह भी चुन सकते हैं कि फसल को तुरंत बेचना है या उसे स्टोर कर समय आने पर बाजार में उतारना है।

### तकनीक-पारदर्शिता का संगम

**अडानी** एग्री-फ्रेश लिमिटेड के बिजनेस हेड मनीष अग्रवाल बताते हैं कि हम पिछले दो दशकों से कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर स्टोरेज चला रहे हैं, पर पारंपरिक मंडियों में पारदर्शिता की कमी रहती थी। इस डिजिटल प्रणाली में हर कदम अनलोडिंग, ग्रेडिंग, नीलामी और भुगतान एसएमएस के जरिए ट्रैक होता है। खरीदार मोबाइल ऐप पर सेब का रंग, दबाव जांच और तस्वीर देख सकता है। छुपा हुआ कोई शुल्क नहीं है, केवल स्पष्ट पैकिंग चार्ज।

### सेब की धरती में नई संभावनाएं

**हिमाचल** की 11 लाख हेक्टेयर खेती योग्य भूमि में से 1 लाख हेक्टेयर पर केवल सेब के बाग फैले हैं। हर साल करीब 5.5 लाख मीट्रिक टन सेब राज्य को 5,500 करोड़ रुपए की आमदनी देता है। अब तक अडानी एग्री-फ्रेश इस उत्पादन का 8 प्रतिशत खरीदता था, लेकिन डिजिटल मंडी के बाद यह हिस्सा और बढ़ने की उम्मीद है।

## राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए आरोपों पर भाजपा सांसद का पलटवार

# चुनाव आयोग पर झूठे आरोप लगा रही कांग्रेस : अनुराग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी के नेतृत्व में 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड है तो वह राहुल गांधी हैं। पार्टी के अंदर भी राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठते हैं। जब वह चुनाव हारते हैं तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं या मतदाताओं को दोषी ठहराते हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर बुधवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले कहा कि भाजपा के लिए ईवीएम में हेराफेरी की गई है। फिर उन्होंने कहा कि ईवीएम पर प्रतिबंध लगाओ, मतपत्र वापस लाओ। फिर उन्होंने कहा कि ईवीएम को रिमोट से हैक किया जा सकता है। कांग्रेस हर हार के बाद नए बहाने ढूंढती रही। कांग्रेस ने आत्मचिंतन नहीं किया, बल्कि बार-बार ईवीएम, चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं को दोष देती रही। बिहार चुनाव हारते देखकर कांग्रेस पहले ही विपक्षी दलों के साथ मिलकर झूठे आरोप लगाने में जुट गई है।

अनुराग ने कहा कि वर्ष 1952 से अगर हम शुरुआत करें तो कांग्रेस और सीपीआई ने मिलकर संविधान निर्माता, एक संत जैसे नेता डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव हरवाया।

- अपने घुसपैठिए वोट बैंक को बचाने के लिए हो रहा एसआईआर का विरोध
- राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के पास 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड



चुनावी भ्रष्टाचार की नींव कांग्रेस ने पहले चुनाव 1952 में ही रख दी थी। आप रिकॉर्ड चेक कीजिए, 74,333 वोट खारिज किए गए जबकि आंबेडकर मात्र 14,561 वोट से हारे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो संविधान निर्माता, एक दलित नेता को पहले चुनाव में ही निपटाने का काम किया।

आप कल्पना कीजिए, जिन्होंने संविधान बनाया था, उसी को कांग्रेस परिवार ने चुनाव में धांधली कर हरा दिया। इस परिवार और पार्टी का शुरू से चलन रहा है कि चुनाव हारते हो तो चुनाव आयोग पर मतदाताओं पर या चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दो। इंदिरा गांधी ने तो कहा था, मतदाता मूर्खों का टोला हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जब चुनाव हारे तो उन्होंने बैलेट पेपर पर ठीकरा फोड़ दिया। राहुल गांधी के पिता जी कहते थे कि वोटिंग मशीन से चुनाव करवाओ और राहुल गांधी कहते हैं कि बैलेट पेपर से चुनाव करवाओ।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि 5 बजे के बाद बहुत वोट बढ़ गए थे। 5 बजे से पहले 58 लाख वोट प्रतिघंटा पड़े थे और 5 बजे के बाद 32.5 लाख वोट प्रतिघंटा पड़े थे। तो ये स्पष्ट है कि राहुल गांधी के आंकड़े भी झूठे हैं और वो भी झूठे हैं। नए मतदाताओं के जुड़ने के बारे में राहुल गांधी का झूठ साफ उजागर हो गया है। उन्होंने दावा किया कि नए मतदाताओं की संख्या में असामान्य वृद्धि हुई है, लेकिन 2004 में मतदाताओं की संख्या में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और 2009 में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। दोनों ही बार कांग्रेस सत्ता में थी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल अपने घुसपैठिए वोट बैंक तक ही सीमित रहना चाहती है। उन्होंने स्लाइड दिखते हुए कहा कि पांच पैटर्न ऐसे हैं जिनसे स्पष्ट दिखता है कि घुसपैठियों के वोट बैंक में डुप्लीकेट वोट, फेक एड्रेस, फेक रिलेटिव, गलत उम्र और बड़ी संख्या में वोटर जोड़ने जैसे खेल खेले गए हैं। 2014 में यह वृद्धि 3.4 प्रतिशत, 2019 में 1.3 प्रतिशत और 2024 में 4.4 प्रतिशत थी। तो सवाल उठता है कि क्या उस समय चुनाव में धांधली हो रही थी?

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत 2,28,422 प्रतिभागी प्रशिक्षित : बघेल


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 2,28,422 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह जानकारी केंद्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को संसद में दी।

उन्होंने बताया कि नई केंद्रीय प्रायोजित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 तक कुल 5911 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसमें से केंद्र सरकार 3700 करोड़ और राज्य सरकारें 2211 करोड़ रुपए खर्च करेंगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों में फंडिंग 60:40 के अनुपात से की जाएगी, लेकिन उत्तर पूर्वी राज्यों और जम्मू कश्मीर में फंडिंग 90:10 के अनुपात से की जाएगी, जबकि केंद्र शाषित राज्यों को 100 प्रतिशत अनुदान राशि प्रदान की जाएगी।

# रेल परियोजनाओं में हिमाचल सरकार का पूर्ण सहयोग, केंद्र निभाए अपनी जिम्मेदारी

## डिप्टी सीएम बोले-रेल परियोजनाएं पर्यटन और विकास के लिए जरूरी, कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएं जल्द हों पूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को हिमाचल में चल रही रेल परियोजनाओं को लेकर विपक्ष की 'तथ्यहीन' बयानबाजी पर कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार इन परियोजनाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार को हर स्तर पर पूरा सहयोग दे रही है और अब केंद्र को अपनी जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का यह आरोप पूरी तरह से निराधार और भ्रामक है कि राज्य सरकार सहयोग नहीं कर रही।

अग्निहोत्री ने जोर देकर कहा कि रेल परियोजनाएं हिमाचल के आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ये न केवल राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ेंगी, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक दृष्टि से भी अहम हैं। हिमाचल जैसे पहाड़ी और विशेष श्रेणी के राज्य के लिए रेल संपर्क, सड़क और हवाई संपर्क की तरह ही महत्वपूर्ण है।

### केंद्र सरकार परियोजना की पूरी लागत करे वहन

अग्निहोत्री ने कहा कि रेल परियोजनाएं संपूर्ण राष्ट्र के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। चूंकि, हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां अन्य राज्यों से भिन्न हैं और यहां के आय संसाधन भी सीमित हैं, इसलिए केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह इन परियोजनाओं की पूरी लागत स्वयं वहन करे। उन्होंने विपक्ष से तथ्यों की पुष्टि किए बिना बयानबाजी न करने का आग्रह किया। उन्होंने दोहराया कि हिमाचल सरकार केंद्र के साथ मिलकर प्रदेश में रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### प्रमुख परियोजनाओं में राज्य सरकार का योगदान

**उपमुख्यमंत्री** ने बताया कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी, चंडीगढ़-बद्दी और नंगल-तलवाड़ा जैसी परियोजनाएं समय पर पूरी हों। उन्होंने इन परियोजनाओं में राज्य सरकार द्वारा दिए गए सहयोग का विस्तृत ब्यौरा दिया। भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेललाइन के लिए राज्य सरकार ने अब तक 847 करोड़ का योगदान दिया है। परियोजना में देरी के कारण इसकी लागत 6.45 गुना बढ़कर 6,753.42 करोड़ हो गई है, जिससे राज्य का हिस्सा बढ़कर 2,583.01 करोड़ रुपए हो गया है। इस लाइन के 31 दिसंबर, 2027 तक बिलासपुर तक पूरा होने की उम्मीद है। वहीं, 1,540.113 करोड़ की चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन परियोजना में राज्य सरकार की हिस्सेदारी 363.50 करोड़ रुपए है, जिसमें से 223.75 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इसका लक्ष्य 30 अप्रैल, 2026 तक पूरा करना है। इसके अलावा, नंगल-तलवाड़ा रेल लाइन की पूरी लागत केंद्र सरकार वहन कर रही है, जिसमें राज्य सरकार ने सहयोगी की भूमिका निभाई है और इसका अधिकांश हिस्सा पूरा हो चुका है।

## बरवाल बने हिमफेड बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश सेवा दल यंग ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस नेता सचिन बरवाल को प्रदेश सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उन्हें हिमफेड के निदेशक मंडल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का सदस्य नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। यह नियुक्ति उनके जन्मदिन के दो दिन बाद उन्हें एक विशेष तोहफे के रूप में मिली है। लडभड़ोल तहसील के तुल्लाह गांव निवासी बरवाल लंबे समय से शिमला में रहकर सक्रिय राजनीति में कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति को क्षेत्र के युवाओं के सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हिमफेड को और मजबूत करने, किसानों-बागवानों के हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## नशामुक्त हिमाचल की ओर एक बड़ा कदम

# नशे के खिलाफ हिमाचल सरकार सख्त : स्वास्थ्य मंत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



स्वास्थ्य मंत्री शांडिल नशे पर एक आवश्यक बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

हिमाचल प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बुधवार को शिमला में 'नशामुक्त भारत अभियान' के तहत एक सामूहिक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में युवाओं, अधिकारियों और कर्मचारियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को सही दिशा देना है।

शांडिल ने कहा कि युवा हमारे प्रदेश और देश का भविष्य हैं और एक समृद्ध राष्ट्र की कल्पना केवल ऊर्जावान युवाओं से ही संभव है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से युवा पीढ़ी में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिसके कारण नशा निवारण और पुनर्वास के साथ-साथ उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार नशे के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने विधानसभा में दो विधेयक पारित किए हैं, जिनमें नशा तस्करों को मृत्युदंड, आजीवन कारावास और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। अब तक 44 कुख्यात तस्करों को हिरासत में लिया गया है और उनकी 42 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति जब्त की गई है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में पिछले वर्ष इस अभियान के तहत 5.75 लाख से अधिक लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी युवाओं, महिलाओं और अधिकारियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और नशे के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर के कोटला बड़ोग में 100 बिस्तर वाला एक उत्कृष्ट नशामुक्ति केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए 5.34 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि यह अभियान अगस्त के पूरे महीने में चलेगा। नशे पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने एक स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया है और 13 पुलिस थानों को अधिसूचित किया है। इसके अलावा, पंचायत स्तर पर भी नशामुक्त अभियान सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। युवाओं की काउंसलिंग के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में 108 नए दिशा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# पिस्तौल दिखाकर किया विवाहिता का अपहरण

ऊषा जरियाल, अनंत ज्ञान

**जवाली।** जिला कांगड़ा के जवाली उपमंडल के बसंतपुर के नजदीक बुधवार को एक हैरतअंगेज घटना सामने आई है। यहां गुज्जर समुदाय की एक विवाहित महिला को पिस्तौल दिखाकर अगवा कर लिया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मुश्तैदी दिखाते हुए पांच मिनट के भीतर ही महिला को अपहरणकर्ताओं के चुंगल से छुड़वा लिया।

डीएसपी जवाली बीरी सिंह राठौर ने बताया कि पुलिस थाना जवाली के अधीन हार गांव के पास गुज्जर समुदाय के लोग महिलाओं सहित ट्रैक्टर के माध्यम से मिरथल अपने घर वापस जा रहे थे। इनमें से एक महिला को जेके नंबर गाड़ी में सवार लोग पिस्तौल दिखाकर अगवा कर ले गए। महिला के भाई द्वारा इसकी शिकायत पुलिस थाना जवाली में की गई, जिस पर पुलिस टीम ने तुरंत पीछा करने की कोशिश की तथा सभी नाकों को सील कर दिया गया। तेजी से जा रही गाड़ी को कंडवाल चौकी के इंचार्ज नीरज ने देखा तो अपहरणकर्ताओं ने पुलिस पर पत्थरों से वार किया, लेकिन जब पूरी पुलिस टीम ने पीछा किया तो अपहरणकर्ता महिला और गाड़ी को छोड़कर जंगल की तरफ भाग गए।

**पुलिस ने दिखाई मुश्तैदी, पांच मिनट में छुड़ाई महिला**

घटना के 5 मिनट के अंदर ही पुलिस ने कंडवाल चौकी नाके के साथ लगते ओद्ध बैरियर के साथ लगती खड्ड से महिला को बरामद करने में सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि महिला को नूरपुर अस्पताल में ले जाकर मेडिकल जांच की जा रही है। बता दें कि महिला का चार साल का एक बच्चा भी है।

## सैहब सोसायटी के कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 25 से

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** सैहब सोसायटी वर्कर्स यूनियन (संबंधित सीटू) ने नगर निगम शिमला के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन शुरू करने का फैसला किया है। कालीबाड़ी हॉल में हुई एक आमसभा में सैहब सोसायटी के गार्बेज कलेक्टरों, सुपरवाइजरों और रोड स्वीपिंग स्टाफ सहित सैकड़ों कर्मियों ने 25 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। यूनियन का कहना है कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक उनकी सभी मांगों का समाधान नहीं हो जाता। उन्होंने नगर निगम प्रशासन पर मजदूर विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए निर्णायक संघर्ष का बिगुल बजा दिया है। इस आमसभा में सीटू के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा और जिला सचिव रमाकांत मिश्रा आदि सैकड़ों कर्मी शामिल रहे।

विजेंद्र मेहरा और जसवंत सिंह आदि ने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में कर्मचारियों का नियमितीकरण, आउटसोर्स प्रथा को समाप्त करना और नियमित कर्मियों के बराबर वेतन देना शामिल है। उन्होंने नगर निगम द्वारा घरों की मैपिंग के लिए प्रस्तावित 2.5 करोड़ रुपए की क्यूआर कोड स्कैनिंग योजना का भी कड़ा विरोध किया। कर्मचारियों ने अपनी आर्थिक और मानसिक शोषण का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें 15वें भारतीय श्रम सम्मेलन और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार 26,000 मासिक वेतन दिया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर सैहब एजीएम बैठक में इन मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो आंदोलन और भी उग्र हो सकता है।

# हिमाचल में अवैध खनन पर उद्योग विभाग ने कसा शिकंजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए उद्योग विभाग ने एक ठोस और रणनीतिक अभियान चलाया है। निदेशक उद्योग डॉ. यूनुस ने बताया कि विभाग ने न केवल खनिज संसाधनों के अनियमित दोहन को रोकने पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन, जल स्रोतों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। विभाग की भौमकीय शाखा इन प्रयासों का नेतृत्व कर रही है, जो वैज्ञानिक प्रबंधन और सख्त निगरानी के लिए विशेष रूप से गठित की गई है। इस अभियान का उद्देश्य खनन अनुशासन को नई दिशा देना और अवैध गतिविधियों में कमी लाना है।

**चार माह में 900 से अधिक निरीक्षण 44 लाख से ज्यादा का जुर्माना**

अप्रैल से जुलाई 2025 के बीच, उद्योग विभाग के फील्ड स्टाफ ने राज्यभर में 900 से अधिक निरीक्षण किए। इन निरीक्षणों में विशेष रूप से खनन-संवेदनशील क्षेत्रों को लक्षित किया गया। विभाग को नागरिक शिकायत सेल के माध्यम से मिली सूचनाओं के आधार पर भी कई जगहों पर कार्रवाई की गई।

इन अभियानों में स्थानीय पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित की गई, जिससे कार्रवाई और भी प्रभावी हो गई।

इस अभियान के तहत विभाग ने कुल 895 अवैध खनन मामले दर्ज किए हैं। इन मामलों में 44,31,500 से अधिक का जुर्माना लगाया गया, जिससे न केवल राज्य के राजस्व की हानि रुकी, बल्कि अवैध गतिविधियों पर भी रोक लगी। कई मामलों में दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

इसके अतिरिक्त, अवैध खनन वाले स्थलों को तुरंत बंद कर दिया गया है, जिससे इन क्षेत्रों में भविष्य में ऐसी गतिविधियों की संभावना पूरी तरह से समाप्त हो गई हैं। डॉ. यूनुस ने इस बात पर जोर दिया कि खनिज संरक्षण एक सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे प्रशासन और जनता दोनों को मिलकर निभाना है।

**समस्या** | बिलासपुर शहर में नगर परिषद प्रांगण में हर दिन ऊंचा होता जा रहा कूड़े का पहाड़

# आखिर कब जागेंगे जिम्मेदार? लोगों के भविष्य पर 'कचरे का पहाड़'

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** शहर की धड़कनों के बीच सड़ रहा है एक जहर का पहाड़ जिसकी बदबू अब सिर्फ हवा में नहीं, बल्कि लोगों की सांसों में उतर रही है। बच्चे खांसते हैं, बुजुर्ग दम घुटने से परेशान हैं और जिम्मेदार अफसर कागजों में सफाई करते घूम रहे हैं, शायद उन्हें लगता है कि अखबार की रिपोर्ट से ही शहर चमक जाएगा।

बिलासपुर शहर में नगर परिषद के प्रांगण में कूड़े का पहाड़ हर दिन ऊंचा होता जा रहा है और इसके जहरीले धुएं, दुर्गंध और मक्खी-मच्छरों से आसपास के सैकड़ों परिवार परेशान हैं। सबसे ज्यादा खतरा यहां रहने वाले बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को है। कई मोहल्लों में लोग सांस की बीमारियों, एलर्जी और पेट संबंधी संक्रमण से जूझ रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि यह समस्या नगर प्रशासन की आंखों के सामने महीनों से बनी हुई है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नगर परिषद घर-घर से कूड़ा तो एकत्र कर रही है, लेकिन सारा कूड़ा अपने प्रांगण में दम कर दिया गया है, जिसकी वजह से हालात बद से बदतर हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अगर समय रहते समाधान नहीं हुआ तो यह इलाका डेंगू, टाइफाइड और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का हॉटस्पॉट बन सकता है।




नगर परिषद प्रांगण में लगा कूड़े का ढेर।

### जल्द ही ऑर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर मशीन स्थापित की जाएगी : गौतम

**नगर** परिषद अध्यक्ष कमल गौतम ने इस बारे में कहा कि कूड़े को वहां से हटाया जा रहा है और शीघ्र ही नगर परिषद की ओर से ऑर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर मशीन स्थापित की जाएगी। इसके लिए जमीन चिहिन्त कर ली गई है। इससे कूड़े की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। नगर परिषद द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं कि जल्द से जल्द इस मशीन को स्थापित किया जाए।

### आज तक शुरू ही नहीं हो पाया गार्बेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण

**बिलासपुर** शहर में गार्बेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण आज तक शुरू ही नहीं हो पाया है, जबकि इसके लिए योजना कई साल पहले पास की जा चुकी थी। नतीजा, शहर का सारा कूड़ा खुले में डंप हो रहा है, जिससे न केवल दुर्गंध फैल रही है बल्कि मच्छरों, मक्खियों और जहरीले धुएं से बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, प्लांट का काम शुरू न होने के पीछे सिर्फ फाइलों की देरी नहीं, बल्कि राजनीति का गहरा खेल भी है। फंडिंग और ठेके को लेकर खींचतान, सत्ता-पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप और प्रशासन की उदासीनता ने इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

# बल्क ड्रग पार्क के निर्माण में तेजी लाने पर जोर : उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान

अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला



कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उद्योग मंत्री।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश बल्क ड्रग पार्क के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना की उच्च स्तरीय समिति की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस पार्क का उद्देश्य राज्य में फार्मा उद्योग के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना है। इससे न केवल उत्पादन लागत कम होगी, बल्कि प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी और देश को फार्मा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी। बैठक में 'कॉमन स्टीम' से संबंधित एक महत्वपूर्ण टेंडर पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसकी अनुमानित लागत 300.28 करोड़ है। इस टेंडर में टर्बाइन पावर जनरेशन और स्टीम डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क शामिल है। विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने वर्चुअल माध्यम से अपने तकनीकी सवाल रखे, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया।

**हिमाचल के फार्मा उद्योग को मिलेगा नया आयाम, रोजगार के भी बढ़ेंगे अवसर**

### निवेशकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर

**उद्योग** मंत्री ने दोहराया कि सरकार निवेशकों की समस्याओं को दूर करने और परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस पार्क के निर्माण से राज्य में बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर भी पैदा होंगे। बैठक में उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित हिमाचल प्रदेश राज्य उद्योग विकास निगम के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रीनलैंड स्कूल के स्टूडेंट्स ने रोपे पौधे



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर के छात्र-छात्राओं ने श्रावण मास के अवसर पर ऐतिहासिक शिव मंदिर काठगढ़ में पौधरोपण दिवस मनाया। चेयरमैन रणवीर सिंह और प्रिंसिपल अनुमीत कौर ने बच्चों को पौधे वितरित कर रवाना किया। मंदिर में माथा टेकने के बाद बच्चों और स्टाफ ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। मंदिर कमेटी प्रधान ओमप्रकाश कटोच ने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

### 'मेरी शान-मेरा तिरंगा' शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर युवा एनजीओ ने अपने संस्थापक स्व. अनीश की स्मृति में 'मेरी शान-मेरा तिरंगा' शीर्षक से शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता शुरू की है। प्रदेश मीडिया संयोजक ठाकुर दीक्षित धलारिया ने बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना है। प्रतिभागी 60-90 सेकंड की देशभक्ति से ओतप्रोत वीडियो व्हाट्सऐप नंबर 9006885253 या 9882178313 पर भेज सकते हैं। विजेताओं को 1500, 1000 और 700 रुपए के नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रतिभागी सोशल मीडिया पर एनजीओ को टैग भी कर सकते हैं।

### दो छात्रों ने पास की सैन्य कॉलेज देहरादून की प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून की जून 2025 सत्र की कक्षा आठवीं प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें धर्मशाला केंद्र से दो छात्रों अनवित ठाकुर (जयसिंहपुर), रोल नंबर-15 तथा ईशांत शर्मा (चंबा), रोल नंबर-25 ने परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। डीसी हेमराज बैरवा और उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण विभाग धर्मशाला कर्नल गोपाल गुलेरिया ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कर्नल गुलेरिया ने कहा कि यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को सैन्य और प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें ताकि देश को योग्य और देशभक्त नेतृत्व मिल सके।

### 200 सिक्योरिटी पदों के लिए साक्षात्कार 18 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सिस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई जिला बिलासपुर द्वारा पुरुष सिक्यूरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 200 पद क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला को अधिसूचित किए गए हैं। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि इच्छुक 10वीं पास उम्मीदवार 18 से 22 अगस्त तक विभिन्न उपरोजगार कार्यालयों में साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवारों की आयु 19 से 40 वर्ष, लंबाई 168 सेमी. व वजन 52-95 किलोग्राम होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 17,500 रुपए से 22,000 रुपए वेतन मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 पर संपर्क करें।

### एआईएक्स डिजिटल लाइब्रेरी का किया उद्घाटन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आचार्य रघुवीर केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तकालय विज्ञान के जनक प्रो. एसआर रंगनाथन की 133वीं जयंती पर राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने 'शैक्षणिक बोध की अनुभूतिः एआईएक्स डिजिटल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यह डिजिटल लाइब्रेरी कोपाइलट, चैटजीपीटी, स्कोपस एआई, टर्नइटिन जैसे नवीनतम एआई टूल्स के प्रयोग का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि एआई ने शिक्षा की दिशा और स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. नरेंद्र सांख्यान, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विक्रम शर्मा, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. जतिंदर गर्ग व प्रतिमा पठानिया उपस्थित रहे।

# धर्मशाला में किसान सभा ने निकाली रैली, डीसी ऑफिस के बाहर दिया धरना

## हाईकोर्ट के फैसले पर जताया ऐतराज, सरकार से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने की मांग

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** हिमाचल किसान सभा ब्लॉक इकाई धर्मशाला ने बुधवार को स्थानीय डाकघर से जिलाधीश कांगड़ा के कार्यालय तक रैली निकाली और डीसी कार्यालय के बाहर दो घंटे का धरना दिया।

इस दौरान हिमाचल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष शौकीनी राम कपूर, जिला अध्यक्ष जगदीश जग्गी व जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा 5 अगस्त को दिए गए अपने फैसले में कहा कि हिमाचल प्रदेश के किसानों और गरीबों द्वारा 1,67,339 कब्जों को 26 फरवरी 2026 तक हटाया जाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार को तुरंत सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करना चाहिए, ताकि किसानों व गरीबों के पुश्तैनी कब्जों की बेदखली के ऊपर तुरंत रोक लगाई जा सके और धारा 163-ए की बहाली के लिए हिमाचल सरकार विधानसभा मे संकल्प प्रस्ताव पारित करके तुरंत प्रदेश के हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करनी चाहिए, ताकि गरीबों व किसानों के पुस्तैनी कब्जों 5 बीघा तक नियमितीकरण का रास्ता खोला जा सके। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण कानून 1980 में संशोधन के लिए हिमाचल विधानसभा से प्रस्ताव पारित करके तुरंत केंद्र सरकार को भेजना चाहिए और वन अधिकार कानून 2006 को प्रदेश में सख्ती से लागू किया जाना चाहिए, अगर प्रदेश सरकार इन मुद्दों पर जल्दी कोई निर्णय नहीं लेती है, तो हिमाचल किसान सभा पूरे प्रदेश के अंदर इस आंदोलन को और तेज करेगी और इसकी सारी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।



किसान सभा ब्लॉक इकाई धर्मशाला ने डीसी ऑफिस के बाहर दो घंटे का धरना दिया।

इस रैली में हिमाचल किसान सभा के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कुमार, ब्लॉक सचिव धनवीर, सिंह अमर सिंह, संग्राम सिंह, बलवंत सिंह, प्रकाश चंद, ईश्वर दास, किशोरी लाल, सरिता देवी, विकास भारती, प्रदीप कुमार, सरवन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# आदर्श गांव योजना के तहत 60 गांव बने मॉडल विलेज: डीसी


डीसी की अध्यक्षता में हुई प्रधानमंत्री आदर्श गांव योजना अभिसरण समिति की बैठक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डीसी** हेमराज बैरवा ने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श गांव योजना के तहत जिले 64 गांवों को चयनित किया गया है, जिसमें से 60 गांवों को आदर्श घोषित कर दिया गया है। जिले में चयनित गांवों को वर्ष 2025-26 में कुल 3.94 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है। आदर्श ग्राम एक ऐसी संकल्पना है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति हो और असमानताएं कम हों। प्रधानमंत्री आदर्श गांव योजना अभिसरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जनसंख्या वाले गांवों का एकीकृत विकास सुनिश्चित करना है। इस योजना के माध्यम से 10 विभिन्न कार्य क्षेत्रों जैसे पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़कें और आवास, विद्युत और स्वच्छ ईंधन, कृषि पद्धतियां, वित्तिय समावेषण डिजीटलीकरण और जीवन यापन तथा कौशल विकास के तहत 50 निगरानी योग्य संकेतकों में सुधार करना है।

समीक्षा बैठक में विकास खंड इंदौरा के गांव मोहटली, विकास खंड रैत के गांव दरगेला, विकास खंड देहरा के गांव पन्यामल, विकास खंड इंदौरा गांव बाड़ी खास की ग्राम विकास योजना को समिति द्वारा बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया।

## विधायक किशोरी ने निर्माणाधीन आईटीआई सकड़ी का किया निरीक्षण


अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने बुधवार को सकड़ी में बन रहे नव निर्माणाधीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि इस आईटीआई के पूर्ण होने से आस-पास के युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके कौशल का विकास होगा और वे रोजगार व स्वरोजगार के क्षेत्र में अधिक सक्षम बनेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का विजन है कि हिमाचल प्रदेश के हर कोने में युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, ताकि राज्य को स्किल हब के रूप में स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस संस्थान को पॉलिटेक्निक कॉलेज में अपग्रेड करने के प्रयास किए जाएंगे, जिससे युवाओं को उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षा यहीं उपलब्ध हो सके।

# गरली में बुजुर्ग महिला भय के साये में जीने को मजबूर

## जर्जर दीवारों से जान जोखिम में, प्रशासन से लगाई गुहार

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** धरोहर गांव गरली की 70 वर्षीय अत्यंत गरीब महिला तृप्ता देवी पत्नी स्व. अशोक कुमार इन दिनों भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन बिता रही हैं। उनके पति साइकिल रिपेयर का कार्य करते थे और दोनों ने मिलकर वर्षों की मेहनत से अपना कच्चा घर बनाया था, लेकिन आज यह घर पड़ोस के परित्यक्त और जर्जर मकानों की गिरती दीवारों से घिर चुका है।


जर्जर मकान।

आसपास के मकान वर्षों से खाली पड़े हैं और उनकी कमजोर दीवारें समय-समय पर तृप्ता देवी के आंगन या छत के पास गिरती रहती हैं, जिससे जानमाल का खतरा बना हुआ है। तृप्ता देवी ने पंचायत और संबंधित मकान मालिकों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। मजबूर होकर उन्होंने अब उपमंडल अधिकारी से सीधा हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की है। यह मामला जैसे ही जिला परिषद उपाध्यक्ष स्नेहलता परमार तक पहुंचा, वह स्वयं मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इसे गंभीर बताते हुए प्रशासन को चेताया कि बरसात के चलते कभी भी यह मकान मलबा बनकर तृप्ता देवी के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने एसडीएम देहरा और उपायुक्त कांगड़ा से त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

## कक्षा व कैमरे के बीच का फर्क सिर्फ मंच का है, उद्देश्य दोनों जगह संदेश पहुंचाना : अरुण

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर के प्राचार्य, प्रो. अरुण चंद्र जो पालमपुर क्षेत्र से संबंध रखते है, ने अभिनय की दुनिया में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया हैं। वे डीडी दूरदर्शन पर प्रसारित हो रहे चर्चित धारावाहिक देवांचल की प्रेम कथा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। 15 अगस्त को रात 9 बजे और 26 अगस्त रात 9 बजे हम प्राचार्य को अभिनय करते हुए टेलीविजन में देख सकेंगे।



यह धारावाहिक सोमवार से शुक्रवार को दूरदर्शन में प्रसारित होता है और अगले दिन दोपहर 11:30 को इस धारावाहिक का पुनः प्रसारण होता है। आपको बता दें कि इस धारावाहिक की अधिकांश शूटिंग पालमपुर (कांगड़ा) सहित संपूर्ण हिमाचल प्रदेश में ही हुई हैं। इसमें देवभूमि हिमाचल प्रदेश की संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। धारावाहिक में उनका किरदार एक सशक्त, प्रेरणादायी और न्यायप्रिय स्कूल प्राचार्य का है, जो विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहते हैं। यह भूमिका उनके वास्तविक व्यक्तित्व और मूल्यों से मेल खाती है। प्राचार्य प्रो.अरुण चंद्र ने कहा कि कक्षा और कैमरे के बीच का फर्क केवल मंच का है, दोनों जगह संदेश पहुंचाना और दिलों को छूना ही मेरा उद्देश्य है। कॉलेज के प्राध्यापक वर्ग और विद्यार्थियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए गर्व व्यक्त किया है कि उनके प्राचार्य ने शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और मनोरंजन जगत में भी योगदान दिया है। यह संपूर्ण पालमपुर शहर के लोगों के लिए गर्व की बात है।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity अनंत ज्ञान

### रेलवे में 434 पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती

कुल पद
434
आयु : 18 से 40 साल
एजुकेशनल : बीएससी नर्सिंग या जीएनएम की डिग्री
✔ डायलिसिस टेक्नीशियन के लिए हेमोडायलिसिस में डिप्लोमा।



✔ 12वीं, संबंधित क्षेत्र में बीएससी
वेबसाइट : rrbapply.gov.in
आवेदन की अंतिम तिथि
7 सितंबर

### सीसीआरएएस में भरे जाएंगे पद

कुल पद
394
आयु : 18 से 40 साल
एजुकेशनः 10वीं, 12वीं ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री।
आवेदन की अंतिम तिथि



31 अगस्त
वेबसाइट
www.ccras.nic.in

### इंटेलिजेंस ब्यूरो में निकली बंपर भर्ती

कुल पद
615
आयु : 18 से 37 साल
✔ 10वीं, 12वीं, ITI, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन आदि डिग्री या योग्यता
वेबसाइट
dsssb.delhi.gov.in




✔ वेतन : 18,000 से 1,51,100 प्रति माह
आवेदन की अंतिम तिथि
16 सितंबर

### बीएसएफ में कांस्टेबल ट्रेड्समैन की भर्ती

कुल पद
3588
आयु : 18 से 25 साल
एजुकेशनल : 10वीं पास : संबंधित ट्रेड में ITI या NCVT/SCVT सर्टिफिकेट
वेबसाइट : www.bsf.gov.in



आवेदन की अंतिम तिथि
25 अगस्त

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

## शिक्षा और करियर का चयन मूल्यों पर आधारित करें

**आज** के भौतिकतावादी युग में शिक्षा और करियर का अर्थ केवल डिग्री और अच्छी नौकरी तक सीमित रह गया है, लेकिन सच्ची शिक्षा वही है, जो व्यक्ति के भीतर नैतिक मूल्यों, संवेदनाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करे।

यदि हम अपनी शिक्षा और करियर को केवल धन अर्जित करने और भौतिक सुख सुविधाओं का माध्यम माने तो सामाजिक उतरदायित्वों से परे रह जाते हैं जिसके कारण समाज में असंतुलन, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ती जाएगी। मूल्य आधारित शिक्षा न केवल ज्ञान देती है, बल्कि व्यक्ति को चरित्रवान, कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील नागरिक बनाती है। इसमें सत्य, अहिंसा, सेवा, सहानुभूति, ईमानदारी जैसे मूल्यों को केंद्र में रखा जाता है। जब विद्यार्थी इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाते हैं, तब वे समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। मूल्य आधारित शिक्षा और करियर मानव जीवन के महत्व और उसका अपने समाज और राष्ट्र के प्रति योगदान को सुनिश्चित करती है। युवाओं की शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के क्षेत्र को अधिक व्यवहारिक और समाजोपयोगी बनाने में सहायक सिद्ध होती है मानवीय जीवन की महत्ता और जीवन मूल्यों को उच्चतम स्थान प्रदान करती है।


विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा

करियर का चयन करते समय भी केवल आर्थिक लाभ को न देखकर यह विचार करना चाहिए कि हम अपनी शिक्षा और करियर के द्वारा समाज में क्या योगदान दे रहे हैं। डॉक्टर, शिक्षक, समाजसेवी, वैज्ञानिक, इंजीनियर या कोई भी क्षेत्र हो- यदि उसमें मूल्य, सेवा और समर्पण जुड़ा हो, तो वह करियर न केवल सफल बल्कि जीवन को मूल्यवान और उपयोगी बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होता है।

आज आवश्यकता है कि अभिभावक, शिक्षक और समाज मिलकर नई पीढ़ी को ऐसा वातावरण दें जहां शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना न होकर जीवन जीने की कला सीखना हो। करियर ऐसा हो जो आत्मसंतोष प्रदान करे, जीवन को सार्थकता प्रदान करे, औरों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होऔर सामाजिक उत्थानों में सहायक हो। इसलिए हमें चाहिए कि हम मूल्यनिष्ठ शिक्षा और उद्देश्यपूर्ण करियर की दिशा में आगे बढ़ें, जिससे युवा जीवन आदर्श से परिपूर्ण, मूल्यों से परिपूर्ण और सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति चेतनशील हों. ताकि एक बेहतर समाज और उज्ज्वल राष्ट्र का निर्माण हो सके।

## आर्ट ऑफ सक्सेसः सफलता के लिए स्वयं की रणनीति एवं योजना बनाएं

**साधारण** शब्दों में अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना ही सफलता कहलाता है, परंतु वास्तव में सफलता कभी न खत्म होने वाली एक सतत् प्रक्रिया है। जब मनुष्य एक लक्ष्य हासिल कर लेता है, तब वह अगले उच्च लक्ष्य को हासिल करने के लिए निकल पड़ता है। इसी तरह लक्ष्य प्राप्ति जीवन भर चलने वाली एक प्रक्रिया है। परंतु लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए स्वयं की रणनीति एवं योजना का एक महत्वपूर्ण स्थान है। रणनीति एक उच्च-स्तरीय मार्गदर्शक सिद्धांत है, जो यह निर्धारित करती है कि किसी लक्ष्य को कैसे प्राप्त किया जाएगा। रणनीति हमें एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती है। कई बार हम लक्ष्य का निर्धारण स्पष्ट रूप से नहीं कर पाते कि वास्तव में हम चाहते क्या है। सबसे पहले अपने लक्ष्य को निर्धारित करें तथा मानसिक रूप से अपने आप को उस दिशा में अग्रसर करें तथा अपने भीतर लक्ष्य प्राप्ति के लिए रणनीति बनाएं और आगे बढ़े। भूतकाल में रहना और भविष्य के सपने देखना जागरूकता नहीं है, वर्तमान में रहना ही वास्तविक जागरूकता है। वर्तमान में रहने का तात्पर्य है कि आप अपने उपलब्ध संसाधनों एवं अवसरों का भरपूर उपयोग करें, ताकि आप अपनी क्षमताओं को लक्ष्य प्राप्ति में उपयोग ला सके। एक बार जब आप अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़संकल्प पैदा करें, तब आप पूरे जोश के साथ अपनी सफलता की यात्रा प्रारंभ करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता आपके कदम चूमेगी। याद रखें सफलता के लिए एक उपयुक्त परिवेश का चयन काफी महत्वपूर्ण होता है।




लकेश चंदेल
बिलासपुर।

हम अपनी गलतियों से सीखकर, अपनी रणनीति को समायोजित कर सकते हैं, परिणाम स्वरूप भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रत्येक मनुष्य सफलता प्राप्त करने के लिए ही जन्म लेता है तथा सफलता प्रकृति का मौलिक अंतर निहित सिद्धांत है। अतः सफलता के लिए स्वयं की रणनीति और योजना बनाना ही आर्ट ऑफ सक्सेस है।

# शिक्षा की ओर बढ़ते कदम

✔ पहाड़ी गांवों में बदलाव की कहानी

***सुबह की पहली किरण जब देवदार की चोटियों को छूती है, तो गांवों के रास्तों पर बच्चों की कदमताल शुरू हो जाती है। कंधों पर बस्ता, हाथ में कॉपी, आंखों में चमक-ये सिर्फ पढ़ाई के लिए नहीं, बल्कि एक बेहतर कल के लिए चल रहे हैं। पुराने समय में जहां पहाड़ी गांवों में स्कूल जाना सिर्फ कुछ गिने-चुने बच्चों का सपना था, वहीं आज यहां की हवा में शिक्षा की सुगंध घुल चुकी है। यह बदलाव अचानक नहीं आया-यह वर्षों की मेहनत, सरकारी नीतियों, सामाजिक सहयोग और सबसे बढ़कर उन शिक्षकों का फल है, जिन्होंने खुद को शिक्षा के इस यज्ञ में आहुति बना दिया।***



विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।

### बेटियों की शिक्षा-आसमान की ओर उड़ान

**किन्नौर** की रीना अब चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग पढ़ रही है। उसके पिता सेब के बागान में काम करते हैं, लेकिन रीना की पढ़ाई के लिए उन्होंने अपनी जमीन का एक हिस्सा बेच दिया। सरकार की छात्रवृत्ति और स्थानीय पंचायत के सहयोग से रीना का सपना पूरा हो रहा है। यह कहानी अकेली नहीं-हजारों बेटियां आज पहाड़ों से निकलकर देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर रही हैं।

### विश्वविद्यालयों में नवाचार की लहर

धर्मशाला विश्वविद्यालय में इस समय 'हिमालयी औषधीय पौधों' पर एक अंतरराष्ट्रीय शोध चल रहा है, जिसमें नेपाल और भूटान के वैज्ञानिक भी शामिल हैं। मंडी के तकनीकी विश्वविद्यालय में सौर ऊर्जा से चलने वाली स्कूल बस का मॉडल तैयार हो चुका है। शिमला में हिमाचल विश्वविद्यालय के छात्र 'ईको-टूरिज्म' के लिए एक ऐप विकसित कर रहे हैं, जो यात्रियों को गांवों तक सुरक्षित और जिम्मेदार पर्यटन का मार्गदर्शन देगा।

### पहाड़ी कक्षाओं में उम्मीद की नई सुबह

**कुल्लू** के एक सुदूर गांव में बर्फीली हवाओं के बीच एक छोटा-सा स्कूल है। यहां मास्टर जी बच्चों को पढ़ाने के लिए रोज चार किलोमीटर पैदल चलते हैं। कक्षा में लकड़ी की बेंच, ब्लैक बोर्ड और अब एक डिजिटल स्क्रीन भी है, जिसे गांव के युवाओं ने मिलकर लगाया। बच्चों के पाठ में स्थानीय लोककथाएं भी जुड़ गई हैं-जैसे कि 'किरमिच का राजा' और 'धोबी का कुआं'-ताकि शिक्षा किताबों से बाहर निकलकर उनकी अपनी संस्कृति से जुड़ सके।

### शिक्षक जो सिर्फ पढ़ाते नहीं, जिंदगी बदलते हैं

**सिरमौर** के एक शिक्षक ने अपने वेतन का 20 फीसदी हर महीने स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च करने का संकल्प लिया है। उन्होंने स्कूल में विज्ञान प्रयोगशाला बनाई, खेल सामग्री खरीदी और बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई। उनके एक छात्र ने हाल ही में एनडीए की परीक्षा पास की। 'मेरा सपना है कि मेरे गांव का हर बच्चा किसी न किसी क्षेत्र में नाम कमाए,' वे मुस्कुराकर कहते हैं।


ज्योति, असिस्टेंट प्रोफेसर, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज अर्की।

### कॉलेज जहां पढ़ाई का मतलब नौकरी और आत्मनिर्भरता

**शिमला** के पास एक कॉलेज में पर्यटन प्रबंधन का कोर्स चल रहा है, जहां छात्र सिर्फ क्लासरूम में पढ़ाई नहीं करते, बल्कि पास के गांवों में होमस्टे चलाकर व्यवहारिक अनुभव लेते हैं। मंडी के बागवानी कॉलेज में, सेब की नई किस्मों पर रिसर्च हो रही है, ताकि छोटे किसानों को अधिक उत्पादन और अच्छा दाम मिल सके। सोलन के एक पॉलिटेक्निक में, छात्र रोबोटिक्स सीख रहे हैं और अपने गांवों के लिए पानी बचाने वाली मशीनें बना रहे हैं।

### चुनौतियों का पहाड़ अब भी खड़ा

हालांकि तस्वीर सुंदर है, लेकिन पहाड़ के दूसरी तरफ चुनौतियों की खाई भी गहरी है। लाहौल-स्पीति में कई गांव ऐसे हैं, जहां सर्दियों में स्कूल के दरवाजे महीनों बंद रहते हैं। कुछ स्कूलों में विज्ञान और गणित के शिक्षक सालों से नहीं पहुंचे। तकनीकी उपकरण मिलने के बावजूद, इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी उन्हें धूल खाने पर मजबूर कर देती है।

### आने वाले कल की कहानी स्मार्ट एजुकेशन हिमाचल

**सरकार** ने 'स्मार्ट एजुकेशन हिमाचल' योजना का ब्लूप्रिंट जारी कर दिया है। लक्ष्य है 2027 तक, हर स्कूल में हाई-स्पीड इंटरनेट, डिजिटल लैब, भाषा और कौशल विकास केंद्र। इस योजना के तहत शिक्षकों के लिए भी डिजिटल ट्रेनिंग होगी, ताकि वे तकनीक के साथ कदम से कदम मिला सकें। यह शिक्षा की गूंज है, जो आने वाले कल में हिमाचल की घाटियों से निकलकर दुनिया भर में सुनाई देगी।

## ज्ञान की बात

- हिमाचल प्रदेश का राजकीय पुष्प क्या है?
  – गुलाबी बुरांश
- कौन सी झील हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों को जोड़ती है?
  –हुसैन सागर
- सराईघाट पुल किस नदी के ऊपर बना है?
  –ब्रह्मपुत्र
- सिंधु घाटी सभ्यता में कौन सा शहर अस्तित्व में था?
  –हड़प्पा
- हिमाचल प्रदेश प्रदेश में कुल कितने राष्ट्रीय उद्यान हैं?
  –5
- भारत का सबसे बड़ा राज्य (क्षेत्रफल के अनुसार) कौन सा है?
  –राजस्थान
- भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन सा है?
  –एनएच 44

# 10,880 ने पास की दस विषयों की टेट परीक्षा

## स्कूल शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया परिणाम; 34,599 ने किया था आवेदन, 3,093 रहे थे अनुपस्थित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित दस विषयों की टेट परीक्षा में 10 हजार 880 अभ्यर्थी पास हुए हैं। अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) जून-2025 का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया।

इन परीक्षाओं का आयोजन 1, 8, 11, 14 जून और 12 जुलाई, 2025 को प्रदेशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में प्रात: व सायं सत्रों में किया गया था। कुल 34,599 आवेदकों में से 31,506 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 3,093 अनुपस्थित रहे। इनमें से 10,880 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए, जिससे कुल पास प्रतिशत 34.54 रहा। विषयवार पास प्रतिशत में टीजीटी आर्ट्स 46.19, टीजीटी मेडिकल 17.00, टीजीटी नॉन-मेडिकल 30.20, टीजीटी हिंदी 29.42, स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक स्तर) 43.75, स्पेशल एजुकेटर (उच्च स्तर) 64.56, पंजाबी 15.38, उर्दू 40.00, जेबीटी 30.17 और



टीजीटी संस्कृत 17.69 प्रतिशत रहा। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि यह परिणाम अस्थायी उत्तर कुंजी पर प्राप्त आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के बाद तैयार की गई अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर घोषित किया गया है। परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की वेबसाइट लिंक पर जाकर रोल नंबर या आवेदन संख्या डालकर देख सकते हैं।

उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के प्रमाण पत्र डिजी लॉकर पर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी के लिए परीक्षार्थी नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### 13 साल में 2 लाख से अधिक ने पास किया टेट

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** वर्ष 2012 से वर्ष 2025 तक यानी पिछले 13 वर्षों में प्रदेश के 2 लाख से अधिक अभ्यर्थी टेट परीक्षा पास कर चुके हैं। इन 13 वर्षों में विभिन्न विषयों की टेट परीक्षा में 9 लाख 59 हजार 342 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस वर्ष जून माह तक हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 20 बार टेट परीक्षा का आयोजन करवा चुका है। बुधवार को घोषित टेट के परिणाम में सबसे अधिक पास प्रतिशतता टीजीटी आर्ट्स की 46.19 फीसदी और

- अब तक 9.60 के करीब अभ्यर्थी दे चुके हैं परीक्षा
- 2019 से वर्ष में दो बार करवाई जा रही टेट परीक्षा

स्पेशल एजुकेटर टेट (फॉर प्री प्राइमरी टू क्लास फाइव) की 43.75 पास प्रशितता रही। बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2012 से वर्ष 2018 तक वर्ष में एक बार टेट परीक्षा का आयोजन करवाया जाता था, जबकि अभ्यर्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वर्ष 2019 से साल में दो बार टेट परीक्षा का आयोजन करवाया जा रहा है।

#### वर्ष 2013 में थे सबसे अधिक अभ्यर्थी

**टेट** परीक्षा में वर्ष 2013 में सबसे अधिक अभ्यर्थी 83067, जबकि वर्ष 2014 में 72914 अभ्यर्थी टेट में अपीयर हुए थे। टेट पास करने वालों में अब तक का सबसे अधिक आंकड़ा वर्ष 2016 है, इस दौरान 19 हजार 433 अभ्यर्थियों ने टेट परीक्षा पास की थी, जबकि दूसरी बार बड़ी संख्या में टेट पास करने वाले अभ्यर्थियों का आंकड़ा वर्ष 2018 में 19160 पास अभ्यर्थियों के रूप में सामने आया था।

**अपीयर व पास अभ्यर्थियों का डाटा**

| वर्ष | अपीयर अभ्यर्थी | पास अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| 2012 | 3793 | 1871 |
| 2013 | 83067 | 15243 |
| 2014 | 72914 | 11707 |
| 2015 | 66418 | 14977 |
| 2016 | 66647 | 19433 |
| 2017 | 65347 | 15890 |
| 2018 | 69072 | 19160 |
| 2019 | 64591 | 14174 |
| 2019 | 52542 | 14053 |
| 2020 | 43291 | 12786 |
| 2020 | 36773 | 5976 |
| 2021 | 43202 | 6516 |
| 2021 | 38704 | 6584 |
| 2022 | 44142 | 11415 |
| 2022 | 34501 | 5229 |
| 2023 | 34708 | 3976 |
| 2023 | 38336 | 9973 |
| 2024 | 37826 | 4882 |
| 2024 | 31896 | 11026 |
| 2025 | 34599 | 10880 |

## निजी गाड़ियों से सवारियां ढोने पर का किया विरोध

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** चंगर टैक्सी यूनियन ने बुधवार को एसडीएम ज्वालामुखी को एक ज्ञापन सौंपकर निजी गाड़ियों द्वारा सवारियां ढोने के मामले में कड़ा विरोध जताया। यूनियन का आरोप है कि कुछ लोग प्राइवेट वाहनों को टैक्सी की तरह चला रहे हैं और कम किराया लेकर सवारियां ले जाते हैं, जिससे लाइसेंसधारी टैक्सी चालकों के व्यवसाय पर संकट खड़ा हो गया है। यूनियन ने बताया कि सुरानी, टिप्प, सपडालू, खुंडियां, लगडू, सलिहार, टिहरी, महादेव और लंगना क्षेत्रों में निजी गाड़ियां खड़ी कर सवारियां ढोने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। पहले भी इन लोगों पर कार्रवाई की गई, लेकिन वे फिर उसी काम में लग गए। यूनियन ने 13 ऐसी गाड़ियों की सूची मीडिया को भी जारी की है, जो कथित तौर पर टैक्सी के रूप में चलाई जा रही हैं। टैक्सी यूनियन का कहना है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र और सख्त कदम नहीं उठाए, तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## हैप्पी बर्थडे



कश्लोग की प्रिया शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



धर्मपुर के चक्याना गांव के सुरेश ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयं सहायता समूहों के लिए विशेष कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** देहरा उपमंडल की ग्राम पंचायत मालेटा में नाबार्ड द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों और संयुक्त देयता समूहों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं को सहकारी समितियों के माध्यम से सूक्ष्म ऋण प्राप्ति की प्रक्रिया और लाभों की जानकारी देना था। कार्यशाला में डीडीएम नाबार्ड हिमांशु साहू और सहकारी विभाग से निरीक्षक कमलेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने समूहों को सहकारी समिति बनकर संगठित होने के लिए प्रेरित किया, जिससे उन्हें ऋण और सरकारी योजनाओं का अधिक लाभ मिल सके। कार्यशाला में 5 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के सचिवों ने भी भाग लिया।

### नशे के खिलाफ एकजुट होने की दिलाई शपथ



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एसडीएम कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध शपथ दिलाई। एसडीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को नशे के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने और समुदाय को नशे से दूर रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें।

### पूर्व विधायक ने कछियारी गांव में रोपे पौधे



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** पूर्व विधायक चौधरी सुरेंद्र काकू ने चलो गांव की ओर अभियान के तहत बुधवार को कछियारी गांव में पौधरोपण किया। वन विभाग, पंचायत प्रधान राजिंदर व जनता के सहयोग से 2 हजार पौधे रोपित करने की बात कहते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगामी समय में और भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे तथा हर व्यक्ति को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### एससी/एसटी विकास निधि कानून को लेकर बैठक

**अनंत ज्ञान, राजा का तालाब,** हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निधि कानून बनाने के मुद्दे पर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के साथ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि वह इस मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ चर्चा करेंगे। सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में राजेंद्र पाल गौतम हिमाचल में आकर और प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निधि कानून बनाने के मुद्दे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री से बैठक करेंगे।

### विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज के ड्रग डी-एडिक्शन क्लब के तत्वावधान में नशा उन्मूलन एवं जनजागरूकता विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय लंज प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी नुकसान पर प्रकाश डाला।

### श्लोकोच्चारण में महक ने झटका प्रथम स्थान



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां कॉलेज में संस्कृत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार द्वारा अन्य प्राध्यापकों के सहयोग से किया गया। प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में कहा कि संस्कृत भारत की आत्मा है और इसमें निहित ज्ञान से सभी को परिचित होना चाहिए। वहीं, श्लोकोच्चारण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। श्लोकोच्चारण में महक ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में अनीश प्रथम, गीतांजलि द्वितीय और महक तृतीय रही।

### अवैध खनन सामग्री सहित 2 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अवैध खनन विरोधी अभियान के तहत डमटाल पुलिस ने भदरोआ क्षेत्र में दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पकड़ा, जिनमें अवैध खनन सामग्री भरी हुई थी। डीएसपी संजीव यादव ने बताया कि एएसआई जैश लाल द्वारा ट्रैक्टर चालकों से दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए। दोनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पुलिस थाना डमटाल लाकर खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## भाजपा मंडल कांगड़ा ने निकाली तिरंगा रैली जगह-जगह लोगों ने फूलों से किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**भाजपा** मंडल कांगड़ा ने बुधवार को मटौर से बगली तक तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय भाजपा कार्य परिषद सदस्य विधायक पवन काजल ने किया। काजल ने कार्यकर्ताओं को 15 अगस्त को हर पोलिंग बूथ पर तिरंगा फहराने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से स्वतंत्रता दिवस की बेला पर अपने घर की छत पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारों से वातावरण को गूंजा उठा।

मार्ग में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के उद्घोष लगाए।



भाजपा मंडल कांगड़ा ने बुधवार को मटौर से बगली तक तिरंगा यात्रा निकाली।

### कांगड़ा एयरपोर्ट प्रशासन ने निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, गगल।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कांगड़ा हवाई अड्डा प्रशासन ने बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में भारतीय हवाई अड्डा, प्राधिकरण, एयरलाइंस और एपीएसयू के कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया। 60 दोपहिया वाहनों से यह यात्रा कांगड़ा हवाई अड्डे से शुरू होकर गगल, चैतड़ू, शीला और खनियारा जैसे विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए पुनः हवाई अड्डे परक समाप्त हुई। यह आयोजन साहिल, सहायक प्रबंधक, खेल सचिव, कांगड़ा हवाई अड्डे द्वारा हवाई अड्डा निदेशक धीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

## केवल पठानिया ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

### वीडियो कॉल से सीएम को करवाया अवगत, सुक्खू ने की 10 लाख रुपए देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**विधायक** एवं उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने पैदल यात्रा कर शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के नौशाहरा, बलडी, बोड़ूसरना तथा करेरी सहित कई बरसात प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने आपदा से हुए नुकसान का मौके पर जाकर जायजा लिया। बलडी से धड़मोथा के बीच क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बताया कि पुल टूट जाने से धड़मोथा गांव का बलडी से संपर्क पूरी तरह टूट चुका है।

- लोगों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

उन्होंने मौके से ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को वीडियो कॉल कर स्थिति से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने तत्काल संजीदगी दिखाते हुए पुल निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। इस पर गांववासियों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्य सचेतक का आभार व्यक्त किया।



प्रभावित मकान मालिकों को 11-11 हजार रुपए की धनराशि के चेक भेंट किए।

### सरना गांव के प्रेम चंद को दिए 11 हजार रुपए

**केवल** पठानिया सरना गांव भी पहुंचे, जहां प्रेम चंद का पक्का मकान बरसात में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने प्रभावित परिवार को ढांढस बंधाते हुए शाहपुर वेलफेयर सोसायटी की ओर से 11,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने घेरा बस अड्डे पर धंस रही जमीन का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। करेरी पंचायत के जबली गांव में, जहां आठ घर क्षतिग्रस्त, गोशालाएं ढहीं और मवेशियों की मौत हुई है। उपमुख्य सचेतक ने प्रभावित परिवारों को हरसंभव देने का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी प्रभावित मकान मालिकों को शाहपुर वेलफेयर सोसायटी की ओर से 11,000-11,000 रुपए की धनराशि के चेक भेंट किए।

## पेंशनर्स में जुलाई माह की पेंशन न मिलने पर रोष

- कहा- पहली तारीख को पेंशन तय नहीं की तो शिमला में होगा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** परिवहन पेंशनर्स को अब तक जुलाई माह की पेंशन का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते पेंशनर्स में प्रदेश सरकार व परिवहन निगम प्रबंधन के खिलाफ रोष पनपने लगा है। पेंशनर्स ने चेताया है कि हर माह की पहली तारीख को पेंशन देना तय नहीं किया गया तो अक्तूबर में शिमला में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। हिमाचल पथ परिवहन निगम पेंशनर कल्याण संगठन की पठानकोट, जसूर, धर्मशाला व पालमपुर इकाइयों की बैठक बुधवार को प्रधान रमेश वालिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में पेंशनर्स ने कहा कि समय पर पेंशन न मिलने के चलते उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इसलिए सरकार हर माह की पहली तारीख को पेंशन भुगतान सुनिश्चित करे। इस अवसर पर जगरूप सिंह, रघुवीर सिंह, उत्तम चंद पेंशनर्स की अनदेखी पर निगम प्रबंधन की भर्त्सना

## डल झील का रिसाव रुका, ठहरने लगा पानी

### रिसाव रोकने को लगाया गया है डंगा, पानी रोकने का ट्रायल रहा सफल



डल झील में रिसाव रोकने के लिए लगाए गए डंगे के बाद ट्रायल के तौर पर पानी रोकने का प्रयास सफल रहा है।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मिनी** मणिमहेश के नाम से विख्यात धर्मशाला की डल झील में पानी का रिसाव रुक गया है और झील में पानी ठहरने लगा है। रिसाव रोकने के लिए डंगा लगाया गया है।

डंगा निर्माण कार्य पूरा होने उपरांत ट्रायल के तौर पर झील में पानी रोकने का प्रयास सफल रहा है। दो दिनों तक झील में पानी जमा रहा, जिसे अब निकाला जाएगा। डंगा लगाकर रिसाव रोकने का कार्य बीडीओ धर्मशाला के माध्यम से किया गया है। गौरतलब है कि राधाष्टमी पर पवित्र स्नान के लिए डल झील में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस माह के अंत में पवित्र स्नान का अवसर आ रहा है, ऐसे में यदि बारिशों का दौर इसी तरह जारी रहा तो 27-28 अगस्त तक झील से पानी की निकासी को रोक दिया जाएगा। यदि बारिश नहीं होती है तो 25 अगस्त तक झील में पानी का ठहराव शुरू कर दिया जाएगा। लगातार झील में हो रहे रिसाव के चलते प्रदेश सरकार की पहल पर लेकमैन को यहां का दौरा करवाया गया था। लेक मैन द्वारा दिए गए सुझावों के तहत ही झील के रिसाव को रोकने का कार्य किया गया है और रिसाव रुकने के बाद अब पानी ठहरना शुरू हो गया है। उधर, बीडीओ धर्मशाला अभिनीत कात्यायन ने बताया कि रिसाव रोकने के लिए लगाए गए डंगे का कार्य पूरा होने के साथ ही पानी ठहराव का ट्रायल सफल रहा है। दो दिनों तक पानी को रोका गया था, अब इसे छोड़ दिया जाएगा तथा पवित्र स्नान से पहले झील में फिर से पानी एकत्रित किया जाएगा।

## धर्मशाला में सुधीर शर्मा ने रखी सामुदायिक भवन की आधारशिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**नगर** निगम धर्मशाला वार्ड नंबर-14 के नैतड़ में शीघ्र ही स्थानीय लोगों को सामुदायिक भवन की सुविधा मिलेगी। बुधवार को विधायक सुधीर शर्मा ने सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी।

विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवन निर्माण के लिए चार लाख रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है, जबकि अन्य धनराशि भी शीघ्र प्रदान कर दी जाएगी। इसके अलावा विधायक ने धौलाधार कॉलोनी में बन रहे सामुदायिक भवन की छत की आधारशिला भी रखी। इसके लिए पांच लाख रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। वहीं, शहीद मेजर दुर्गामल केप्टन दल बहादुर वाटिका में छत की सीलिंग और अत्याधुनिक लाइट्स का भी विधायक ने उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### भाजपा मंडल धर्मशाला ने निकाली तिरंगा यात्रा

**देश** के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा भाजपा मंडल धर्मशाला (शहरी) ने बुधवार को दाड़ी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। विधायक सुधीर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल धर्मशाला के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शहीद मेजर दुर्गामल केप्टन दल बहादुर वाटिका से शुरू होकर धौलाधार कॉलोनी तक यह यात्रा निकली।



## महाकाल में 16 से शुरू होंगे भाद्रपद मेले

### किशोरी लाल ने दिए उपचार केंद्र व एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश



विधायक किशोरी लाल ने की भाद्रपद मेलों को लेकर समीक्षा बैठक।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के महाकाल मंदिर में 16 अगस्त से 13 सितंबर तक होने वाले भाद्रपद मेलों की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता विधायक किशोरी लाल ने की।

मंदिर न्यास सदस्यों ने मेले की व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएंगी। बैठक में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बिजली, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं सहित सभी सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मंदिर परिसर में 16 नए सीसीटीवी कैमरे, वाटरप्रूफ टेंट, नए जल टैंक और मोटर लगाए गए हैं। परिसर की सुंदरता के लिए 200 फूलों के पौधे रोपे गए हैं और ताजे फूलों से सजावट की जाएगी। विधायक ने बिजली बोर्ड को अतिरिक्त लाइटें लगाने और स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक उपचार केंद्र व एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण हों, ताकि मेले का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आकर्षक बन सके।

## हिमाचली वस्त्र शिल्प को संवार रहा है कृषि विश्वविद्यालय : नवीन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की ओर से पारंपरिक वस्त्र शिल्प को वैज्ञानिक नवाचारों के साथ पुनर्जीवित किया जा रहा है। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान डिजाइनिंग विभाग में स्थानीय पशु और पादप-आधारित रेशों जैसे ऊन, रेशम, सनहेम्प, बिच्छू बूटी आदि पर शोध हो रहा है। इन्हें आधुनिक तकनीकों से संसाधित कर देशी पौधों से निकाले गए प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने बताया कि इन प्रयासों से पारंपरिक हस्तशिल्प को नया जीवन मिल रहा है, साथ ही पर्यावरण-अनुकूल और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के माध्यम से स्थानीय कारीगरों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा का अवसर मिल रहा है।



## लक्ष्मी नारायण मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू



कलश यात्रा निकालती मातृ शक्ति व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**श्री** लक्ष्मी नारायण मंदिर नगरोटा बगवां में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा बुधवार से प्रारंभ हो गई। प्रात: भव्य कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर पूरे शहर की परिक्रमा करती हुई हनुमान मंदिर और तत्पश्चात नारदा शारदा मंदिर तक पहुंची, जहां कथा व्यास सहित श्रद्धालुओं ने माथा टेका। यात्रा में 60 कलशों के साथ मातृ शक्ति और बड़ी संख्या में नगरोटावासियों ने भाग लिया। दोपहर ढाई बजे कथा व्यास रामदास जी महाराज ने कथा का आगाज किया।

पहले दिन उन्होंने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा, पालनहार विष्णु और संहारक शिव की उत्पत्ति की व्याख्या की। मधुर भजनों ने उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बलराम पुरी ने बताया कि कथा 19 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2:30 से शाम 5:30 बजे तक चलेगी, जबकि रात 8 से 10 बजे तक भजन संकीर्तन होगा। प्रतिदिन मंदिर में भव्य झांकियां भी निकाली जाएंगी। इस अवसर पर सचिव विपिन चौधरी, बलवंत मेहरा, ओम अत्री और मंदिर के पुजारी पं. शेष पाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को एंटी रैगिंग की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी (सोलह मील) में एंटी रैगिंग सप्ताह की शुरुआत प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर के मार्गदर्शन में हुई। पहले दिन प्राचार्य ने छात्रों को एंटी रैगिंग की शपथ दिलाई और इसके मानसिक व शारीरिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। इस दौरान डाक्यूमेंट्री दिखाकर जागरूक किया गया। एंटी रैगिंग स्क्वॉड के संयोजक डॉ. रमेश चौहान ने रोकथाम से जुड़े कानून, शिकायत प्रक्रिया और दंडात्मक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। सप्ताहभर नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग और वीडियो मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस मौके पर डॉ. उज्ज्वल राठौर, डॉ. मनीला गुप्ता और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### शिमला में आज कांग्रेस निकालेगी कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** देश में लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को कथित तौर पर कमजोर करने के प्रयासों के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस 14 अगस्त को देशव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' कैंडल मार्च का आयोजन करेगी। इस मार्च का उद्देश्य जनता को इन मुद्दों के प्रति जागरूक करना और केंद्र सरकार पर दबाव बनाना है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से इस मार्च में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। शिमला में यह कैंडल मार्च प्रतिभा सिंह और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में शाम 6:30 बजे शेरे पंजाब नाज से शुरू होकर रिज मैदान पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक जाएगा। इस मार्च में पार्टी के सभी बड़े नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### लंबित डीए व एरियर शीघ्र मिले : विपन

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ, हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ व हिमाचल पेंशनर महासंघ ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से कर्मचारियों व पेंशनरों के लंबित महंगाई भत्ते, एरियर, मेडिकल बिल, ग्रेच्युटी और लिव इनकैशमेंट का तत्काल भुगतान करने की मांग की है। पूर्व अध्यक्ष विपन डोगरा सहित पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार विधायकों-मंत्रियों के भत्ते बढ़ाने में तो तत्पर है, पर कर्मचारियों के देय भुगतान में पैसे की कमी का बहाना बना रही है। नेताओं ने 2016 से लंबित वेतनमान एरियर, दो साल से रुके मेडिकल बिल, और एजी कार्यालय में फंसे पेंशन मामलों पर चिंता जताई। साथ ही, बोर्डों व निगमों के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन सुविधा शीघ्र लागू करने, करुणामूलक नियुक्तियों में लंबित मामलों को बिना शर्त निपटाने, पदोन्नति लाभ देने और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी में पदोन्नत करने की भी मांग की। महासंघ ने आउटसोर्स कर्मियों, जल रक्षकों, सिलाई-कटाई अध्यापिकाओं, आशा, आंगनबाड़ी व मिड डे मील कर्मचारियों को नियमित व न्यूनतम वेतन देने की मांग दोहराई।

### एचपीयू में एसएफआई का जोरदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने छात्र मांगों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। कॉमरेड नेहा और छात्र रोहित ने कहा कि 56 साल बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को मूलभूत सुविधाएं नहीं दे पाया है। उन्होंने छात्रावासों की कमी, मरम्मत की मांग और बसों की सुविधा न होने पर बात रखी। कैंपस उपाध्यक्ष मुकेश ने कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कुलपति कार्यालय का घेराव भी किया, लेकिन उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। कैंपस अध्यक्ष योगराज सिंघानिया ने कुलपति के इस तानाशाही रवैये की आलोचना की और कहा कि अगर 5 दिन के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो एसएफआई छात्रों को एकजुट करके एक उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कुलपति का ऐसा रवैया जारी रहा तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

# एचपीएमसी ने सी-ग्रेड सेब खरीद पर कसा शिकंजा, बागवानों की बढ़ी मुसीबत

## तय मानकों पर खरे न उतरने वाले सेब होंगे अस्वीकार, बागवानों के लिए छंटाई बनी बड़ी चुनौती

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल में लाल सेब की खुशबू पसरी है, लेकिन बागवानों के चेहरों पर खुशी की जगह चिंता की लकीरें गहरी हो रही हैं। जिस सेब को उन्होंने दिन-रात की मेहनत से सींचा, आज उसी पर एक नया संकट मंडरा रहा है। एचपीएमसी ने सेब खरीद के लिए जो सख्त नियम लागू किए हैं, वे एक तरफ सेब की खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस लाने की कवायद लग रहे हैं, तो दूसरी तरफ बागवानों के लिए एक नई मुसीबत खड़ी कर रहे हैं।

एचपीएमसी ने साफ कर दिया है कि अब केवल उन्हीं सेबों को खरीदा जाएगा जो तय मानकों पर खरे उतरेंगे। सड़े-गले, धूप से झुलसे या कीटग्रस्त फल सीधे तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे। यह फैसला सुनने में तो सही लगता है, लेकिन इससे बागवानों के लिए एक बड़ी चुनौती पैदा हो गई है।

बागवानों का कहना है कि इतने कड़े नियमों के अनुसार सेबों की छंटाई करना एक बहुत बड़ा काम है। इससे उनका समय और श्रम दोनों बढ़ गए हैं। उन्हें यह भी डर है कि अगर उनका माल खराब निकला, तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इसके अलावा, एचपीएमसी ने सी-ग्रेड के सेबों को 12 रुपए प्रतिकिलो की दर से खरीदने की बात कही है, लेकिन यह खरीद केवल उनके निर्धारित कलेक्शन सेंटरों पर हो रही है।

### जूस, अचार और चटनी बनाना एचपीएमसी का उद्देश्य

**यह** समझना जरूरी है कि एचपीएमसी इन सी-ग्रेड सेबों का इस्तेमाल जूस, अचार और चटनी जैसे प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) उत्पादों के लिए करता है। ये सेब सीधे बाजार में नहीं बेचे जाते, बल्कि इनका उपयोग विभिन्न खाद्य और पेय पदार्थों को बनाने में होता है। एचपीएमसी का मानना है कि इन सी-ग्रेड सेबों में भी कुछ गुणवत्ता होनी चाहिए ताकि उनके अंतिम उत्पादों की साख बनी रहे। इसलिए, वे केवल उन फलों को ही स्वीकार कर रहे हैं जो प्रोसेसिंग के लायक हों।



### बागवानों की बढ़ी मुश्किलें व सरकार से राहत की आस

**ऐसे** में बागवानों की पीड़ा को अनदेखा नहीं किया जा सकता। वे अपने फलों को बेचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि वे किस तरह से खराब और अच्छे सेबों को अलग करें। वे सरकार से मदद की उम्मीद कर रहे हैं ताकि इस मुश्किल घड़ी में उन्हें कुछ राहत मिल सके। यह एक ऐसा समय है जब सरकार को बागवानों की चिंताओं को समझना होगा।

## रोहड़ू में किसानों ने किया धरना प्रदर्शन, राष्ट्रपति को सौंपा मांग पत्र



नायब तहसीलदार रोहड़ू के माध्यम से राष्ट्रपति को मांग पत्र सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

**संयुक्त** किसान मोर्चा ने हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ के तत्वाधान में 13 अगस्त को रोहड़ू में धरना-प्रदर्शन किया। यह विरोध अमेरिकी टैरिफ, भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते और कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने के दबाव के खिलाफ था।

रामलीला मैदान से शुरू होकर मुख्य बाजार और बस अड्डा होते हुए जुलूस उपमंडलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा। एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को मांगपत्र सौंपा गया। सेब उत्पादक संघ ने हिमाचल सरकार से उच्च न्यायालय के 5 अगस्त के आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर आपदा प्रभावितों व सीमांत किसानों को राहत दिलाने की मांग की। इसके अलावा वन संरक्षण अधिनियम 1980 व वन अधिकार अधिनियम 2006 में संशोधन कर प्रभावितों को कृषि व आवासीय भूमि देने, बेदखली रोकने व 5 बीघा तक कृषि भूमि व 3 बिस्वा आवासीय भूमि देने की मांग रखी। संघ ने सेब पर आयात शुल्क 100 प्रतिशत करने व मंडी मध्यस्थता योजना में बजट बहाल कर ए ग्रेड 80, बी ग्रेड 60 व सी ग्रेड 30 रुपए प्रति किलो की दर से खरीद सुनिश्चित करने की अपील की।

## एनएसएस व रेड रिबन क्लब ने रैली और नाटक से बताए नशे के दुष्प्रभाव




सुन्नी कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवक नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए।

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी की एनएसएस इकाई ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर तीन दिवसीय नशा विरोधी जागरूकता अभियान की शुरुआत की।

प्राचार्य डॉ. अंजलि चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पहले दिन सुन्नी बाजार में विशाल रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों, रेड रिबन क्लब के छात्रों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। नुक्कड़ नाटक, भाषण और कविता पाठ के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव बताए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनमोहन ने नशे के सामाजिक व पारिवारिक प्रभावों पर चेताया। थाना प्रभारी डी.आर. शर्मा ने नशा मुक्ति, साइबर अपराध और ट्रैफिक नियंत्रण पर प्रेरक व्याख्यान दिया। इस दौरान एनएसएस इकाई और पुलिस स्टेशन सुन्नी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए, जिसका उद्देश्य स्वयंसेवकों के ज्ञान और जिम्मेदारी को बढ़ाना है।

अभियान के दूसरे व तीसरे दिन पोस्टर, नारा, वीडियो प्रतियोगिता, नशा मुक्ति प्रतिज्ञा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## रोहड़ू में श्रद्धा से तिरंगा फहराएंगे लोग: हैप्पी

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान पर कांग्रेस मंडल रोहड़ू ने तीखा प्रहार किया है। मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता ने प्रेस बयान में कहा कि रोहड़ू के लोग भाजपा के कहने पर नहीं, बल्कि अपनी श्रद्धा और देशप्रेम से स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग दशकों तक राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान नहीं दे पाए, वे आज देशभक्ति का दिखावा कर रहे हैं। मेहता ने कहा कि रोहड़ू में हुए विकास कार्य कांग्रेस सरकार और विधायक मोहन लाल ब्राक्टा की मेहनत का परिणाम हैं। भाजपा को बार-बार अपनी राष्ट्रभक्ति साबित करनी पड़ रही है क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम में उससे वैचारिक रूप से जुड़े संगठनों का योगदान संदिग्ध रहा। कांग्रेस हमेशा से राष्ट्रवादी रही है और देश की सेवा में अग्रणी रही है। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को राजनीतिक पाखंड बताते हुए कहा कि असली देशभक्ति जनता के लिए ईमानदारी से काम करने में है।



**कहा- भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान केवल दिखावा**

## किसानों-बागवानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य और कर्ज माफी को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अखिल** भारतीय किसान सभा के आह्वान पर हिमाचल किसान सभा, सेब उत्पादक संघ और सीटू के नेतृत्व में किसानों और बागवानों ने ज़िला, खण्ड और तहसील स्तरों पर प्रदर्शन किए। शिमला में किसान-बागवान नेताओं ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना दिया और उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

इस प्रदर्शन में जयशिव ठाकुर, डॉ. कुलदीप तंवर, सन्नी सेकटा और सोहन ठाकुर जैसे नेताओं ने संबोधित किया। प्रमुख मांगों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और कर्ज़ माफ़ी शामिल है।

इस ज्ञापन में प्रमुखता से खेती-किसानी, ज़मीन और सेब उत्पादन से संबंधित मुद्दों को उठाया गया। किसानों ने सेटा, एफटीए, एनपी-फेम और नई राष्ट्रीय सहकारी नीति का कड़ा विरोध किया। उनकी मुख्य मांगों में सभी फसलों के लिए सी2+50 फीसदी फॉर्मूले पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, समग्र कर्ज़ माफ़ी और माइक्रो फाइनेंस कंपनियों द्वारा किसानों का उत्पीड़न बंद करने की मांग शामिल थी।




शिमला में सीटू से संबंधित कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए।

### बिजली, पेंशन सहित कई अन्य मुद्दे

**इसके** अलावा, प्रदर्शनकारियों ने बिजली क्षेत्र के निजीकरण और स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया। उन्होंने लंबित बिजली बिल माफ़ करने, ग्रामीण क्षेत्रों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने और पुराने ट्रैक्टरों पर प्रतिबंध लगाने की नीति को अस्वीकार करने की भी मांग की। उन्होंने 10,000 प्रति लाभार्थी पेंशन को मौलिक अधिकार बनाने और आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा के लिए वन अधिकार अधिनियम 2006 को उसकी मूल भावना में लागू करने की भी मांग की।

## मिनर्वा घुमारवीं के तीन छात्रों का नीट-यूजी काउंसिलिंग में चयन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मेडिकल काउंसिल (एमसीसी) द्वारा जारी नीट-यूजी काउंसिलिंग राउंड-1 के प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट में मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं के तीन छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। हिमाचल टॉपर आरव ठाकुर को एम्स ऋषिकेश, नेहा कुमारी को एम्स जम्मू और सुजैन रावल को जीएमसी उधमपुर में दाखिला मिला है। यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। क्षेत्र के लिए यह गर्व का क्षण है, जब यहां के दो होनहार छात्र एमसीसी की पहली प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट परिणाम में देश के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल संस्थान एम्स के लिए चयनित हुए हैं। नीट संस्थान के संस्थापक प्रवेश चंदेल और मुख्य प्रबंधक राकेश चंदेल ने छात्रों की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया और इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत कहा।

**दो को मिला एम्स में दाखिला**

# भलस्वा पंचायत के बड़ी भराण क्षेत्र में बारिश से मकान ध्वस्त

## पंचायत प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को दिए 10 हजार रुपए



ग्रामवासियों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को जल्द राहत और पुनर्वास सहायता देने की मांग की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भलस्वा पंचायत के बड़ी भराण क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण स्थानीय निवासी विक्रम सिंह पुत्र राम सिंह का कच्चा मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार, 5 अगस्त को हुई तेज बारिश के दौरान मकान की एक दीवार गिर गई थी। उस समय मौके का निरीक्षण स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और हल्का पटवारी ने किया था और पीड़ित परिवार को फौरी राहत के रूप में 5 हजार रुपए दिए गए थे।

वहीं, मंगलवार रात को मूसलाधार बारिश के कारण मकान की बची हुई दीवारें भी अचानक ढह गईं। सौभाग्य से घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन घरेलू सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को पुनः 10 हजार रुपए की सहायता प्रदान की।

हल्का पटवारी सुनील कुमार ने बताया कि प्रशासन को घटना की जानकारी दे दी गई है और नुकसान का आकलन करने के लिए टीम भेजी जा रही है। ग्रामवासियों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को शीघ्र राहत और पुनर्वास सहायता देने की मांग की है।

## पेंशनर्स के मामलों को जल्द निपटाने में सहयोग करे प्रशासन: चेतराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**प्रदेश** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर के कार्यकारी अध्यक्ष चेतराम वर्मा, राज्य सलाहकार अनिल चड्डा व राज्य उपप्रधान कर्म सिंह चंदेल ने संयुक्त ब्यान में कहा कि जिला बिलासपुर में विभिन्न विभाग अध्यक्षओं की ओर से 31 दिसंबर 2015 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों के वेतनमान पुनः निर्धारण के अधिकतर मामले प्रदेश महालेखाकार कार्यालय शिमला को तीन साल बीत जाने के उपरांत भी नहीं भेजे गए हैं, जो अभी तक लंबित पड़े हैं।

वर्मा ने कहा कि 22-9-2022 की अधिसूचना के मुताविक पे मैट्रिक्स के हिसाब से फिक्सेशन के मामले रिवीजन के लिए महालेखाकार कार्यालय शिमला भेजे जाने चाहिए थे, लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद कुछ लापरवाह अधिकारियों द्वारा अभी तक भी नहीं भेजे गए हैं। जिला कार्यकारी अध्यक्ष चेत राम वर्मा ने जिलाधीश से आग्रह किया है कि सभी विभागों के अध्यक्षों से इस बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की जाए कि 31 दिसंबर 2015 से पहले कितने कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं और कितने कर्मचारियों के मामले लंबित हैं, कितने महालेखाकार कार्यालय को भेजे गए हैं और कितने मामले वेतनमान पुनः निर्धारण होकर महालेखाकार कार्यालय से वापस आ गए हैं। वर्मा ने कहा कि जिले में सेवानिवृत्त कर्मचारियों में अधिकारियों के प्रति भारी रोष है।

## गोपाल मंदिर में विशाल भंडारा 15 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में बिलासपुर-बंदला सड़क पर दनोह-कुनाला में स्थित गोपाल मंदिर में भंडारे का आयोजन 15 अगस्त को किया जाएगा। मंदिर निर्माण एवं विकास समिति के महासचिव राजपाल कपिल ने बताया कि भंडारे का आयोजन जनसहयोग से किया जा रहा है। दोपहर एक बजे से शुरू होने वाले भंडारे में फलाहार की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही मंदिर में भजन-कीर्तन के माध्यम से बांकेबिहारी की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

## मुक्तिधाम तलाई में ग्रामीणों ने की सफाई



**सुनील कौशल, अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** तलाई के मुक्तिधाम में ग्रामवासियों ने सामूहिक सफाई अभियान चलाया, जो सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चला। बरसात के कारण फैली झाड़ियां और घास-बूटियों से दाह संस्कार में हो रही परेशानियों को देखते हुए लगभग तीन दर्जन ग्रामीणों ने सफाई की। अभियान में शंभू राम शर्मा, विजय शर्मा, पवन कौशल सहित कई लोगों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने तय किया कि यह सफाई अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेगा।

## बिलासपुर में दिलाई नशा मुक्ति की शपथ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। डीसी राहुल कुमार ने बचत भवन सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों को नुकसान पहुंचाता है और इससे दूर रहना आवश्यक है। युवाओं को खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में शिक्षा संवाद, करियर काउंसिलिंग, जागरूकता रैलियों जैसी गतिविधियों की घोषणा भी की गई। छात्रों ने नशा मुक्ति पर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अधिकारी, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्लोगन लेखन में श्वेता कुमारी ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं कॉलेज में एंटी रैगिंग सप्ताह के उपलक्ष्य पर एंटी रैगिंग विषय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्लोगन लेखन में 20, रंगोली में 6 विद्यार्थियों तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता मे 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्लोगन लेखन में श्वेता कुमारी में प्रथम, अंशु और रुचिका ने द्वितीय, रगोली में रुचि और शैलजा की टीम ने प्रथम, खुशी वर्धन और प्रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने विजेताओं को बधाई दी तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## 427.4 ग्राम चरस के साथ कार सवार युवक धरा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं में पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत एक हफ्ते के अंदर दूसरी बड़ी सफलता हासिल की है। बुधवार को पुलिस थाना घुमारवीं की टीम ने सन्नौर फोरलेन रोड पर नाका लगाया। इस दौरान एक कार को चेकिंग के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड में छुपाई गई 427.4 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान अमित पाठक (21 वर्ष) पुत्र कृष्ण मुरारी पाठक, निवासी एस्कॉर्ट कॉलोनी, गौतम बुद्ध नगर, जिला दादरी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी चंद्रपाल ने कहा कि पुलिस मामला दर्ज कर आगामी कर रही है।

## करदाताओं को दी आयकर संबंधी जानकारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आयकर कार्यालय बिलासपुर द्वारा घुमारवीं में करदाताओं के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इसमें व्यापार मंडल के सदस्य, स्थानीय व्यापारी, कर सलाहकार संयोग कश्यप और अन्य करदाता शामिल हुए। आयकर अधिकारी छेरिंग दोरजे, निरीक्षक गुलाम मोहम्मद और अधीक्षक सुरेश ने आयकर संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर में अग्रिम कर और स्व-मूल्यांकन कर का समय पर भुगतान, आयकर रिटर्न भरते समय सामान्य त्रुटियों से बचाव, करदाताओं के अधिकार और शिकायत निवारण प्रणाली जैसे विषयों पर चर्चा हुई। विभाग ने सही समय पर कर भुगतान को राष्ट्र के विकास में योगदान बताते हुए डिजिटल साधनों के प्रयोग को भी बढ़ावा दिया। यह अभियान करदाताओं और विभाग के बीच संवाद और विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।

**कार्यक्रम** तकनीकी शिक्षा मंत्री ने पीपल और जामुन का पौधा लगाकर किया महोत्सव का शुभारंभ

# प्रकृति के संरक्षण में पौधरोपरण जरूरी: धर्माणी

**वन विभाग के अधिकारियों ने आपदा राहत कोष के लिए भेंट किया 1.01 लाख का चेक**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**घुमारवीं** के मरयानी क्षेत्र में आयोजित 76वें जिला स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का कार्य नहीं करता, बल्कि यह पृथ्वी पर जीवन के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाता है।

उन्होंने रासायनों के अत्यधिक प्रयोग से पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जताई और आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने में भागीदारी निभाएं। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के माध्यम से महिला मंडलों, युवक मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को वनीकरण गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। प्रति हेक्टेयर वृक्षारोपण के लिए 1.20 लाख रुपए सहायता राशि और पौधों के जीवित रहने पर अतिरिक्त 1.20 लाख रुपए प्रोत्साहन के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीण समुदायों से इस योजना से जुड़कर वन संरक्षण में भाग लेने का आग्रह किया। राजेश धर्माणी ने मरयाणी वन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वन विभाग द्वारा बनाए गए जलाश्य तथा बारिश के पानी को रोकने के लिए ट्रेंच खुदाई निर्माण के कार्यों को भी सराहा। उन्होंने कहा कि जगह-जगह बनाई गई इन ट्रेंच के चारों ओर स्थानीय औषधीय पौधों को भी रोपित किया है जिससे प्रकृति के साथ-साथ पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन में इनकी अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने उम्मीद जताई आने वाले समय में यह वन क्षेत्र संरक्षित वन के रूप में स्थापित होगा ताकि इस क्षेत्र के आसपास के शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों सहित आमजन के लिए पारिस्थितिकी तंत्र की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने का एक अहम स्थान के तौर पर विकसित होगा।

इस अवसर पर मंत्री ने पीपल और जामुन का पौधा लगाकर महोत्सव का शुभारंभ किया। वन विभाग के अधिकारियों ने आपदा राहत कोष के लिए 1.01 लाख का चेक भी भेंट किया। इस अवसर पर वन अरण्यपाल मृत्युंजय माधव, वन मंडलाधिकारी राजीव कुमार, एसडीएम गौरव चौधरी सहित अनेक अधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित रहे।




पौधा लगाकर महोत्सव का शुभारंभ करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

### मरयानी क्षेत्र को बनाया जाएगा संरक्षित वन क्षेत्र

**मरयानी** में मुख्यमंत्री वन संवर्धन योजना के अंतर्गत 5 हेक्टेयर भूमि पर आंवला, हरड़, बेहड़ा, अर्जुन, पीपल, जामुन आदि के 5500 औषधीय और फलदार पौधे रोपे गए हैं। धर्माणी ने इस कार्य में वन विभाग और स्थानीय वन संवर्धन समिति की अध्यक्षा मीरा देवी के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस क्षेत्र को संरक्षित वन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि स्थानीय शिक्षण संस्थानों के छात्र पारिस्थितिकी तंत्र की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त कर सकें।

## घुमारवीं में 162 पदों के लिए 18 अगस्त को होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** टाटा स्टील कोहिरा, लुधियाना (पंजाब) में विभिन्न श्रेणियों के 162 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार 18 अगस्त को उप रोजगार कार्यालय घुमारवीं में होगा। यह भर्ती टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज (प्रा.) लि. की ओर से की जा रही है। असाइनमेंट मैनेजर (4), सुरक्षा पर्यवेक्षक (10), सुरक्षा प्रहरी (120), विशेष सुरक्षा प्रहरी (20) और संगणक परिचालक के पद शामिल हैं। पात्रता अनुसार न्यूनतम योग्यता दसवीं से स्नातक तक निर्धारित की गई है। आयु सीमा 18 से 50 वर्ष और न्यूनतम लंबाई 5 फीट 7 इंच आवश्यक है। अभ्यर्थी हिमाचल का स्थायी निवासी होना चाहिए और उनका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। इन पदों के लिए मासिक मानदेय 18,236 से 33,975 रुपए तक दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 7207500008 पर संपर्क करें।

# उपमुख्यमंत्री ने दी 21.12 करोड़ की सौगातें

## मुकेश अग्निहोत्री ने बनीखेत में 6.46 करोड़ से बनने वाले नाला बाढ़ नियंत्रण कार्य का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में 21 करोड़ 12 लाख रुपए की दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने बनीखेत में 6.46 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बनीखेत नाला बाढ़ नियंत्रण कार्य का शिलान्यास किया और प्रसिद्ध शक्ति स्थल माता भलेई मंदिर परिसर में 15.66 करोड़ रुपए की उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बुनियादी सुविधाओं की पहुंच सुदूर क्षेत्रों तक सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सूखा प्रभावित ग्राम पंचायत ब्रंगाल, भलेई, बांगल, ओहरा, सिमणी और कंगेड के लिए तैयार की गई इस पेयजल योजना से अब 30 गांवों की लगभग 133 बस्तियों को प्रतिदिन 13 लाख लीटर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति संभव हो सकेगी।

बनीखेत नाला बाढ़ नियंत्रण परियोजना के तहत लगभग 815 मीटर आईसीसी चैनल का निर्माण, स्टोन फिलिंग, स्लिप्स हटाना तथा अन्य संरचनात्मक कार्य किए जाएंगे। इस परियोजना से नगर पंचायत बनीखेत और ग्राम पंचायत ढलोग की करीब 13 करोड़ रुपये की संपत्ति सुरक्षित होगी। मुकेश अग्निहोत्री ने भुरू नाग मंदिर प्रबंधन समिति की मांग पर मंदिर सराय भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने भद्रकाली भलेई माता मंदिर में वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए लिफ्ट या रोपवे निर्माण की संभावनाएं तलाशने का भी आश्वासन दिया।



भुरू नाग मंदिर के सराय भवन निर्माण को दिए 10 लाख, भलेई माता मंदिर में लिफ्ट/रोपवे की संभावनाएं तलाशने का आश्वासन दिया

इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया। इससे पहले उप मुख्यमंत्री ने भुरू नाग मंदिर बनीखेत और भद्रकाली भलेई माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

बनीखेत में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि डलहौजी में जल शक्ति विभाग का मंडल कार्यालय खोलने के प्रस्ताव पर विचार चल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि डलहौजी के लिए पेयजल योजना का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है और दिसंबर तक इसका लोकार्पण कर दिया जाएगा। बस स्टैंड डलहौजी के निर्माण कार्यों के लिए विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं, जबकि बनीखेत कस्बे की मल निकासी योजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव अनुमोदन के लिए भेजा गया है।

इस अवसर पर विधायक डीएस ठाकुर, पूर्व मंत्री आशा कुमारी, ठाकुर सिंह भरमौरी, कांग्रेस पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीटू ने किसानों के समर्थन में उठाई आवाज

## सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ गरजे किसान-मजदूर संगठन

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



सीटू जिला कमेटी चंबा के सदस्य विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

**चंबा।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सीटू जिला कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र और महासचिव सुदेश के नेतृत्व में सीटू जिला कमेटी चंबा ने बुधवार को उपायुक्त चम्बा जिला मुख्यालय के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन कर सरकार की कथित आम जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के वादे से मुकर गई है, बल्कि इसके विपरीत किसानों के उत्पाद पर शुल्क, कृषि औजारों की कीमतों में बढ़ोतरी और सब्सिडी में कटौती जैसी नीतियां लागू की गई हैं।

सीटू नेताओं ने कहा कि अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने से किसानों और छोटे उद्योगों को गहरा आर्थिक झटका लगा है, लेकिन केंद्र सरकार इस पर चुप्पी साधे बैठी है। साथ ही, कॉरपोरेट घरानों को मनमाने तरीके से भूमि देने का आरोप भी लगाया गया। हिमाचल प्रदेश की आपदा परिस्थिति पर चिंता जताते हुए वक्ताओं ने कहा कि सैकड़ों किसानों की जमीन आपदा में बह गई है, लेकिन राज्य सरकार मदद करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाई कोर्ट के आदेश के नाम पर किसानों और बागवानों को बेदखल किया जा रहा है। सीटू और किसान मोर्चा ने मांग की कि राज्य सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखे ताकि बड़े पैमाने पर हो रही बेदखली पर रोक लग सके। संगठन ने 1980 के वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार भूमिहीन किसानों, आपदा प्रभावितों और बेदखली का सामना कर रहे किसानों को भूमि उपलब्ध कराए, साथ ही अधिकार कानून को पूरी तरह लागू करने पर जोर दिया।

सीटू जिला कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र और महासचिव सुदेश ने चेतावनी दी कि यदि इन मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो सीटू, संयुक्त किसान मोर्चे के साथ मिलकर देशव्यापी आंदोलन छेड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सेब घोटाले के 3 आरोपी जमानत पर रिहा

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** बहुचर्चित सेब घोटाले के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को बुधवार को अदालत से ज़मानत मिल गई। यह मामला लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है और इसकी गूंज सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचने वाली है। जिन आरोपियों को ज़मानत मिली है, उनमें ग्राम पंचायत उप प्रधान पूजा देवी, ग्राम रोज़गार सेवक महिंद्र व वेंडर विजय कुमार शामिल हैं। तीनों को पुलिस ने सेब घोटाले से जुड़े आरोपों में हिरासत में लिया था। सूत्रों के अनुसार, अदालत ने निर्धारित शर्तों के साथ ज़मानत मंजूर की है। मामले की अगली सुनवाई निर्धारित तारीख को होगी, जबकि जांच एजेंसियां अभी भी इस मामले की गहन जांच कर रही हैं।

### कोहलडी में नामी पहलवान दिखाएंगे दमखम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कोहलडी में इस वर्ष भी पारंपरिक खींज मेला बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दूर-दूर से नामी पहलवान अखाड़े में उतरकर अपनी ताकत और दांव-पेंच का प्रदर्शन करेंगे। मेला समिति के प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बड़ी माली में विजेता पहलवान को 11,000 और उपविजेता को 9,100, जबकि छोटी माली में विजेता को 7,100 और उपविजेता को 5,100 रुपए की नकद राशि दी जाएगी। उन्होंने पहलवानों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। स्थानीय लोगों और आसपास के क्षेत्रों के दर्शकों से भी भारी संख्या में पहुंचकर परंपरा को बनाए रखने की अपील की गई है। यह मेला न केवल खेल का मंच है, बल्कि भाईचारे, उत्साह और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी है। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य राज सिंह ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

### संस्कृत सप्ताह का समापन समारोह संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद् द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह का ऑनलाइन समापन समारोह बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सेंट्रल रेंज मंडी की डी.आई.जी. और आईपीएस अधिकारी सुश्री सौम्या साम्बशिवन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने संस्कृत भाषा में शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर को प्रत्यक्ष न देख पाने के बावजूद, ईश्वर के तत्व का बोध कराने वाली पूजनीय भाषा संस्कृत है। उन्होंने अपने जीवनानुभव साझा करते हुए बताया कि केरल में विद्यारंभ संस्कार के दौरान बच्चों को पिता की गोद में बैठाकर 'ॐ हरि श्री गणपतये नमः अविघ्नमस्तु' मंत्र लिखवाया जाता है। सौम्या साम्बशिवन ने कहा कि जो विद्या संस्कृत से प्रारंभ होती है, वह कभी निष्फल नहीं होती। समारोह में परिषद् के संरक्षक डॉ. मनोज शैल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, संगठन मंत्री आचार्य ललित शर्मा ने साप्ताहिक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, और प्रदेशाध्यक्ष कमलकांत गौतम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### सेब सीजन में सड़कों को करें दुरुस्त

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने बुधवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय रोहड़ू में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विकास खंड रोहड़ू के तहत चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विकास कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समय पर पूर्ण हों। यदि किसी कार्य में बाधा आती है, तो संबंधित अधिकारी सीधे उनसे संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। बैठक में विधायक निधि और अन्य मदों से चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई। उन्होंने कहा कि 15 दिनों बाद होने वाली बैठक में इन कार्यों की प्रगति पर विशेष चर्चा होगी। इसके बाद सर्किट हाउस रोहड़ू में लोक निर्माण विभाग के साथ बैठक में सेब सीजन को देखते हुए सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए।

## बीबीए छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के अखंड चंडी महल परिसर में बीबीए विभाग ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास एवं प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया मुख्य अतिथि और सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. कुलदीप बंटा विशिष्ट अतिथि रहे।

बीबीए समन्वयक डॉ. शेल्ली महाजन ने स्वागत करते हुए महाविद्यालय के नियम, शिष्टाचार, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां, क्लब, सोसाइटी और खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं की जानकारी दी। बीबीए विभाग के अन्य अध्यापकों ने महाविद्यालय का इतिहास, उपलब्धियां, विज़न, मिशन और पाठ्यक्रम संरचना पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर अविनाश ने राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, रोवर-रेंजर, रेड रिबन क्लब, स्पेस जेनेसिस, वाइल्ड लाइफ एंड नेचर सोसाइटी सहित विभिन्न क्लबों से परिचय कराया। डॉ. महाजन ने विद्यार्थियों को अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, मोबाइल का सकारात्मक उपयोग और यौन उत्पीड़न निवारण समिति की भूमिका पर विशेष जानकारी दी।

## लिल्ह-किलोड़ व वतोटू-कुनेड मार्ग 20 दिन से ठप, ग्रामीणों में उबाल



बीमारों और गर्भवती महिलाओं को पालकी से पहुंचाना पड़ रहा अस्पताल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**तहसील** एवं जिला चंबा की ग्राम पंचायत किलोड़ के लिल्ह-किलोड़ व वतोटू-कुनेड मार्ग पर गोहलूईं नामक स्थान पर बीते 20 दिनों से यातायात पूरी तरह बाधित है। हालिया भारी वर्षा से सड़क पर मलबा गिरने और दरारें आने के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिससे लोगों की आवाजाही पूरी तरह ठप पड़ गई है।

पूर्व उपप्रधान प्रेम लाल व वार्ड पंच अंजना देवी (ग्राम पंचायत किलोड़) ने बताया कि ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया, मगर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पूर्व उप प्रधान प्रेम लाल के अनुसार दोनों पंचायतों के लगभग 1800 से 2000 लोग इस सड़क बंदी से प्रभावित हैं। मरीजों व गर्भवती महिलाओं को पालकी में उठाकर कई किलोमीटर दूर अस्पताल ले जाना पड़ रहा है। आपातकालीन स्थिति में यह परेशानी और भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बंद रहने से न केवल यातायात बाधित है बल्कि बच्चों की पढ़ाई व रोजमर्रा के कामकाज पर भी गंभीर असर पड़ रहा है।

## एसबीआई लाइफ कैंपस ड्राइव में 26 युवा चयनित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार विनिमय चंबा के तत्वावधान में बुधवार को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने कैंपस ड्राइव का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने की। ड्राइव में कुल 106 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 26 प्रतिभागियों का चयन विभिन्न पदों के लिए हुआ। चयनित उम्मीदवारों को जल्द ही कंपनी की ओर से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि विभाग समय-समय पर इस तरह की गतिविधियां आयोजित कर युवाओं को विभिन्न कंपनियों से जोड़ने का प्रयास करता है। एसबीआई लाइफ के प्रतिनिधियों ने चंबा के युवाओं की प्रतिभा और उत्साह की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने की इच्छा जताई।

## लोथल पंचायत के लुहारका गांव में अवैध कब्जों पर प्रशासन की कार्रवाई



साल 2023 से लंबित मामले में दुकानों को किया खाली

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

**उपतहसील** धरवाला की ग्राम पंचायत लोथल के लुहारका गांव में अवैध कब्जाधारियों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। सुनारा कुंडी संपर्क मार्ग पर पांच लोगों द्वारा अवैध रूप से बनाई गई दुकानों को हटाने के लिए राजस्व विभाग और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की।

गौरतलब है कि इन कब्जाधारियों के खिलाफ वर्ष 2023 में ही मामला दर्ज किया गया था, लेकिन निर्माण तब तक बना रहा। अब प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर इन अवैध ढांचों को पूरी तरह से हटा दिया है।

उपतहसील धरवाला के नायब तहसीलदार रूप सिंह ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अवैध कब्जों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से स्वेच्छा से अवैध कब्जे छोड़ने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## चकोली में नाकाबंदी के दौरान चोरी की देवदार लकड़ी बरामद

**अनंत ज्ञान, सलूणी**



**बीओ** अब्दुल हमीद की टीम चकोली में नाकाबंदी पर थी, तभी सघनी की ओर से पिकअप गाड़ी एचपी 23सी 3274 को तलाशी के लिए रोका गया। जांच में गाड़ी से 98 पेल ग्लेज देवदार की चोरी की लकड़ी बरामद हुई। वाहन में चालक अशोक कुमार पुत्र लोकी नंद (गांव ढिंड, डाकघर सांघनी, तहसील सलूणी) सहित बलदेव और सुनील सवार थे।

इसके अलावा, एक अन्य गाड़ी एचपी 73 0998 से भी लकड़ी बरामद हुई, लेकिन मालिक ने बिल पेश करने के लिए समय मांगा है। यह मामला तब सामने आया जब महज़ तीन दिन पहले बीओ अब्दुल हमीद पर चोरी के आरोप लगे थे, और अब उन्होंने अपनी कार्यवाही से ईमानदारी का सबूत पेश किया। बड़ा सवाल यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में देवदार की लकड़ी आखिर आई कहां से?

## मणिमहेश यात्रियों को मिलेंगे ईको-फ्रेंडली बैग

### जेएसडब्ल्यू परियोजना ने दिए 3000 थैले, पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** मणिमहेश यात्रा के दौरान इस बार यात्रियों के लिए भरमौर प्रशासन एक नई पहल कर रहा है। प्रशासन अब यात्रियों को ईको-फ्रेंडली बैग उपलब्ध कराएगा, जिनका उपयोग श्रद्धालु यात्रा के दौरान स्नैक्स, पानी की बोतल और अन्य सामान रखने में कर सकेंगे। वापसी पर इन बैगों को हडसर में प्रशासन को वापस लेना होगा, जिससे धार्मिक स्थल मणिमहेश की पवित्रता बनी रहे और पर्यावरण प्रदूषित न हो। ये 3000 बैग जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना द्वारा भरमौर प्रशासन को सौंपे गए हैं। इन्हें चरखा स्वयं सहायता समूह ने तैयार किया है, जिससे महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिला है। बैग का उद्देश्य यात्रियों को यात्रा के दौरान उत्पन्न कचरे को इनमें भरकर वापस लाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि यात्रा मार्ग स्वच्छ बना रहे। प्रशासन इन बैगों को पुनः अन्य यात्रियों को भी उपलब्ध कराएगा।



इस वर्ष मणिमहेश यात्रा के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना ने यह योगदान दिया है। इसके अलावा, जेएसडब्ल्यू विद्युत कंपनी ने मणिमहेश यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को भी सहयोग दिया है। भरमौर स्वास्थ्य विभाग को दवाइयां उपलब्ध करवाई गई हैं और कंपनी की ओर से दो फार्मासिस्ट यात्रा के दौरान बीमार यात्रियों को दवाएं और उपचार प्रदान करेंगे। इससे श्रद्धालुओं की यात्रा और भी सुरक्षित और सुगम होगी।

## कल निकलेगी शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, सरोल।** शक्ति माता सत्संग मंडली सरोल द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 15 अगस्त को शक्ति माता मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर भद्रम चौक तक जाएगी और परिक्रमा करते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां भी शामिल होंगी। आयोजकों ने भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।


**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, मंगला** पत्नी अनिल कुमार, निवासी गांव नबाही, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.), यह घोषणा करती हूं कि मेरी बेटी अक्षरा शर्मा का जन्म दिनांक 29 अक्टूबर 2010 को हुआ था। लेकिन आधार कार्ड में उसका नाम गलती से अक्षु शर्मा (Diakshu Sharma) दर्ज हो गया है। मैं उसका सही नाम अक्षरा शर्मा (Akshra Sharma) दर्ज करवाना चाहती हूं। संबंधित नोट करें।

**अज अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी जोगिन्द्रनगर जिला मंडी हि.प्र.**

**मिसल न0-07/2025**
**तारीख मरजुआ-06-05-2025**
**तारीख पेशी-04-09-2025**

1. Prito @ Pritam Chand S/o Bhagi Ram R/oVillage/Mohal Matru, Tehsil Jogidner Nagar, Distt. Mandi, H.P.
2. Gianu @ Gian Chand S/o Bhagi Ram R/oVillage/Mohal Matru, Tehsil Jogidner Nagar, Distt. Mandi, H.P.

**Applicant.**

**Vs**

**General Public. Respondents.**

Application for attestation of registration of unregistered will dated 15-03-2025 U/S 41-42 of Indian Registration Act.

Prito @ Pritam Chand and Gianu @ Gian Chand sons of Bhagi Ram R/oVillage/Mohal Matru, Tehsil Jogidner Nagar, Distt. Mandi, H.P.

ने इस न्यायालय में बालो देवी विध्वा तीतर राम निवासी गांव मटरु, डाकघर मटरु, तहसील जोगिन्दरनगर, जिला मंडी, हि. प्र. के द्वारा प्रीतो उपनाम प्रीतम चंद व जानू उपनाम ज्ञान चंद पुत्रगण भागी राम निवासी गांव व डाकघर मटरु, तहसील जोगिन्दरनगर, जिला मंडी, हि. प्र. के नाम अपंजीकृत वसीयत की थी जिसको पंजीकृत करवाने हेतु पार्थना पत्र प्रेषित किया है।

**अतः** उपरोक्त प्रतिवादीगण/आम जनता को इस अखबारी ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 04-09-2025 को प्रात 10:00 बजे असालतन व वकालतन इस न्यायालय में हाजर होकर अपने उजर ऐतरज पेश करे अन्यथा गैर हाजरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 05-08-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी हुआ।

**उप पंजीकाध्यक्ष**
**जोगिन्द्रनगर जिला मंडी हि.प्र.।**


## सूडोकु नवताल- 7521

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु नवताल -7520 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

वीरवार, 14 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** षष्ठी (26:06) : **नक्षत्र** रिवती (05:45), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** शुला (13:08), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:51)। **राहुकाल** (14:03-51:41)।

### विशेष दिन

- 14 अगस्त 2025: चांद छठ आज।
- 14 अगस्त 2025: हल षष्ठी, चंद्र षष्ठी व रांधनषष्ठी आज।

**मेषः** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**वृषः** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मिथुनः** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कर्कः** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा।

**सिंहः** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी।

**कन्याः** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**तुलाः** कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**वृश्चिकः** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं।

**धनुः** स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।

**मकरः** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुंभः** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं।

**मीनः** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

## धरवाला बाजार में फिर थमी वाहनों की रफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चम्बा-भरमौर** राष्ट्रीय राजमार्ग 154 पर स्थित धरवाला बाज़ार में बुधवार सुबह यातायात पूरी तरह ठप हो गया। पार्किंग सुविधा के अभाव और सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण 10 से 20 मिनट तक लंबा जाम लगा रहा। बसों, टैक्सियों और निजी वाहनों की कतारें दोनों ओर खड़ी रहीं, जबकि पैदल चलने वालों को भी रास्ता बनाने में मशक्कत करनी पड़ी।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या वर्षों से बनी हुई है। पार्किंग की कमी और



अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था के चलते यहां आए दिन जाम की स्थिति पैदा होती है। मणिमहेश यात्रा के दौरान तो हालात और भी गंभीर हो जाते हैं, जब श्रद्धालुओं को कई-कई घंटे जाम में फंसे रहना पड़ता है। इससे न केवल यात्रा की रफ्तार धीमी पड़ती है, बल्कि यात्रियों की थकान भी बढ़ जाती है। यात्रियों ने आरोप लगाया कि बार-बार इस समस्या की ओर ध्यान दिलाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सड़क पर मनमाने तरीके से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे यातायात बाधित हो जाता है।

स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि धरवाला बाज़ार में जल्द से जल्द स्थायी पार्किंग सुविधा और यातायात नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था की जाए, ताकि मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और आम यात्रियों को सुगम व सुरक्षित मार्ग मिल सके।

## राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पर सरकाघाट में यातायात व्यवस्था में बदलाव

# बाजार क्षेत्र नो पार्किंग जोन घोषित, जनता से सहयोग की अपील

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने जानकारी दी कि आगामी 15 अगस्त को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनज़र सरकाघाट में यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किए गए हैं। सरकाघाट बाजार, जमसाई से सरकाघाट, डबरोग, और टीहरा मोड़ से विश्राम गृह तक के क्षेत्र को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी वाहन चालकों को अपनी गाड़ियां जमसाई के पीछे सरौरी या सैनिक अकादमी बरच्छवाड़ में पार्क करने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्णय का उद्देश्य समारोह में आने वाले गणमान्य अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम जनता की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना है। डीएसपी गौतम ने कहा कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन सरकाघाट स्कूल में होगा, जिसमें प्रदेश भर से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अनुरोध किया कि वे निर्देशों का पालन करें।

### सीएम देंगे कई सौगातें

**सरकाघाट** में होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सीएम सुक्खू न सिर्फ कहीं उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, बल्कि सरकाघाट को कई बड़े सौगाते भी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिलाधीश मंडी अपूर्व देवगन और विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट से पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव पवन ठाकुर लगातार दिन-रात तैयारी में जुटे हैं। दोनों ही आयोजन को लेकर खासे उत्साहित हैं। वे पहले ही प्रशासन और कार्यकर्ताओं के साथ समारोह की तैयारियों पर चर्चा कर चुके हैं। प्रशासन भी पूरी तत्परता से समारोह को सफल बनाने में जुटा हुआ है।

### केसरिया रंग में रंगा स्कूल ग्राउंड

**सरकाघाट** स्कूल की दोनों ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा इसी थीम पर प्रशासन ने पूरे ग्राउंड को केसरिया रंग में रंग दिया है। मुख्यमंत्री के सभा स्थल पंडाल विभिन्न विभागों के लगाए जाने वाले स्टॉल और प्रदर्शनी स्थल के साथ साथ गणमान्य अतिथियों के बैठने के लिए बनाए गए कैबिन भी तिरंगे रंग से रंग दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री करेंगे कई घोषणाएं: पवन ठाकुर

**कांग्रेस** नेता पवन ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री का सरकाघाट से विशेष लगाव है। उनके द्वारा सरकाघाट को कई ऐतिहासिक सौगातें प्रदान की जाएगी। जिनमें पुराने बस अड्डे पर मल्टी स्टोरी परिसर के अलावा आधुनिक बस अड्डा, लघु सचिवालय के पास बरसों से उजाड़ पड़ी राजस्व भूमि पर बहुमंजिला पार्किंग और सरकारी कार्यालय, मेन बाजार स्थित सेंट्रल पार्क के साथ नगर परिषद की जर्जर दुकानों पर बहुमंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व पीएम श्री सरकाघाट स्कूल को राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल में अपग्रेड करने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं करेंगे।

जो झुकता है, वह उठ खड़ा भी हो सकता है। जो झुकता नहीं, वह टूटता है।
– डॉ. बीआर अंबेडकर

## संपादकीय

# हिमाचल चिट्टा मुक्त कैसे बने?

हिमाचल प्रदेश नशे की गिरफ्त में कराह रहा है। देवभूमि की वादियों में अब आए दिन चिट्टे (हेरोइन) की बरामदगी और युवाओं की गिरफ्तारी की खबरें सुर्खियां बन रही हैं। दुर्भाग्य यह कि इस नशे का जाल अब केवल युवाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी गिरफ्त में अब वे भी आ रहे हैं जिन पर समाज की रक्षा की जिम्मेदारी है यानी पुलिसकर्मी। सोलन जिले के कुनिहार में पुलिस ने जिस कांस्टेबल को चिट्टे की सप्लाई करते पकड़ा, वह इस समस्या की भयावहता को उजागर करने के लिए काफी है। सवाल यह है कि जब कानून की रक्षा करने वाले ही कानून तोड़ने लग जाएं तो आम जनता किससे न्याय की उम्मीद करेगी? हिमाचल की भौगोलिक स्थिति इसे नशे के कारोबार के लिए आसान गलियारा बना रही है। पंजाब से सटे जिलों खासकर कांगड़ा, ऊना, सोलन और बिलासपुर में चिट्टे की तस्करी तेजी से बढ़ रही है। युवाओं में बेरोजगारी, असफलताएं और आधुनिक जीवनशैली की अंधी दौड़ ने इस नशे को शॉर्टकट सुख का साधन बना दिया है। प्रदेश में नशा अपराध से जुड़े मामलों में हर साल इजाफा हो रहा है। युवाओं की गिरती मानसिक स्थिति और परिवारों का बिखरता ढांचा चिट्टे के लिए उर्वरक साबित हो रहा है।

माता-पिता की अनदेखी, साथियों का दबाव और जीवन में लक्ष्यहीनता युवा वर्ग को इस दलदल में धकेल रही है। नशा रोकने के लिए तैनात पुलिस के ही कुछ कर्मचारी जब इस अवैध धंधे में शामिल पाए जाते हैं, तो यह केवल एक प्रशासनिक नाकामी नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का भी ह्रास है। आम जनता मानती है कि पुलिस ही सुरक्षा की गारंटी है, लेकिन जब कांस्टेबल से लेकर अधिकारी तक चिट्टे की सप्लाई में पकड़े जाएं, तो जनता का विश्वास हिलना स्वाभाविक है। यह स्थिति न केवल पुलिस विभाग के लिए शर्मनाक है, बल्कि प्रदेश की छवि पर भी धब्बा है। फिर भी उम्मीद की किरण यह है कि कई ईमानदार पुलिसकर्मी अपने ही साथियों को रंगे हाथ पकड़ने में पीछे नहीं हटते। यही वो लोग हैं जो सिस्टम को जिंदा रखे हुए हैं। इनके साहस की जितनी सराहना की जाए, कम है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि चिट्टे के खिलाफ राज्य की नीति जीरो टॉलरेंस की होगी।

यहां तक कि किसी मंत्री या विधायक को भी ऐसे लोगों के लिए सिफारिश करने से मना कर दिया गया है। यह संदेश साफ है कि सरकार अब किसी भी स्तर पर नशे के कारोबारियों को बचाने का जोखिम नहीं उठाएगी, लेकिन नीतियां बनाने और जमीन पर उनके प्रभावी क्रियान्वयन में अंतर को पाटना सबसे बड़ी चुनौती है। हिमाचल को चिट्टामुक्त बनाने के लिए केवल पुलिस या सरकार पर ही जिम्मेदारी नहीं डाली जा सकती। समाज को भी इसमें सक्रिय भूमिका निभानी होगी। हर माता-पिता को अपने बच्चों पर नजर रखनी होगी, स्कूल-कॉलेजों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाने होंगे और पंचायत स्तर तक निगरानी तंत्र मजबूत करना होगा। अगर पुलिस का कोई कर्मचारी इस जाल में शामिल है, तो उसके खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे लोगों को बर्खास्त कर उदाहरण पेश करना जरूरी है, ताकि बाकी कर्मचारी भी सबक लें। साथ ही, ईमानदार पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन और सुरक्षा देना भी उतना ही आवश्यक है। नशे के खिलाफ जंग का असली मोर्चा सप्लाई चेन को तोड़ना है। पंजाब से आने वाली खेप हिमाचल के विभिन्न जिलों तक आसानी से पहुंच रही है।

बॉर्डर पर निगरानी, चेक पोस्ट्स की कड़ाई और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल इस सप्लाई को रोकने में कारगर हो सकता है। ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी, संदिग्ध वाहनों की स्कैनिंग और खुफिया नेटवर्क का विस्तार इस दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकता है। केवल पकड़-धकड़ और जेल की सजा ही समाधान नहीं है। नशे के आदी युवाओं को पुनर्वास की राह दिखाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। राज्य में डि-एडिक्शन सेंटर्स की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, साथ ही मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मदद से युवाओं को सामान्य जीवन की ओर लौटाने का प्रयास होना चाहिए। अगर पुनर्वास पर ध्यान नहीं दिया गया तो चिट्टे की मांग बनी रहेगी और सप्लाई अपने आप रास्ता ढूंढ लेगी। राजनीतिक दलों को इस मुद्दे को वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठाकर देखना होगा। नशा किसी पार्टी विशेष का नहीं, बल्कि पूरे समाज का मुद्दा है। नेताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में जनजागरण अभियान चलाने चाहिए और पुलिस तंत्र पर निरंतर निगरानी रखनी चाहिए।

साथ ही, सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं और युवाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है। अगर हर गांव, हर मोहल्ला यह ठान ले कि अपने इलाके में नशे का कारोबार पनपने नहीं देंगे, तो यह जंग आधी जीत ली जाएगी। हिमाचल में चिट्टे का फैलता जाल केवल एक कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट है। पुलिस कर्मियों की संलिप्तता इस संकट को और गहरा करती है, लेकिन साथ ही यह भी सच है कि ईमानदार पुलिसकर्मी और सख्त सरकारी नीतियां अब उम्मीद जगा रही हैं। हिमाचल को चिट्टामुक्त बनाने के लिए सरकार, पुलिस, समाज और परिवार-चारों स्तंभों को मिलकर काम करना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### ऑफ-रोड मोटर साइकिल रेसर

**ऐश्वर्या** पिस्से भारतीय सर्किट और ऑफ-रोड मोटर साइकिल रेसर हैं। वह मोटर स्पोर्ट वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। साल 2019 में उन्होंने इस खिताब को अपने नाम किया था। ऐश्वर्या पिस्से ने 24 दिन में गुजरात से चेरापूंजी तक 8,000 कि.मी. का सफर बाइक से पूरा किया था। फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया ने ऐश्वर्या पिस्से को 2016, 2017 और 2019 में 'आउटस्टैंडिंग वीमेन इन मोटरस्पोर्ट्स अवार्ड' से सम्मानित किया। ऐश्वर्या पिस्से 09 साल की उम्र में बाइक चलाना शुरू कर दिया था। 2015 में ट्रेनिंग शुरू की और इसके बाद सिर्फ चार साल में, 2019 में मोटर स्पोर्ट वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। साल 2017 में ऐश्वर्या पिस्से एक चैंपियनशिप के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। ■



ऐश्वर्या पिस्से
जन्म : 14 अगस्त, 1995

## कविता



### रिश्ते

रक्षा कुमारी, खन्यारा, धर्मशाला

*मजबूरी की चक्की में पिसते देखे हैं,*
*खुदगर्जी के मैंने कितने ही रिश्ते देखे हैं।*

*न हो रिवाज जहां आंसू बहाने का,*
*अक्सर मैंने लोग सिसकते देखे हैं।*

*जाने कितने हैं जो जिंदगी को बोझ सा जिए जा रहे हैं।*
*मैंने चट्टानों से पानी की तरह जख्म रिसते देखे हैं।*

*जिंदगी को जी रहे हैं या जिंदगी ही हममें जिए जा रही है।*
*मैंने एक घूंट जिंदगी के लिए,कितने ही प्यासे तरसते देखे हैं।*

*न दवा न दुआ है जीने के लिए मुर्शिद,*
*बस यहां सबने पत्थर ही महकते देखे हैं।*

*दो पल अश्क न बहाएं तो लगता है, घुट कर मर जाएंगे।*
*ऐसे हाल में हमने सहरा भी बरसते देखे हैं।*

*इक धागे का ही सवाल है तस्वीह में बर्ना,*
*मोती कितने ही महंगे हो हमने बिखरते देखे हैं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल में हो विभाजन विभीषिका संग्रहालय की स्थापना


14 अगस्त 1947 की एक भावनात्मक और डरावनी तस्वीर, नाम विभाजन भविष्यिक दिवस, 14 अगस्त उस दो राहे की एक तस्वीर जो बयां करती है विशेष समुदाय की परवरिश, हिंदुओं की बेबसी और सत्ता के लोभ की कहानी।

एक और हत्याएं, लूट, लड़कियों का अपहरण बलात्कार, लाशों के ढेर में छुपकर वतन वापसी, हिंदू शरणार्थी होने का घाव ,मानवता के रक्त से लथपथ हुई माल वाहक रेल गाड़ियां क्या तस्वीर बयां करती होगी। वही दूसरी और श्रेष्ठ पदों पर ताजपोशी, राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण, मंत्री परिषद में भागीदारी, हिंदुओं की हत्याओं के पुरस्कार में पाकिस्तान को 75 करोड़ सहयोग राशि का आश्वासन और प्रथम किश्त 20 करोड़ मिलते ही पाकिस्तान ने कश्मीर हथियाना के लिए हमला बोल दिया। बकाया 55 करोड़ देने के लिए लहू से लाल भारत की धरती पर सांप्रदायिक उन्माद दिखने लगा। 13 जनवरी 1948 को स्वतंत्र भारत के सर्वप्रथम उदारवादी महात्मा द्वारा 5 दिन भूख हड़ताल का तांडव चला 14 अगस्त 1947 से 13 जनवरी 1948, विभाजन के 151 दिनों के बाद महात्मा की आंख खुली और ज्ञान प्राप्त हुआ कि मानवता एक धर्म है। हत्याएं, लूट, बलात्कार शरणार्थी शिविरों की तरफ पीठ कर के 55 करोड़ और दे दिया गया। शरणार्थी शिविरों में काम करने वाले अंग्रेजों के पिट्ठू और अपराधी हो गए और महात्मा अमर हो गए।



विवेक शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देश में आज की युवा पीढ़ी को अनुमान लगाना चाहिए, जो पटकथा जुबा बोल न सके उसे तस्वीरों में समझने के लिए इतिहास में खोजना चाहिए। The partition horror remembering day. 14th August 1947. आने वाली पीढ़ियों को पता लगे हमारा इतिहास क्या है और उस इतिहास को रचने वालों का चरित्र क्या है। 3 जून 1947 ब्रिटिश हुकूमत के अंतिम वायसराय माउंट बैटन की दिल्ली में हुई एक प्रेस वार्ता में विशाल भारत को दो देश में विभाजित कर स्वतंत्र घोषित किया गया।



सत्ता के हस्तांतरण का मुख्य केंद्र बिंदु बने संयुक्त पंजाब और बंगाल, विभाजन का मामला आधार न भौगोलिक था, न आर्थिक, न भाषा, न वेशभूषा, न परंपरा, आधार बनाया गया धर्म। जो प्रमाणित दस्तावेज है। हमारा विभाजन धर्म के आधार पर हुआ है। भारत के विभाजन की यह सत्य और प्रमाणिकता है। 5 जुलाई 1947 को ब्रिटिश सदन ने भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित कर दिया। कुछ स्थान पर जनमत संग्रह का आदेश भी दिया। ब्रिटिश हुकूमत ने 6 जुलाई से 20 जुलाई 1947 के मध्य विभाजन के लिए जनमत संग्रह घोषित किया। एक घटना जिसे आज की युवा पीढ़ी हो समझना चाहिए, पाकिस्तान का सियालकोट एक संयुक्त भारत के पंजाब प्रांत का एक बड़ा व्यवसाय औद्योगिक केंद्र था और बहुल हिंदू आबादी वाला शहर था। वहां एक जनमत करवाया गया कि विभाजन के पश्चात सियालकोट किस देश का हिस्सा होना चाहिए।

1947 में वहां हिंदू वोटर 2,31000 थे, लेकिन जब वोटों की मतगणना हुई, तो 55000 मतों से सियालकोट पाकिस्तान में चला गया, हिंदू घर से वोट देने ही नहीं निकले, क्योंकि मौसम गर्म था, कड़कड़ाती धूप थी, लाइन लंबी थी, पीने के पानी की व्यवस्था नहीं थी, पाकिस्तान में 1951 की जनगणना के आधार पर सियालकोट में केवल 10,000 हिंदू थे और 2017 की पाकिस्तान की जनगणना के आधार पर केवल 500 रह गए हैं। इस घटना की महत्वत्ता को किसी ने समझा है तो वह है कांग्रेस। कांग्रेस ने यह समझा है कि वोट और वोटर का महत्व क्या होता है, इसलिए एनआरसी का विरोध भी करती है और इलेक्शन कमीशन पर विदेशी बांग्लादेशी रोहिणी की घुसपैठियों के पक्ष में हल्ला भी बोल रही है। अगर अभी भी नहीं जागे तो शायद आने वाली कुछ पीढ़ियों को इसकी कीमत और महंगी कीमत पर अदा करनी होगी। हिमाचल प्रदेश सरकार से विभाजन विभीषिका संग्रहालय स्थापित करने का आग्रह करता हूं कि आने वाली पीढ़ियों को यह मालूम हो कि हमने यह स्वाधीनता किस कीमत पर पाई है।

भारत में दिल्ली, अमृतसर के अलावा अंबाला में भी विभाजन विभीषिका संग्रहालय बन रहा है। हिमाचल में विस्थापना का दर्द झेल कर आए हुए सम्माननीय नागरिकों का हिमाचल की अर्थव्यवस्था और प्रगति में बहुत बड़ा योगदान है। अपने पूर्वजों की समृतियां छोड़कर आए हुए, अपने देव स्थलों को विभाजन की आहुति में समर्पित करके आए हुए सभी के लिए यह संग्रहालय किसी तीर्थ स्थल से कम नहीं होगा। कांग्रेस के मित्र सिंधु जल रोकने पर प्रधानमंत्री पर टिप्पणियां करते हैं उन्हें याद दिलाना चाहिए, पंडित नेहरू ने पाकिस्तान को 75 करोड़ इन्हीं संसाधनों की ऐवज में दान दिया था।

आज देश के सेकुलर, उदारवादी हिंदू, खुले विचारों वाले हिंदू, व्यक्तिगत स्वतंत्रता का समर्थन करने वाले हिंदू धार्मिक आयोजनों के पश्चात उदघोष लगते हैं धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो। पापियों का संहार हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, की स्तुति करने वालों को एक बार आत्म चिंतन करने की आवश्यकता है। इतिहास पढ़ने की आवश्यकता है और यह कहने विचार करने और व्यवहार में लाने की आवश्यकता है कि हिंदू धर्म की जय हो। विरोधियों का नाश हो, पापियों के संहार को शक्ति दो ,मानवता में सद्भावना हो, सनातन का विश्व में विस्तार हो, की सोच से अगर आप आगे बढ़ सकते हैं तभी आप सुरक्षित रह सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नजरिया

# 'हर घर तिरंगा' एकता, सम्मान और गौरव का प्रतीक

राष्ट्रीय ध्वज किसी भी देश के लिए सर्वोपरि महत्व रखता है। यह देश की आन, बान, शान का परिचायक तो है ही साथ में ही यह देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना, राष्ट्र प्रेम तथा मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए बड़े से बड़ा बलिदान देने की प्रेरणा भी प्रदान करता है।

राष्ट्रीय ध्वज धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक है। यह किसी धर्म, जाति, पंथ या संप्रदाय विशेष से संबंधित नहीं है, अपितु विविधता में एकता का सूचक भी है। वर्ष 2025 में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने की खुशी में हर भारतवासी को तिरंगा घर लाने और उसे फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है जो तिरंगे के प्रति सम्मान ,जुड़ाव और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक होगा। इसका लक्ष्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को प्रगाढ़ करना एवं प्रभावी ढंग से देशवासियों में अपनेपन की सामूहिक भावना को बढ़ावा देना है। 'हर घर तिरंगा' निश्चय ही सरकार के दूरदर्शी चिंतन और जनमानस के लिए एक सशक्त, एकजुट और शक्तिशाली भारत के स्वर्णिम पथ का मार्ग प्रशस्त करने का एक सफल अभियान है।



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत 2022 में हुई थी जब देश में 75 वां स्वतंत्रता दिवस 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मनाया जा रहा था, ताकि लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आजादी को चिन्हित करने के लिए, इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। पिछले तीन वर्षों में 'हर घर तिरंगा' एक जन आंदोलन बन गया है। देशभर के विभिन्न संप्रदायों के लोगों ने इसे सहर्ष स्वीकारा है और इसे ऑनलाइन, ऑफलाइन कार्यक्रम में भागीदारी के माध्यम से गर्म जोशी के साथ निभाया है। 'हर घर तिरंगा' उत्सव के कार्यक्रमों में तिरंगा दौड़, तिरंगा संगीत कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम स्कूल और कॉलेजों में कराए जा रहे हैं।



इस अभियान का उद्देश्य 9 अगस्त से 15 अगस्त तक देश में झंडा फहराना है। भारतीय ध्वज में तीन रंग की पट्टियां हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद, नीचे हरे रंग की पट्टी और यह तीनों समानुपात में है। केसरिया रंग साहस और बलिदान का प्रतीक है, सफेद रंग शांति और सच्चाई का और हरा रंग विकास और समृद्धि का प्रतीक है। इसके साथ ही बीच में स्थित अशोक चक्र, जो 24 तीलियों से बना है यह धर्म, न्याय और प्रगति का प्रतीक है। इन तीन रंगों में समूचा भारत बसा है। यह सिर्फ एक कपड़े का टुकड़ा अथवा तीन रंगों का संयोजन ही नहीं है अपितु हर्ष, गौरव और उत्साह को परिलक्षित करता है।

2002 से पहले घरों, कार्यालयों पर ध्वज फहराने की अनुमति नहीं थी। 26 जनवरी 2002 को भारतीय ध्वज संहिता में संशोधन किया गया और स्वतंत्रता के कई वर्षों बाद भारत के नागरिकों को अपने घरों कार्यालयों और फैक्ट्रियों में न केवल राष्ट्रीय दिवसों पर, बल्कि किसी भी दिन फहराने की अनुमति मिली। अब भारतीय नागरिक राष्ट्रीय झंडे को शान से कहीं भी किसी भी समय फहरा सकता है, बशर्ते वे तिरंगे की शान में कोई कमी न आने दे। तिरंगे को अपना पूरा सम्मान दे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायतीराज संस्थाएं तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विज्ञापन के माध्यम से इस आयोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही स्वयं सहायता समूह, युवक मंडल, महिला मंडलों को भी इस अभियान में शामिल किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने सभी स्कूलों के बच्चों, गांव के बुजुर्गों और युवाओं को भारत माता के गौरव में गीत गाने और जनता में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए गांव-गांव और हर शहर में तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकालने का भी आग्रह किया है। इस अभियान की मुहिम का यह भी लक्ष्य रहा है कि हम उन स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद करें। गर्व से तिरंगा फहराकर, हम अपनेपन की भावना, अपने राष्ट्र के प्रति सम्मान और विविधता में एकता को मजबूत करते हैं। 15 अगस्त के बाद झंडे को आदर सहित अपने घर में रखें इधर-उधर न फेंके। तिरंगे की गरिमा का भाव मात्र 15 अगस्त तक ही सीमित न रहकर ताउम्र हम में देशभक्ति का जज्बा जगाए रखना है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

## अपनी बात

**भारतीय** इतिहास में 14 अगस्त 1947 का दिन विभाजन नहीं एक अभिशाप बनकर आया था। यह केवल और केवल भारत की आत्मा पर घात नहीं था, परंतु प्रत्येक भारतीय की अखंडता पर गहरी चोट थी, हजारों-लाखों भारतीय परिवार जो पंजाब-सिंध से नाता रखते थे, एक ही पल में बेघर हो गए। इन सभी भारतीय परिवारों की आत्मा भारत माता के साथ जुड़ी थी। उनकी जमीन पाकिस्तान में जाते हुए पंजाब, सिंध, सियालकोट, आदि में रह गई। बुजुर्गों द्वारा सुनाई गई कहानियों पर वह विभाजन का इतिहास सभी स्मरण करते हैं। वे पंजाब की गलियां, रेलवे स्टेशन, ईंटों वाले घर, आज भी सभी को याद है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एक ऐसा दिन है, जिसे आज भी भुलाया नहीं जा सकता। विभाजन के समय हुए, कई तरह के अत्याचारों को कभी भुलाया नहीं जा सकता, ऐसा दिन कभी भी किसी भी देश में कभी भी न आए।

**सुखदेव सिंह, हमीरपुर**

# भारतीय धर्म संस्कृति के रक्षक : राणा गुग्गा जाहरवीर

भारत के इतिहास में ऐसे अनेक योद्धा हुए, जिन्होंने अपने धर्म एवं संस्कृति की रक्षा में अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। ऐसे वीर योद्धाओं की विजय गाथा के किस्से आज भी हमारे समाज में लोकगीतों के माध्यम से गाए जाते हैं। ऐसे ही वीर योद्धा थे, 'राणा गोगा जाहरवीर'। राणा गोगा जाहरवीर ने अपने धर्म, संस्कृति और समाज की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। उनकी वीरता, धर्म और समर्पण के मूल्यों की वजह से ही उन्हें आज देवतुल्य स्थान दिया जाता है और लोकदेवता के रूप में उनकी पूजा की जाती है। विभिन्न राज्यों की बोलियों में सामान्यत: उन्हें गोगा बाप्पा, गोगा जी, गुग्गा, जाहरवीर आदि नामों से पुकारा जाता है।



डॉ. अवनीश कुमार
सह-प्रो. सोलन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, कुमारहट्टी

गोगा जाहरवीर की वीरता पूर्ण कहानियां श्रावण मास की पूर्णिमा को रक्षाबंधन वाले दिन से शुरू होकर गुग्गा नवमी तक भक्तों द्वारा गाई जाती हैं। जाहरवीर गोगा की जीवन चरित्र की महत्वपूर्ण घटनाएं मुख्य रूप से राजपूताना क्षेत्र में विकसित हुई है। उनका जन्म स्थल राजस्थान राज्य के चुरू जिले के ददरेवा नामक स्थान पर माना जाता है। इनका जन्म एक हिंदू क्षत्रिय परिवार में हुआ था। इनके जन्म को लेकर एक जनश्रुति प्रचलित है। ददरेवा के राजा जेवर की दो पत्नियां थी। बाछल देवी एवं काछल देवी। इनके कोई संतान नहीं थी। उन दिनों गुरु गोरखनाथ गोगामेड़ी के टीले पर तपस्या कर रहे थे। बाछल देवी गुरु गोरखनाथ जी की शरण में गई। गुरु गोरखनाथ ने उन्हें पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया और एक गुगल नामक फल प्रसाद के रूप में दिया। प्रसाद खा कर बाछल देवी गर्भवती हुई। तदोपरांत विक्रमी संवत 1003 को भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को वीर गोगा जी का जन्म हुआ। रानी बाछल की बहन काछल देवी को भी इन्हीं गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद से अर्जन-सर्जन नाम के दो पुत्र प्राप्त हुए थे।

राजा जेवर की असमय मृत्यु के कारण उनके पुत्र वीर गोगा के कंधों पर राज्य का भार आ गया। माता बाछल देवी की देखरेख में वे ददरेवा के राणा बने। जाहरवीर गोगा एक सत्यनिष्ठ, न्यायप्रिय और धर्म रक्षक थे। महमूद गजनबी ने जब उत्तर भारत पर आक्रमण किया तो जाहरवीर ने अपने राज्य के साथ लगते राज्यों से मैत्री संधि स्थापित कर अपनी छवि भारतीय संस्कृति के संरक्षक के रूप में बना ली। कन्नौज लूटने के बाद गजनवी ने सोमनाथ पर आक्रमण कर उस धरोहर को नष्ट कर दिया। जाहरवीर गोगा ने अन्य राजाओं के न पहुंच पाने के बाद भी अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपने पुत्रों, भाई, भतीजे और अपनी स्थायी एवं एकत्रित सेना को लेकर गजनबी पर आक्रमण कर दिया। इस युद्ध में मातृभूमि एवं हिंदू धर्म की रक्षा करते हुए वे बलिदान हो गए। जाहरवीर का सिर कट कर ददरेवा में गिरा, इसलिए इस स्थान को शीर्षमेड़ी या शीषमेड़ी कहा जाता है तथा धड़ हनुमानगढ़ के नोहर में गिरा, इसलिए इसे धरमेड़ी या धुरमेड़ी या गोगामेड़ी भी कहते हैं।



सिर धड़ से अलग होने पर भी उनका धड़ हाथ में तलवार लिए शत्रुओं का संहार करता रहा। इसे देखकर गजनबी के मुंह से जाहर पीर यानी प्रत्यक्ष दिव्यआत्मा निकला। यह एक भ्रम फैलाया गया है कि गोगा जी महाराज मृत्यु से पूर्व मुसलमान बन गए थे इसलिए उन्हें गुगापीर या जाहरपीर कहा जाता है। यह बिलकुल असत्य एवं मनगढ़ंत है। वास्तविकता यह है कि उनके बाद 1213 ईस्वी तक उनके नौ हिंदू वंशजों का राज रहा और उनके कुल से अंतिम हिंदू राजा जैतसी हुए। जाहरवीर गोगा को राजस्थान सहित हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात में सभी वर्गों में लोक देवता का दर्जा दिया जाता है। उनकी वीरता साहस और समर्पण के प्रतीक के रूप में उन्हें देवी-देवताओं के साथ पूजा जाता है। इनके मंदिर और धार्मिक स्थल राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में स्थापित हैं।

लोक मान्यताओं एवं लोक कथाओं में गोगा जी को नागों के देवता के अवतार के रूप में भी माना जाता है और उन्हें सांपों के देवता के रूप में भी पूजा जाता है। हिमाचल में जिला बिलासपुर, गेहड़वीं, हमीरपुर के धनेटा, गलोड़ में लहड़ा, कांगड़ा के सुलह, गुग्गा सलोह, सिरमौर के नाहन, ऊना, मंडी और सोलन के सुबाथू में गुग्गा मंदिर और मेले बहुत प्रसिद्ध हैं। गोगा जाहरवीर से संबंधित मुख्य वाद्य यंत्र डेरु या डौरु है। मान्यता है कि जाहरवीर छड़ी में निवास करते हैं। इस सिद्ध छड़ी को गुग्गा के प्रतीक के रूप में माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि नाहरवीर और सावल सिंह वीर सहित कई वीरो का पहरा भी इसमें रहता है। छड़ी के साथ एक लोहे का सांकल भी रहता है। इस पर भगवा कपड़ा लिपटा रहता है। हिमाचल में विभिन्न भक्त मंडलियां बनाकर देवता जाहरवीर के प्रतीक को पूरे गांव में घर-घर घूमाते हैं। डौरु बजाकर वीर गाथा गई जाती है और सांकल नृत्य भी किया जाता है। मान्यता है कि गांव में इसे घुमाने से रोग, बाधाओं, सर्पदंश, शारीरिक तथा मानसिक कष्टों का निवारण होता है। रक्षाबंधन से शुरू होकर गुग्गा नवमी तक कार्यक्रम चलता है। नवमी के दिन सभी घरों में गुग्गा की पूजा की जाती है और मीठा रोट देवता को चढ़ाया जाता है। रक्षाबंधन पर बांधे गए रक्षा सूत्रों या राखियों को भी इसी दिन खोलकर देवता को अर्पित कर दिया जाता है। आधुनिकता के साथ बदले रिवाजों में यह इस त्योहार पर भी पैसों के चढ़ावे का रंग चढ़ गया है, जबकि पहले लोग घर में आए हुए गुग्गा मंडली को अनाज बगैरह भेंट करते थे, जिसे छमाही कहा जाता है। नई पीढ़ी के अन्य युवा बच्चों के लिए भी यह प्रेरणा बन कर उभरे हैं। इनका अनुसरण करते हुए अन्य जगहों से भी शायद नई पीढ़ी कुछ प्रयास करे, जिससे हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में मदद मिल सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विशेष गहन पुनर्निरीक्षण व वोट चोरी के विपक्ष के आरोपों में विरोधाभास

संसद के मानसून सत्र में कांग्रेस नीत विपक्ष ने सरकार पर बिहार में चुनाव आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनर्निरीक्षण अभियान को सरकार का षड्यंत्र साबित करने का प्रयास किया एवं इस विषय पर खूब हंगामा किया।

यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग की इस विशेष मुहिम पर रोक लगाने से इनकार कर दिया फिर भी विपक्ष इस अभियान का विरोध करता रहा। सरकार एवं चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट किया कि विशेष पुनर्निरीक्षण अभियान का उद्देश्य वास्तविक एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है एवं जो फर्जी वोटर किन्हीं कारणों से मतदाता सूची में जोड़े गए हैं उन्हें बाहर करना है। चुनाव आयोग ने इस अभियान के प्रथम चरण में लगभग 52 लाख मतदाताओं को चिन्हित किया, जिनका बिहार में कोई अता पता नहीं मिला इतनी भारी संख्या में अवैध मतदाताओं की उपस्थिति ही चुनाव आयोग के लिए विशेष पुनर्निरीक्षण का कारण बनी जो होना भी चाहिए था। चुनाव आयोग जब इतनी भारी संख्या में मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण कर रहा है तो अंतिम प्रकाशन से पूर्व आयोग मतदाता सूचियों के अंतिम ड्राफ्ट को सार्वजनिक कर दावे एवं आक्षेप भी आमंत्रित कर रहा है जिसने हितधारकों को अपनी आपत्ति दर्ज करवाने का पूरा हक है। यदि किसी का नाम गलत रूप से हटाया गया है तो वह अपना दावा प्रस्तुत कर सकता है, जिसका आयोग पूरा अवसर देता है।



अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

यह विपक्ष का पहला स्टैंड है जहां वो आयोग द्वारा मतदाता सूचियों से अवैध जाली एवं अज्ञात वोटर्स को हटाने का विरोध कर रहा है।



अब इसी बीच राहुल गांधी एक और आरोप चुनाव आयोग पर लेकर आ गए जिसमें उनका बिलकुल अलग ही स्टैंड है और वो कह रहे हैं कि आयोग फर्जी वोटर्स बनाकर भाजपा को चुनाव जितवा रहा है, जिसमें वो वोट चोरी के छह तरीकों का उल्लेख कर रहे हैं। जिसमें डुप्लीकेट मतदाता, फर्जी एवं अमान्य पते, एक ही पते पर कई मतदाता, अमान्य तस्वीरें और फॉर्म 6 का दुरपयोग शामिल है। इस संदर्भ में वह कर्नाटक की महादेवपुरा सीट का हवाला दे रहे हैं। जहां उन्होंने लगभग 1 लाख से ज्यादा फर्जी वोटर्स की बात कही है। गौरतलब है कि यदि चुनाव आयोग ने कर्नाटक में भाजपा की मदद इस पैमाने पर की होती, तो वहां कांग्रेस की सरकार कैसे बनती? जब आयोग ने उनसे इन आरोपों पर शपथ पत्र मांगा तो राहुल गांधी शपथ पत्र देने से मुकर गए, क्योंकि वो जानते हैं कि ये आरोप तथ्यात्मक रूप से कमजोर है।

अब इन दोनों आरोपों की प्रकृति को समझिए जहां राहुल गांधी एवं समूचा विपक्ष चुनाव आयोग पर 6 तरीकों से फर्जी वोटर्स बनाने का आरोप लगाता है, वहीं बिहार में चल रहे आयोग के पुनर्निरीक्षण अभियान में आयोग इन्हीं 6 प्रकार के फर्जी वोटर्स को मतदाता सूची से जब हटवा रहा है तो विपक्ष फिर उसका भी विरोध कर रहा है, जो विरोधाभासी है। राहुल गांधी एवं विपक्ष की चुनाव आयोग विरोधी मुहिम के ये दो उदाहरण यह समझने के लिए पर्याप्त है कि कैसे विपक्ष इस मुद्दे पर खुद ही भ्रमित है। यदि उनके कर्नाटक मामले को देखा जाए, तो उनका आरोप है कि आयोग फर्जी वोटर्स के सहारे भाजपा को मदद कर रहा है जो वास्तव में हुई नहीं, क्योंकि कर्नाटक में तो कांग्रेस जीती यदि उनके बिहार में आयोग के विशेष पुनर्निरीक्षण अभियान के विरोध को देखा जाए, तो ये बिलकुल पहले आरोप से उलट है, क्योंकि यदि 6 प्रकार से फर्जी वोटर भाजपा की मदद कर रहे हैं, तो बिहार में तो आयोग इनको हटा रहा है फिर आप विरोध क्यों कर रहे हैं? इसका तात्पर्य यह है कि विपक्ष ही अवैध घुसपैठियों के मोबाइल वोट नेटवर्क को संचालित तो नहीं कर रहा जो चुनाव के समय एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित होते रहे हैं।

बहरहाल चुनाव आयोग अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व सभी पात्र मतदाताओं को दावे आक्षेप के अवसर देता ही है एवं राजनीतिक दलों को भी बूथ लेवल एजेंट की स्थायी व्यवस्था के तहत समूचे अवसर देता ही है, परंतु दुर्भाग्य यह है कि कांग्रेस एवं विपक्ष की जमीनी पकड़ भाजपा के मुकाबले बूथ पर काफी कमजोर है जिसके कारण बूथ की जंग को हारकर वो झूठ की जंग से संवैधानिक संस्थाओं को बेवजह आरोपित कर स्वयं को ही कमजोर करने में लगे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 9 करोड़ से होगी 29 स्कूलों की मरम्मत : रोहित

## शिक्षा मंत्री बोले– प्रदेश में 523 शिक्षण संस्थान क्षतिग्रस्त, बरसात खत्म होते ही हिमुडा करेगा कार्य

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



सुंदरनगर में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पत्रकारवार्ता करते हुए।

**प्रदेश** में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से सर्वाधिक नुकसान मंडी जिला को हुआ है। मंडी जिला में 300 शिक्षण संस्थान प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 29 को भारी क्षति पहुँची है। इन 29 संस्थानों की मरम्मत के लिए प्रदेश की कुल 16 करोड़ की प्रावधान राशि में से 9 करोड़ रुपए अकेले मंडी जिला में खर्च होंगे।

यह जानकारी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सुंदरनगर में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा ने जिला मंडी सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इस आपदा से शिक्षा विभाग को भी भारी क्षति पहुंची है। पूरे प्रदेश में 523 शिक्षण संस्थान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 109 संस्थानों को भारी क्षति पहुंची है। इन भारी क्षतिग्रस्त संस्थानों की मरम्मत के लिए प्रथम चरण में 16 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बरसात समाप्त होते ही मरम्मत कार्य हिमुडा के माध्यम से किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारी क्षतिग्रस्त विद्यालयों में राजकीय प्राथमिक विद्यालय भेखली, भलवाड़, रुचार, निहरी सुनाह, शिल्ली बागी, सरोगी, कुलथणी, मजद्वार, खौली, बागीभनवास, सुमना, सुराह, कुटी, हुकल, केहरी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय- भलवाड़, राजकीय उच्च विद्यालय- अनाह, दबेहड़, हेलन, हुकल, केहरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय- बागीभनवास, लंबसफर, नारायणगढ़, निहरी सुनाह, कुफरी, सेरी बटवाड़ा, खन्नी, अहजू शामिल हैं। क्षतिग्रस्त सभी विद्यालयों का मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा, ताकि विद्यालय जल्द सुचारू रूप से चल सकें। शिक्षा विभाग में लगभग 6000 पद पहले ही भरे जा चुके हैं और शीघ्र ही प्रधानाचार्य, मुख्य अध्यापक और पीजीटी शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं, जिनमें प्रारंभ से ही अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई के साथ स्थानीय भाषा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस एवं बागवानी जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने की योजना भी शामिल है।

इस दौरान पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर, कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी चेतराम ठाकुर, नरेश चौहान, चंपा ठाकुर, महेश राज, जगदीश रेड्डी, ब्रह्म दास चौहान, निखिल, निक्कू राम सैनी, निदेशक कॉलेज कॉडर डॉ. अमरजीत सिंह, निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली और उपनिदेशक शिक्षा यशवीर कुमार उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने पर जताया कड़ा विरोध पेंशनरों के बकाया भुगतान पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**राज्य** बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई जोगिंद्रनगर की बैठक इकाई अध्यक्ष इंजीनियर एसके ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन इकाई महासचिव एनआर वर्मा ने किया।

वर्मा ने बताया कि संयुक्त मोर्चा द्वारा 7 अगस्त को बोर्ड सचिवालय शिमला में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन सरकार द्वारा 13 अगस्त को पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाए जाने के कारण स्थगित कर दिया गया है। पेंशनर्स भी इस धरना-प्रदर्शन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और अगला निर्णय शिमला में होने वाली बैठक पर निर्भर करेगा। उन्होंने सभी पेंशनर्स से मीडिया व यूनियन से जुड़े रहने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन

**बिजली बोर्ड पेंशनर्स इकाई जोगिंद्रनगर की बैठक संपन्न**

सचिव यूएस कटवाल ने कहा कि बोर्ड में तकनीकी अधिकारियों की जगह प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्तियों से संगठन कमजोर हुआ है। प्रशासनिक अधिकारियों को तकनीकी जानकारी न होना और दोनों वर्गों के बीच खींचतान होना इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने आम उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर लगाने का कड़ा विरोध किया।

उनका कहना था कि लगभग 10,000 रुपए कीमत वाले इन मीटरों का खर्च उपभोक्ताओं से वसूला जाएगा, जिससे केवल कुछ बिचौलियों और कंपनियों को लाभ होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि मीटर लगाने की शुरुआत बड़े उद्योगों से की जाए और आम जनता को पूरी जानकारी दी जाए। कटवाल ने बोर्ड के 315 करोड़ रुपए मुनाफा दिखाने पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अगर लाभ हुआ है, तो पेंशनरों के बकाया का भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा है।

बैठक में ठाकुर दान सिंह, मुख्य सलाहकार हेम सिंह मंडयाल, वरिष्ठ उपप्रधान एवं प्रेस सचिव विशन दास बहल, यूएस कटवाल सहित अन्य वक्ताओं ने एकता बनाए रखने का आह्वान किया। एसके ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा वार्ता के लिए बुलाना पेंशनर्स की एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने संपर्क में आने वाले पेंशनरों को बैठकों में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### टैम्पो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नप सुंदरनगर में रेस्ट हाउस चौक पर मंगलवार देर शाम एक तेज रफ्तार टैम्पो ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल को उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने टैम्पो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रात करीब 9 बजे चंडीगढ़ की ओर से आ रहा टेम्पो ओवरटेक करते समय बाइक से टकरा गया। हादसे में बाइक सवार टेक चंद निवासी गांव ढगोर, डाकघर कपाही, गंभीर रूप से घायल हुआ। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि टेम्पो चालक उदय सिंह निवासी गांव शिकावरी, तहसील थुनाग के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### परिवार व समाज को प्रभावित करता नशा : मदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला प्रशासन मंडी द्वारा डीआरडीए हाल में 'नशामुक्त हिमाचल' अभियान के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी डॉ. मदन कुमार ने जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं और समाज एवं देश के विकास में उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि परिवार, समाज को भी प्रभावित करता है, इसलिए हम सब को इस बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए आगे आना होगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सरकाघाट कॉलेज में ली नशामुक्ति की शपथ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में नशा मुक्ति शपथ, रैली एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों तथा रोवर-रेंजर सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शपथ के उपरांत नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक रैली निकाली गई, जिसमें प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति संबंधी नारे लगाते हुए नगर एवं महाविद्यालय परिसर में जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. नवीन कुमार, प्रो. प्रीति (एनसीसी प्रभारी), प्रो. विशाल, रोवर एवं रेंजर प्रभारी प्रो. मालविंदर एवं प्रो. रीता तथा अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### किसानों को बताया औषधीय पौधों का महत्व

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत बर्चवाड़ में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी ने राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय के तहत एक दिवसीय अश्वगंधा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। मुख्य अतिथि डॉ. हेमलता, एसडीएएमओ सरकाघाट ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जबकि ग्राम प्रधान निशा कुमारी ने स्वागत भाषण दिया। प्रधान अन्वेषक डॉ. तारा सेन ने अश्वगंधा के औषधीय, पोषणात्मक और आजीविका संबंधी महत्व पर जानकारी दी। डॉ. रजनी शर्मा और डॉ. हेमलता ने इसकी खेती, उपयोग व बाजार संभावनाओं पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला में 1,500 पौधे वितरित किए गए, जबकि कुल 5,000 पौधे बांटने का लक्ष्य है। विशेष पहल के रूप में, जलपान में अश्वगंधा चूर्ण युक्त व्यंजन परोसे गए, ताकि दैनिक आहार में इसके लाभ को दर्शाया जा सके।

### थुनाग में आपदा के बहाली कार्यों में लाएं तेजी

**अनंत ज्ञान, गोहर।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान थुनाग में अधिकारियों संग राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सड़कों, विद्युत और पेयजल की बहाली को प्राथमिकता देने और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में अत्यधिक बारिश से भारी नुकसान हुआ है, जिसमें मंडी जिला सबसे अधिक प्रभावित रहा। थुनाग क्षेत्र में अब तक 3 करोड़ 96 लाख रुपए प्रभावित परिवारों को वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ से हुए नुकसान के पुनर्निर्माण कार्य बड़े स्तर पर विश्व बैंक पोषित आपदा मिटिगेशन योजना के तहत किए जाएंगे।

### आईटीआई जोगिंद्रनगर में स्पॉट एडमिशन 18 से

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर में दाखिले का दूसरा चरण समाप्त होने के बाद अब 18 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक स्पॉट एडमिशन राउंड आयोजित होगा। आईटीआई की प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी ने बताया कि 18 अगस्त को मैट्रिक में 70 से अधिक अंक वाले, 19 अगस्त को 55 से 70 अंक वाले, 20 अगस्त को पास प्रतिशत से 55 अंक वाले तथा 21 से 30 अगस्त तक पास प्रतिशत से ऊपर अंक वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। फिलहाल कोपा में 15, कोस्मेटिक टेक्नोलॉजी में 10, ड्रेस मेकिंग में 23, इलेक्ट्रिशियन में 1, फिटर में 2, प्लंबर में 10, सिविंग टेक्नोलॉजी में 10 और एस.ओ.टी. एम्ब्रॉयडरी में 40 सीटें खाली हैं। आवेदन के समय सभी आवश्यक दस्तावेज सुबह 11 बजे तक जमा करवाने होंगे, जबकि मेरिट सूची दोपहर 2 बजे जारी होगी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है।

### विद्यार्थियों ने लिया नशा छोड़ने का संकल्प

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लड भड़ोल में नशा मुक्ति पर एकदिवसीय जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर रहे, जबकि संचालन प्रो. संजीव कुमार ने किया। प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और नशा पीड़ितों की सहायता करना है। इस अवसर पर स्टाफ और विद्यार्थियों ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया तथा नशा विरोधी संदेश के रूप में एक पौधा रोपा। डॉ. मुनीष ठाकुर ने कहा कि नशे से दूर रहकर युवा अपने व्यक्तिगत और सामाजिक विकास में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने युवाओं को देश की ऊर्जा बताते हुए इसे समाज की प्रगति के लिए सकारात्मक दिशा में उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कॉलेज का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### शनि धाम मंदिर मच्छयाल में मेला 22 से

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के प्रसिद्ध शनि धाम मच्छयाल में इस वर्ष भी परंपरागत तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला 22 अगस्त से शुरू होकर 24 अगस्त तक चलेगा। उद्घाटन समारोह 22 अगस्त को सुबह 11 बजे होगा, जबकि समापन 24 अगस्त को शाम 5 बजे किया जाएगा।मेले में इस बार विभिन्न महिला मंडलों और स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 22 और 23 अगस्त को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, वहीं अंतिम दिन 24 अगस्त को कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मेले का आयोजन शनि धाम कमेटी के तत्वावधान में किया जा रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही : उपायुक्त

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



उपायुक्त अपूर्व देवगन तैयारियों का जायजा लेते हुए।

**सरकाघाट।** आगामी राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 के सफल आयोजन के लिए बुधवार को उपायुक्त अपूर्व देवगन ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) सरकाघाट में तैयारियों का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड रिहर्सल, मंच व्यवस्था, अतिथि एवं जनमानस के बैठने, जलपान, चिकित्सा सुविधा, शुद्ध पेयजल, यातायात प्रबंधन, अग्निशमन सेवाएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मैदान की सफाई व साज-सज्जा जैसे प्रबंध समय पर पूरे हों।

उपायुक्त ने कहा कि यह समारोह प्रदेश की शान का प्रतीक है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान एसपी मंडी साक्षी वर्मा, एडीसी गुरसिमर सिंह, एएसपी सचिन हिरेमठ, एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा, एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल, डीएसपी संजीव गौतम समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी और आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# बारिश से भराड़ी में गोशाला शौचालय और स्नानघर धंसे

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**



**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की चांबी पंचायत के भराड़ी गांव में भारी बारिश ने एक परिवार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ग्रामीण राजेंद्र कुमार पुत्र नागेंद्र कुमार के सेप्टिक टैंक का स्लैब टूटकर धंस गया, जिससे उसके ऊपर बने दोहरे शौचालय, स्नानघर और गौशाला झुककर ढहने की कगार पर पहुंच गए। दीवारों और भूमि में बड़ी-बड़ी दरारें आने से ढहने का खतरा बना हुआ है, जिसके कारण परिवार इनका उपयोग नहीं कर पा रहा है।

राजेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार बारिश से यह नुकसान हुआ है और पटवारी द्वारा मौके का

**पीड़ित ने डीसी मंडी से मुआवजे की लगाई गुहार**

निरीक्षण भी किया गया, लेकिन मुआवजे को लेकर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। परिजनों ने डीसी मंडी से शीघ्र उचित मुआवजा प्रदान कर राहत देने की अपील की है।

# मैन भरोला पंचायत में बरसात से मकान क्षतिग्रस्त

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भारी बरसात के कारण ग्राम पंचायत मैन भरोला के नागन गांव निवासी सुरेंद्र कुमार का मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मकान की छत गिर गई है, जबकि दीवारें भी टूट चुकी हैं। साथ ही गौशाला को भी नुकसान पहुंचा है। ग्राम पंचायत मैन भरोला के उपप्रधान संजय जमवाल ने बताया कि सुरेंद्र कुमार बीपीएल परिवार से संबंध रखते हैं, वे शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं और दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बरसात के चलते उनका आशियाना पूरी तरह उजड़ गया है। उपप्रधान ने सरकार से मांग की है कि सुरेंद्र कुमार के मकान को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घोषित कर आपदा राहत मैनुअल के तहत घर के पुनर्निर्माण के लिए 7 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाए। प्रशासन की ओर से पटवारी द्वारा मौके का निरीक्षण कर 10,000 रुपए की फौरी राहत दी गई है।



# हराबाग बगीचे के हस्तांतरण पर गहराया विवाद

## संघर्ष समिति ने शिक्षा मंत्री, विधायक और पूर्व सीपीएस को सौंपा ज्ञापन



विधायक राकेश जम्वाल को ज्ञापन सौंपते हराबाग बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**उपमंडल** सुंदरनगर के अंतर्गत हराबाग स्थित उद्यान विभाग के सरकारी बगीचे को मीर बक्श को हस्तांतरित करने की संभावना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। बुधवार को हराबाग बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक राकेश जम्वाल और पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर से मुलाकात कर इस प्रस्ताव के खिलाफ ज्ञापन सौंपा।

समिति का कहना है कि यह बगीचा किसानों और बागवानों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण एवं पौध उत्पादन का महत्वपूर्ण केंद्र है, जो सुंदरनगर की पहचान और पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाता है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि नेरचौक निवासी मीर बक्श को भूमि संबंधी विवाद में सर्वोच्च न्यायालय से अनुकूल निर्णय मिला है, जिसके तहत सरकार को उपयुक्त भूमि आबंटित करने के आदेश दिए गए हैं। इस आदेश के पालन में प्रदेश सरकार विभिन्न स्थलों का चयन कर रही है, जिनमें हराबाग बगीचा भी शामिल है। समिति का मानना है कि यदि यह भूमि हस्तांतरित की गई तो स्थानीय किसानों, बागवानों की आय एवं आजीविका पर नकारात्मक असर पड़ेगा, साथ ही हरित संतुलन और पर्यटन महत्व को भी क्षति पहुंचेगी। उन्होंने मांग की कि इस मामले में हराबाग उद्यान विभाग की भूमि को पूरी तरह बाहर रखा जाए।

# मीर बक्श को 110 बीघा जमीन हस्तांतरण पर जताया कड़ा विरोध



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल सरकार द्वारा मीर बक्श को 110 बीघा जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया का कड़ा विरोध जताया। प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम मंडी मदन कुमार के माध्यम से मुख्य सचिव हिमाचल सरकार को मामले से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज सौंपे।

प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि दस्तावेजों में ऐसे कई अहम प्रमाण हैं, जिन्हें राज्य सरकार ने उच्च

**पारदर्शिता और प्रक्रिया पर रोक की मांग**

न्यायालय में सुनवाई के दौरान प्रस्तुत नहीं किया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह चौधरी, लेखराज राणा, रमेश परमार, घनश्याम ठाकुर, हरदीप सिंह राजा, कैप्टन महेंद्र सिंह राणा, प्रेम सिंह ठाकुर, विशाल ठाकुर एवं दीपक मौजूद रहे। उन्होंने मांग की कि मामले में पारदर्शिता बरती जाए और जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# छात्रों ने नशा छोड़ने के दिए प्रेरक संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को आरजीएम राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में नशा एवं तंबाकू निषेध निगरानी समिति ने जागरूकता रैली का आयोजन किया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रकाश चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। बीएससी तृतीय वर्ष के रिजुल और बीसीए पांचवें सेमेस्टर के भावेश अरोड़ा ने सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई। इसके बाद छात्रों और शिक्षकों ने मुख्य बाजार में रैली निकालकर नशा छोड़ो, जीवन संवारो और तंबाकू से दूरी, सेहत है जरूरी जैसे नारे लगाए। रैली में डॉ. दीपक मोहन, डॉ. समृति ठाकुर, डॉ. अतुल, आरती शर्मा और अनीता देवी सहित कई शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अंशुल ठाकुर का एमबीबीएस में चयन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**एसपीएस** इंटरनेशनल स्कूल अनंत नगर तताहर की मेधावी छात्रा अंशुल ठाकुर, पुत्री महेंद्र सिंह एवं नीलम कुमारी ने एमबीबीएस में चयन प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सत्र 2023-24 में कक्षा 12 की नियमित छात्रा रही अंशुल ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं चिकित्सालय नेरचौक में प्रवेश पाया।

**नेरचौक मेडिकल कॉलेज में सीट हासिल कर चमकाया क्षेत्र का नाम**

अंशुल ने न केवल पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि अपने अनुशासन, व्यवहार और नेतृत्व क्षमता से भी सभी को प्रभावित किया। विद्यालय प्रबंधन, चेयरमैन सुरेंद्र कुमार राणा, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम, निदेशक पीसी ठाकुर, उपाध्यक्ष किरण बाला और सुप्रिटेंडेंट नेकराम ने उनकी सफलता को मेहनत, परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।विद्यालय के शिक्षकों व सहपाठियों ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

# सुंदरनगर में ललित कला मंच का 25वां जन्माष्टमी महोत्सव

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** इस वर्ष भी सुंदरनगर में ललित कला एवं सामाजिक विकास मंच अपने स्थापना दिवस के रूप में 25वां जन्माष्टमी महोत्सव भव्य रूप से मनाने जा रहा है। मंच के प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि मंच की स्थापना वर्ष 2000 में जन्माष्टमी के दिन ही हुई थी, जिसके बाद से यह परंपरा निरंतर जारी है। इस वर्ष महोत्सव का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि मंच अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है और संयोग से जन्माष्टमी स्वतंत्रता दिवस के दिन पड़ रही है, जिससे भक्ति और देशभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

दो दिवसीय यह आयोजन सूरज कुंड मंदिर प्रांगण में होगा। पहला दिन 15 अगस्त की शाम भव्य भक्ति जागरण के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें मुख्य गायक गुलशन गर्ग और प्रसिद्ध गायिका रमा धीमान अपने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। दूसरे दिन दोपहर 3 बजे से शोभायात्रा सूरज कुंड मंदिर से प्रारंभ होकर एमएलएसएम कॉलेज व ललित चौक होते हुए निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान पारंपरिक मटकी फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। मंच पदाधिकारियों ने जनता से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय में लिया नशामुक्त और एचआईवी मुक्त हिमाचल का संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



एचआईवी मुक्त हिमाचल का संकल्प लेते हुए।

**विश्वविद्यालय** में कुलपति ने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को दो महत्त्वपूर्ण शपथ दिलाईं। पहली नशामुक्ति संकल्प शपथ थी, जिसके अंतर्गत सभी ने यह दृढ़ निश्चय किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे, किसी भी रूप में इसका समर्थन नहीं करेंगे तथा समाज में इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाएंगे।

दूसरी एचआईवी मुक्त हिमाचल शपथ थी, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार ने यह प्रण किया कि वे प्रदेश को एचआईवी/एड्स मुक्त बनाने के प्रयासों में सक्रिय सहयोग देंगे, सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देंगे और इस बीमारी से पीड़ित लोगों के प्रति किसी भी प्रकार के भेदभाव एवं कलंक का विरोध करेंगे। ये दोनों संकल्प विश्वविद्यालय की केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि समाज के समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति उसकी गहन प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। इस उपलक्ष्य पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ आरके. अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एल.के. अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार ने बधाई दी है।

**कार्यक्रम** तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और गर्व का प्रतीक : आचार्य ललित अवस्थी

# देशभक्ति के रंगों से सजा सेल्फी प्वाइंट

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




हर घर तिरंगा अभियान के तहत सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ करते हुए।

**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आकर्षक सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने किया। इस अवसर पर कुलपति आचार्य अवस्थी ने कहा कि तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और गर्व का प्रतीक है।

उन्होंने सभी विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों और विद्यार्थियों से अपील की कि वे तिरंगे के साथ फोटो लेकर इसे हर घर तिरंगा बेबसाइट पर अपलोड करें व अधिक से अधिक साझा करें ताकि देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह पहल देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने तथा लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक करने का एक सार्थक प्रयास है।

सेल्फी प्वाइंट को तिरंगे के रंगों और 15 अगस्त की थीम पर विशेष रूप से सजाया गया है, जो देशभक्ति का अनूठा वातावरण प्रस्तुत करता है। इस अभियान के संयोजक डॉ.राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि कुलपति जी के निर्देशानुसार सेल्फी प्वाइंट से इस अभियान को रचनात्मक और सहभागिता-पूर्ण बनाने का प्रयास है ताकि युवा और आमजन देशभक्ति के इस उत्सव से सीधे जुड़ सकें। हमें गर्व है कि एसपीयू परिवार ने इस पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है और यह संदेश दूर-दूर तक पहुंचेगा। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाकर हर घर तिरंगा अभियान का समर्थन किया व 15 अगस्त को घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में आचार्य सुनील गुप्ता पूर्व कुलपति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला, आचार्य राजेश शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. सनील ठाकुर अधिष्ठाता योजना एवं विकास, विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वीरों के स्मारकों की देखरेख करना हम सबका कर्तव्य : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



**सुंदरनगर भाजपा मंडल ने चलाया शहीद प्रतिमा स्वच्छता कार्यक्रम**

**हर** घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा सुंदरनगर मंडल द्वारा आज शहीद नरेश चौक में शहीद प्रतिमा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद नरेश कुमार स्मारक परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया, प्रतिमा को जल व कपड़े से साफ किया और पुष्पांजलि अर्पित कर वीर सपूत को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल कर रहा है, बल्कि इसके अंतर्गत वीर सपूतों के स्मारकों की स्वच्छता और संरक्षण का संकल्प भी शामिल है। इसी क्रम में आज पूरे प्रदेश में एक दिन शहीदों की मूर्तियों की सफाई का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सैनिक एमसी पार्क में शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हर वर्ष की तरह इस बार भी ऊना के पूर्व सैनिक स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को एमसी पार्क में प्रातः 10:15 पर एकत्रित होकर उन सभी अमर शहीदों को, जिन्होंने अपने देश की आन, बान और शान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, को शासन और प्रशासन के साथ मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पूर्व सैनिक राजेन्द्र शर्मा ने बताया की श्रद्धांजलि देने के बाद पूर्व सैनिक आम बैठक करके आपस में अपने विचार साझा करेंगे। इंडियन एक्स सर्विसेज लीग ऊना के चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद ने सभी पूर्व सैनिकों से अपील की वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में समय रहते एमसी पार्क ऊना में पहुंचे।

### अंशिका का मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के लिए चयन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोह की छात्रा अंशिका पुत्री विजय कुमार का नीट परीक्षा के तहत चयन डॉक्टर राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के लिए हुआ है। इससे विद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों में खुशी की लहर फैल गई है। गांव के लोग भी अंशिका के घर जाकर बधाइयां दे रहे हैं। प्रधानाचार्य डॉक्टर विक्रम बहादुर ने अंशिका और उसके माता-पिता को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अन्य बच्चों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए कि बिना कोचिंग के भी अपने लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। अंशिका के पिता दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। साधारण परिवार का बच्चा भी बिना किसी की मदद लिए अपनी मंजिल को छू सकता है। इस अवसर पर मृदुल रानी, रेनू बाला, रीना धीमान, रीता देवी दिनेश कुमार तथा स्टाफ के अन्य सदस्य अभी उपस्थित रहे।

### अंब कॉलेज में एनएसयूआई के कैंपस अध्यक्ष बने शिवम



**अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय महाविद्यालय अंब में एनएसयूआई के कॉलेज कैंपस अध्यक्ष पद पर शिवम भाटिया का चयन किया गया। इसके साथ ही कृष सोनी को उपाध्यक्ष, मानविक मोदीगिल को महासचिव, नितिन राणा को कोऑर्डिनेटर और नवीन कुमार को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर नव-निर्वाचित अध्यक्ष शिभम भाटिया व एनएसयूआई के सभी सदस्यों ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसयूआई की ओर से प्राचार्य को एक इंडोर पौधा भेंट किया गया। इसके बाद कॉलेज परिसर में नीम के पौधे लगाए गए और सभी ने प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। अध्यक्ष शिवम भाटिया ने कहा कि हिमाचल में पिछले समय में हुई तबाही ने सभी को चेताया है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ। पेड़ न केवल मिट्टी को खिसकने से बचाते हैं, बल्कि तापमान को संतुलित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### एसडीएम ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल निर्वाचन कार्यालय ऊना द्वारा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम ऊना विश्वा मोहन देव सिंह चौहान के कार्यालय में राजनीतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मतदान केंद्रों के संशोधन कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मापदंड के अनुसार राजनीतिक दलों के साथ प्रस्तावित मतदान केंद्रों पर चर्चा की गई। एसडीएम ने बताया कि 3 मापदंड के चलते मतदान केंद्रों में बदलाव हो सकता है, जैसे मतदान केंद्र भवन का क्षतिग्रस्त होना, मतदान केंद्र की 2 किलोमीटर से ज्यादा दूरी न होना और किसी भी तरह की प्रकृति बाधा जैसे नाला आदि मतदान केंद्र के रास्ते पर न हो। एसडीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के मापदंड के अनुसार किसी भी मतदान केंद्र में 1200 से ज्यादा मतदाता नहीं होनी चाहिए, जो कि पहले 1500 का मापदंड था। इसी मापदंड में बदलाव के कारण ऊना विधान सभा क्षेत्र में 4 नए मतदान केंद्र बनने प्रस्तावित है। बनगढ़ में एक व संतोखगढ़ में 3 नए प्रस्तावित मतदान केंद्रों के साथ नगर परिषद संतोखगढ़ में मतदान केंद्रों को वार्ड वाइज करना प्रस्तावित है। इसके साथ राजनीतिक दलों को भी सूचित किया गया कि यह भी 18 अगस्त तक मतदान केंद्रों में बदलाव के सुझाव दे सकते हैं। बैठक में कांग्रेस ब्लॉक प्रेजिडेंट रविन्द्र सहोरे और बीजेपी ब्लॉक प्रेजिडेंट बसदेहरा देविंदर कौशल, निर्वाचन कानूनगो ऊना हरजीत सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

### चिंतपूर्णी कॉलेज में नशे के खिलाफ किए जागरूक




**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय महाविद्यालय चिंतपूर्णी में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और रेड रिबन तथा रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में नशे पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार ने अपने व्याख्यान में नशे की लत के खतरों और इसके समाज पर नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. अजय कुमार ने छात्रों से आग्रह किया कि वे समाज में नशे में संलिप्त परिवारों को जागरूक करें और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताएं। वहीं, रेडक्रॉस सोसायटी की की संयोजिका डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित किए जाने से छात्र स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य छात्रों को नशे के खतरों के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

# अंब में पेयजल व सिंचाई समस्या होगी हल

## विधायक बबलू ने अंब में 1.11 करोड़ की लागत से बनने वाले आधुनिक कूड़ा संयंत्र का किया शिलान्यास

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

अंब। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बुधवार को नगर पंचायत अंब में 1.11 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आधुनिक कूड़ा प्रबंधन संयंत्र का शिलान्यास किया। संयंत्र में कंपोस्टिंग पिट, शौचालय, म्युनिसिपल वाहनों के लिए वाशिंग स्टेशन, मटीरियल रिकवरी सुविधा केंद्र, हानिकारक कचरा संग्रह केंद्र, सड़क व गेट, बाउंड्री वाल, ड्रेन और आर्गेनिक वेस्ट कन्वर्टर शेड का निर्माण किया जाएगा।

विधायक बबलू ने कहा कि नगर पंचायत अंब में विकास परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कस्बे में 19 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल परियोजना का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है और इसका लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसी तरह अंब में सीवरेज प्रणाली का काम भी जल्द शुरू होने जा रहा है, जिसके लिए 4 करोड़ रुपए की पहली किस्त पहले ही जारी हो चुकी है। विधायक ने कहा कि कस्बे में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य भी जारी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा पार्टी विचारधारा से ऊपर उठकर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

कार्यक्रम में नगर पंचायत की अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की गैर मौजूदगी पर उन्होंने कहा कि यह दुख की बात है कि कुछ लोग विकास कार्यों में भी राजनीति को बीच में लाते हैं। जनता ने हमें काम करने के लिए चुना है, राजनीति करने के लिए नहीं। हमारा लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ विकास है। कार्यक्रम के दौरान वार्ड-5 के लोगों ने पेयजल और सिंचाई सुविधाओं की समस्या रखी। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि दिवाली से पहले इन दोनों समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने इसके लिए योजना तैयार कर ली है।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर एसडीएम अंब सचिन शर्मा, तहसीलदार नरेश पटियाल, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग एचएल जस्सल नगर, एसडीओ सुखविंदर सिंह, राकेश कुमार, पंचायत सचिव हर्ष गुप्ता, जेई प्रमोद कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विकास कश्यप, ओबीसी कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य नरेश बरोटिया, नगर पंचायत अंब की पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद रानी ठाकुर, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राघव ठाकुर, विधानसभा अध्यक्ष अमन ठाकुर, पार्षद नरेश कुमारी, अशोक कुमार, रितेश शर्मा, राजेश शर्मा, धरमिंदर बिल्ला, संदीप मनकोटिया काला, रविंद्र बंसल व अरुण डडवाल सीटा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



विधायक सुदर्शन बबलू अंब में आधुनिक कूड़ा संयंत्र का शिलान्यास करते हुए।

### श्मशानघाट को दिए 50 हजार रुपए

**इसके** अलावा विधायक ने वार्ड-5 के श्मशानघाट के लिए 50 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि अंब और आसपास के क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण मिल सके।

# ऊना में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 15 अगस्त को ऊना में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वह 14 अगस्त की शाम ऊना पहुंचेंगे और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। विधानसभा कार्यालय शिमला से प्राप्त प्रवास कार्यक्रम के अनुसार पठानिया 14 अगस्त को दोपहर 2.30 बजे शिमला से ऊना के लिए प्रस्थान करेंगे। ऊना के डीसी जतिन लाल ने बताया कि 15 अगस्त को प्रातः 11 बजे पठानिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेने के उपरांत लोगों को संबोधित करेंगे।



समारोह में पुलिस व होमगार्ड के साथ एनसीसी, एनएसएस तथा विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी परेड में भाग लेंगे। इससे पूर्व, विस अध्यक्ष एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से बड़ी संख्या में समारोह में भाग लेने की अपील की है।

**जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित झांकियां होंगी आकर्षण :** समारोह में आकर्षक झांकियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक संदेशों पर आधारित कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित झांकियों में सहित राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे बोर्डिंग स्कूल, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, कैच द रेन अभियान, कृषि एवं बागवानी विभाग और डीआरडीए की योजनाएं शामिल होंगी। विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और नाट्य दल रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे, जो प्रदेश की संस्कृति और विविधता को दर्शाएंगी।

**ईट राइट मेले की तर्ज पर लगेंगे स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों के स्टॉल :** उपायुक्त ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए समारोह स्थल पर ईट राइट मेले की तर्ज पर स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें सरकारी विभागों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह भी भाग लेंगे।

### कर्मवीरों का होगा सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सर्वश्रेष्ठ झांकी, सर्वश्रेष्ठ स्टॉल और सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वालों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# प्राकृतिक खेती के किसानों के लिए ऊना में विशेष कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, ऊना**


प्राकृतिक खेती में संलग्न ऊना जिले के किसानों के लिए 14 अगस्त को कृषि विभाग के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के सभागार में होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी किसानों को प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं की सरकारी खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान राशि का वितरण किया जाएगा।

इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा (विक्कू) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और किसानों को एमएसपी की राशि वितरित करेंगे। यह जानकारी आतमा परियोजना के निदेशक वीरेंद्र बग्गा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करना और किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम 14 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के सभागार, ऊना में होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्राकृतिक खेती को स्वरोजगार का साधन बनाने और न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने जैसे निर्णयों का सीधा लाभ प्रदेश के किसानों को मिल रहा है।

सरकार ने प्राकृतिक गेहूं के लिए 60 रुपए प्रति किलो और मक्की के लिए 40 रुपए प्रति किलो एमएसपी निर्धारित किया है, साथ ही किसानों को 2 रुपए प्रति किलो तक का परिवहन भत्ता भी प्रदान किया जा रहा है।

**14 अगस्त को वितरित होगा गेहूं का एमएसपी**

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरीं, एएसपी ने जवानों को दिए टिप्स



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। ऊना में एसडी स्कूल मैदान में हिमाचल पुलिस की महिला और पुरुषों की टुकड़ी के अलावा, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस तथा होम गार्ड बैंड सलामी देगा। यह जानकारी एएसपी संजीव भाटिया ने दी। समारोह को लेकर एएसपी संजीव भाटिया पुलिस और होम गार्ड को सलामी परेड को लेकर टिप्स दिए।

# सरकार जल्द जारी करे शिक्षा विभाग की प्रमोशन सूची : संघ

**अनंत ज्ञान, अंब**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय नेगी व महासचिव इंद्र सिंह ठाकुर ने मुख्यामंत्री, शिक्षा मंत्री व सचिव शिक्षा से अनुरोध किया है कि प्रिंसिपल प्रमोशन को सूची को जल्द से जल्द जारी करे ताकि स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई व अन्य गतिविधियां सुचारु रूप से चल सकें। ध्यान रहे कि पिछले दो वर्षों से शिक्षा विभाग में कोई भी पदोन्नति नहीं मिली है। लगभग पूरे प्रदेश में एक हजार (1000) के आस-पास स्कूल बिना प्रिंसीपल के चले हुए हैं।

हमारे प्रवक्ता साथी पिछले 25-26 सालों से एक प्रमोशन के लिए तरस रहे हैं। मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से प्रवक्ता संघ की मांग है कि जल्द ही जिस सूची मे लोक सेवा आयोग द्वारा जो प्रश्नचिन्ह लगाएं है, उन्हें हटवा कर के सूची जारी कर दी जाए, जिससे अध्यापक साथियों का मनोवल बढ़ेगा और शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। इसलिए जल्द उनकी मांगों को अमलीजामा पहनाया जाए

# अंब कॉलेज में खेलों के जरिए नशे के खिलाफ अभियान

**अनंत ज्ञान, अंब**

महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब मे अंतर-कक्षा भारोत्तोलन, बास्केटबाल और ऊंची कूद की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के खेल एवं युवा क्लब द्वारा किया गया, जिसका संदेश युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और युवाओं को खेलने के लिए प्रेरित करना था।

क्लब के संचालक, प्रोफेसर डॉ. पवन पटियाल ने बताया कि महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता में सोनाक्षी राणा, सुहानी, रूबी चौधरी, कृति ठाकुर, आरुषि, प्रवीण कौर, सिमरन चौधरी, सिया शर्मा और पलक ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक और तानिया, अर्शदीप, रितिका मुस्कान ने रजत पदक जीते, जबकि पुरुष भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जतिन, शिवम, निखिल राणा चिराग, अभिषेक, शुभम, हर्षित और आकर्ष ने स्वर्ण पदक जीते जबकि दीपक, अभय समक्ष, अनिल, सुजल और आर्यन ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीते।

बास्केटबाल के फाइनल मुकाबले में सक्षम ठाकुर, भविष्य, अनीश, रित्तिक, पंकज शर्मा, अक्षत की टीम विजेता रही जबकि निखिल वर्मा, प्रदीप, वंश, पारीक, मानव, रोहित की टीम उपविजेता रही। महिला ऊंची कूद में सुहानी ने स्वर्ण पदक, पलक ने रजत पदक और ज्योति ने कांस्य पदक जीते।

पुरुष वर्ग में आदित्य ने स्वर्ण, राहुल चौधरी में रजत और सौरभ ने कांस्य पदक जीते। इस प्रतियोगता के मुख्य अतिथि प्राचार्य, प्रो. दर्शन कुमार ने मेडल पहनाकर विजेताओं को सम्मानित किया और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया । इस अवसर पर डॉ. नितिन शर्मा, प्रो. अमित शर्मा, प्रो. अजय कुमार, प्रो. अनय कुमार, प्रो. जमीत, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. राजेश ठाकुर, लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. अजय शर्मा, रिपन शर्मा, विनोद कुमार और स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे ।



खेल प्रतियोगिता में सुहानी, जतिन और आदित्य सहित कई छात्रों ने जीते पदक।

# कुटलैहड़ के लोगों ने सीएम राहत कोष में दिया 2,53,400 का चेक

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर आपसी सहयोग और मानवता की मिसाल पेश की गई है। विधायक विवेक शर्मा ने बुधवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को 2,53,400 का चेक सीएम राहत कोष में भेंट किया। यह सहायता जिला मंडी में हाल ही में आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए भेजी गई है। इससे पहले भी विधायक विवेक शर्मा 8,11,038 का चेक मुख्यमंत्री को सौंप चुके हैं। इस तरह कुटलैहड़ की तरफ से अब तक कुल 10,64,438 की आर्थिक सहायता सीएम राहत कोष में पहुंच चुकी है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस योगदान के लिए कुटलैहड़ क्षेत्र की संपूर्ण जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपदा के समय इस तरह का सहयोग प्रभावित परिवारों के जीवन में नई उम्मीद जगाता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधायक विवेक शर्मा की पहल और सेवा भाव की खुलकर सराहना करते हुए उनकी पीठ भी थपथपाई। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता मेरे लिए परिवार के समान है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा मंडी जिले के पीड़ित परिवारों की मदद के लिए की गई अपील पर कुटलैहड़ की जनता ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया।

विवेक शर्मा ने स्पष्ट किया कि आगे भी कुटलैहड़ क्षेत्र किसी भी संकट की घड़ी में प्रदेश के अन्य हिस्सों के लिए हर संभव सहयोग करता रहेगा।



सीएम सुक्खू को चेक सौंपते विधायक विवेक।

**अब तक मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 10,64,438**

# राजन शर्मा प्रदेश स्कूल लेक्चरर के चीफ मीडिया सचिव नियुक्त

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रांतीय प्रेस एवं संगठन सचिव राजन शर्मा को हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी ने लेक्चरर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी में बतौर चीफ मीडिया सचिव नियुक्त किया। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। यह जानकारी महासचिव इंदर सिंह ठाकुर ने दी , नवनिर्वाचित के मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया लेक्चरर संघ ने जो दायित्व उन्हें पुनः सौंपा है, वह उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए लेक्चरर संघ के मुख्य संरक्षक लोकेंद्र नेगी, प्रदेश प्रधान अजय नेगी, महासचिव इंदर सिंह ठाकुर, चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, कार्यकारी अध्यक्ष दीप सिंह खन्ना एवं संघ के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। राजन ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी से लेकर जिला स्तर यूनिट स्तर तक लेक्चरर हित के लिए कार्य करेंगे और प्रधान अजय नेगी के नेतृत्व में संगठन को सशक्त करेंगे

**आयोजन**

## ऊना और अंब में भाजपा ने देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव के संदेश के साथ निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

# भारत माता की जय जैसे नारों से वातावरण देशभक्ति से हुआ सराबोर

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/ अंब**

ऊना सदर में भाजपा की ओर से बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। साथ ही चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। ऊना में तिरंगा यात्रा भाजपा सदर विधायक सतपाल सत्ती की अगुवाई में निकाली गई। ऊना विश्रामगृह से लाल बत्ती चौक पहुंचने के बाद एमसी पार्क स्थित शहीद समारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर यात्रा का समापन किया।

इस दौरान सतपाल सत्ती ने कहा कि भाजपा हर साल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा करती है। उन्होंने कहा कि उन शहीदों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है, जिन्होंने हमारी सुरक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया।

वहीं, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य बुधवार को मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह की अध्यक्षता में भाजपा मंडल चिंतपूर्णी द्वारा नगर पंचायत अंब में एक भव्य तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव के संदेश के साथ निकाली गई, जिसमें स्थानीय जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं और युवा वर्ग ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, तथा गगरेट के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला परिषद सदस्य सुशील कालिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इन सभी नेताओं ने राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने वाले इस आयोजन की सराहना की और जनता को देश की एकता और अखंडता के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। यात्रा की शुरुवात से पहले पूर्व विधायक व पूर्व जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह ने देश की बदलती दिशा ओर दशा पर जोर देकर कहा कि देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। आज अमेरिका जैसे देश भारत की तरक्की देख बौखला गए हैं और डरा धमका कर अपने हिसाब से व्यापार करने के लिए जोर दे रहे हैं, लेकिन मोदी के नेतृत्व पर 2027 तक देश तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। यात्रा की शुरुआत अंब के अम्बेडकर भवन से हुई और विकास खंड अधिकारी कार्यालय तक गई। हाथों में तिरंगा लिए हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम्, और जय हिन्द जैसे नारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर पूर्व विधायक व गगरेट व चिंतपूर्णी से विधायक रहे बलबीर चौधरी, जिला ध्यक्ष शाम मिन्हास, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शंभू गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, जिला परिषद सदस्य सुशील कालिया, जिला उपाध्यक्ष, रवींद्र द्विवेदी व राजीव राजू , ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष है देव खटा, पंचायत समिति अध्यक्ष सुनीता धीमान, नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु धीमान, जिला अल्प संख्यक अध्यक्ष बशीर मोहमद, विजय स्पेहीआ मंडल उपाध्यक्ष, कुलदीप ठाकुर महासचिव मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा, सहित स्थानीय नेतृत्व, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, और अन्य प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि भी आयोजन में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे।



भाजपा ने तिरंगा यात्रा के तहत भारत और देवभूमि के वीर सपूतों को किया याद।

### मुबारिकपुर में पूर्व विधायक चैतन्य ने की अगुवाई

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** आजादी के अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गगरेट विधानसभा क्षेत्र के मुबारिकपुर में पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता चैतन्य शर्मा की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में भाजपा मंडल दौलतपुर और भाजपा मंडल गगरेट के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर चैतन्य शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा ने देशभर के प्रत्येक मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालने का संकल्प लिया है, ताकि जन-जन में देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुंचे।



# सदाशिव मंदिर में कल धूमधाम से मनाया जाएगा जन्माष्टमी महोत्सव

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के धार्मिक स्थल सदाशिव मंदिर महादेव में 15 अगस्त की रात को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया जाएगा। मंदिर प्रबंधन समिति और सदाशिव चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने कहा कि आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, लीलाओं और उपदेशों का विशेष गुणगान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक अमित धर्मकोटी अपनी मधुर वाणी में श्रीकृष्ण भक्ति के सुर बिखेरेंगे।



आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम में भक्तगण घर से मिश्री और माखन लेकर आएंगे, जो भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित किया जाएगा। सदाशिव मंदिर महादेव जो ऊना जिले के जोल में रामगढ़ धार के एक ऊंचे टीले में एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, हर साल जन्माष्टमी पर विशेष सजावट और भव्य आयोजन के लिए जाना जाता है। इस बार भी मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और झांकियों से सजाया जाएगा। विशेष रूप से भगवान कृष्ण के जीवन प्रसंगों पर आधारित झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर देर रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की मुख्य पूजा संपन्न होगी, जिसमें मंत्रोच्चारण, आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। प्रसाद में माखन, मिश्री और पंचामृत का विशेष महत्व रहेगा।

प्रवीण शर्मा ने सभी श्रीकृष्ण भक्तों से अपील की है कि वे इस पावन पर्व में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और भक्ति भाव से भगवान के जन्मोत्सव को मनाएं। धार्मिक दृष्टि से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी न केवल भगवान के अवतार का स्मरण कराती है, बल्कि जीवन में धर्म, सत्य, प्रेम और कर्तव्यपालन के संदेश को भी जीवंत करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### उपप्रधान बनी पायल और महासचिव मनीषा

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी के पॉलिटिकल साइंस विभाग में नए सत्र के लिए पॉलिटिकल साइंस सोसायटी व इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई टीम का मुख्य उद्देश्य सत्र के दौरान विभिन्न शैक्षणिक व जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन करना है। गठन में उपप्रधान पद पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पायल, महासचिव पद पर तृतीय वर्ष की छात्रा मनीषा, संयुक्त सचिव पद पर ललित, कोषाध्यक्ष राहुल और मीडिया प्रभारी राहुल सक्सेना को चुना गया। सलाहकार पद की जिम्मेदारी प्रो. पंपी घमट्टा को सौंपी गई है, जबकि सोसायटी के संरक्षक के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह रहेंगे। बैठक में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने भाग लिया और अंत में यह बैठक प्रो. पंपी घमट्टा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

### कॉलेज के लक्ष्यों, मूल्यों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवागत छात्रों को कॉलेज की गतिविधियों, नीतियों, पाठ्यक्रमों और संस्कृति से अवगत कराना था। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने नए छात्रों का स्वागत करते हुए कॉलेज के लक्ष्यों, मूल्यों और अपेक्षाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से कॉलेज की शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान छात्रों को कॉलेज में गठित विभिन्न क्लबों और सोसायटियों, छात्रवृत्ति योजनाओं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, छात्र संघ तथा अन्य सुविधाओं के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम संयोजक प्रो. नरेंद्र पॉल ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को कॉलेज वातावरण से परिचित कराना और उन्हें अकादमिक व व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।

### श्रद्धालुओं ने खीर प्रसाद का लिया आनंद

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जीहड़ी नगर स्थित पीहोरी बाबा मंदिर में भव्य खीर भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। यह आयोजन मंदिर समिति द्वारा कारदार दुर्गा देवी महंत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भगवान रघुनाथ के छड़ीबदार महेश्वर सिंह और कारदार टिक्का दानविंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर में हुई विशेष पूजा में भाग लिया और मंदिर के चल रहे जीर्णोद्धार कार्य का भी निरीक्षण कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए, जिनका समिति ने पालन करने का आश्वासन दिया। मंदिर की कारदार दुर्गा देवी महंत ने बताया कि खीर भंडारे की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, लेकिन अब यह सार्वजनिक रूप से मनाया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। कुल्लू के ऐतिहासिक और धार्मिक संदर्भ में पीहोरी बाबा का विशेष स्थान है, जब राजा जगत सिंह ब्रह्म हत्या के दोष से ग्रसित थे, तब पीहोरी बाबा के मार्गदर्शन में अयोध्या से भगवान रघुनाथ को कुल्लू लाया गया था और वहीं से वैष्णव परंपरा की नींव पड़ी। मंदिर समिति के अध्यक्ष संत कुमार शर्मा ने बताया कि खीर भंडारे में नग्गर गांव, कुटबाई, डीबागे, लगाल बेहड़ सहित लगभग एक हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बेदखली नीतियों का किया कड़ा विरोध

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी की सड़कों पर किसानों और बागवानों ने प्रदर्शन किया। हाथों में झंडे और बैनर लिए भारी संख्या में लोग सरकार की भूमि अधिग्रहण और बेदखली नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आनी विश्राम गृह से एसडीएम कार्यालय तक प्रदर्शन किया। वहीं, एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। वहीं, पूरे आनी में जमीन हमारी, राज तुम्हारा नहीं चलेगा! और खेती-किसानी छीनोगे, तो गद्दी भी छिन जाएगी! जैसे नारे गूंजते रहे। किसान सभा के पूर्व प्रदेश महासचिव ओंकार शाद ने आरोप लगाया कि सरकार उपजाऊ जमीनें बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बड़े कॉरपोरेट घरानों को सौंपने की कोशिश कर रही है। यह केवल जमीन का नहीं, बल्कि सम्मान व अस्तित्व का सवाल है। पीढ़ियों से खेत-खलिहान संभाल रहे लोगों को अपने ही घर-आंगन से बेदखल करने की तैयारी हो रही है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। आनी किसान सभा के अध्यक्ष प्रताप ने चेतावनी दी कि अगर बेदखली की नीति पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई, तो यह आंदोलन शिमला तक फैलाया जाएगा। विधानसभा सत्र के दौरान इस मुद्दे की गूंज हर हाल में सुनाई देगी। वहीं, पद्म प्रभाकर ने मांग की कि भूमि अधिग्रहण की सभी कार्रवाईयां रोकी जाएं, प्रभावितों को उचित मुआवजा, पुनर्वास और वैकल्पिक भूमि अधिकार दिए जाएं। विभिन्न गांवों से आए किसान प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि यह आंदोलन लंबा चलेगा और जरूरत पड़ने पर इसका प्रदेश स्तर पर विस्तारित किया जाएगा।

# कुल्लू में दो जगह फटे बादल, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र करवाए खाली

## तीर्थन घाटी के बठाहड़ और श्रीखंड महादेव के भीम डवारी इलाके में पेश आई बादल फटने की घटनाएं

**जितेंद्र गुप्ता/ शीला कौल, अनंत ज्ञान**

**आनी/बंजार।** कुल्लू जिले में एक बार फिर बरसात ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है।

बुधवार शाम जिले में दो जगह बादल फटने से लोग दहशत में आ गए। बंजार की मशीयार पंचायत के टीला पुल के पास बादल फटने से तीर्थन नदी का जलस्तर बहुत बढ़ गया है, जिससे दो कैंपर बह गए हैं, जबकि चार और गाड़ियां चपेट में आ गई हैं। वहीं, टीला पुल से नतक के पांच पुल, एक कॉटेज व पांच घरों में मलबा भर गया है। पहली घटना बंजार की तीर्थन घाटी के बठाहड़ क्षेत्र में और दूसरी श्रीखंड महादेव भीम डवारी इलाके में पेश आई। बादल फटने से तीर्थन घाटी और आसपास के कई निचले ग्रामीण इलाकों में बाढ़ आने से पानी और मलबा भर गया। प्रशासन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाढ़ प्रभावितों कई गांवों को खाली करा दिया है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में बठाहड़ तथा बागीपुल के पास बादल फटने से तीर्थन तथा कुरपण खड्ड में जलस्तर बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि बागीपुल के भीमडुआरी क्षेत्र में बादल फटने की सूचना मिलते ही खतरे वाले सभी क्षेत्र खाली कर लोग सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए हैं। वहीं, तीर्थन घाटी में भी खतरे वाले सभी क्षेत्र खाली कर लोग सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए हैं।

उन्होंने कहा कि इन घटनाओं में जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने जनता से अपील की है कि नदी-नालों के नजदीक न जाएं। आने वाले दो दिनों में भी कई स्थानों पर भारी वर्षा का अलर्ट है। गौरतलब है कि 31 जुलाई, 2024 की रात को बादल फटने से कुल्लू और शिमला जिले के बागीपुल और समेज क्षेत्र में भारी जानमाल का नुकसान हुआ था। लोग अभी उस त्रासदी से पूरी तरह उबर भी नहीं पाए थे कि कुर्पन खड्ड एक बार फिर रौद्र रूप दिखाने लगी है। फिलहाल बागीपुल में बना पुल सुरक्षित है और प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।



कुल्लू जिले में एक बार फिर बरसात ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है, टीला पुल के पास बादल फटने से तीर्थन नदी का जलस्तर बढ़ गया।

### एक बार फिर खौफजदा घाटी के लोग

**बुधवार** की शाम को श्रीखंड महादेव के रास्ते में एक बार फिर बादल फटने की घटना ने कइयों के रौंगटे खड़े कर दिए हैं। 2024 की वो भयावह रात आज भी बागीपुल और समेज गांव के लोगों को याद है, जब श्रीखंड महादेव के नीचे नैन सरोवर और भीम डवारी क्षेत्र में बादल फटने से सब कुछ उजड़ गया था। आधी रात को आई उस विनाशकारी आपदा ने कुल्लू और शिमला जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई थी। बागीपुल और समेज गांवों में कई लोगों की जान चली गई, कई अभी तक लापता हैं और पूरा समेज गांव मानो नक्शे से मिट गया। कुल्लू जिले के बागीपुल की बात करें, तो इस हादसे में 9 लोग बह गए थे, जिनमें 3 के शव मिले, जबकि 6 आज भी लापता हैं। आज भी बागीपुल की सड़क और कुर्पन खड्ड के किनारे बह चुके मकानों और दुकानों के अवशेष इस त्रासदी की गवाही देते हैं, जिन घरों में कभी चूल्हा जलता था, अब वहां मलबा और वीरानी पसरी है। 3 पुल बह जाने के कारण अभी भी वाहनों की आवाजाही बेली ब्रिज से हो रही है। बुधवार को यह घटना दिन दहाड़े घटी और ऊपरी क्षेत्र से निचले क्षेत्रों के लोगों को पूर्व सूचना देकर सचेत कर दिया गया था।।



### भाजपा ने मनाली में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** भाजपा मनाली मंडल के द्वारा मनाली में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा मनाली मंडल के कार्यकर्ताओं संग भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर भी शामिल हुए। यह तिरंगा यात्रा रामबाग से होते हुए मालरोड, सिविल अस्पताल, गोंपा रोड से वन विहार में संपन्न हुई। इसके बाद वन बिहार में सभी ने पौधरोपण किया और देवदार के लगभग 500 पौधे लगाए। इस दौरान समूचा क्षेत्र भारत माता की जय से गूंज उठा। वहीं, इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान गोविंद ने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भाजपा मनाली मंडल के द्वारा नग्गर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम पूरे देश भर में चल रहा है। इसी कड़ी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। देशभक्ति भावना इस तरह की यात्रा से जागृत होती है।

### रोशन लाल को भुंतर सुधार समिति की कमान

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर सुधार समिति के चुनाव गुरुद्वारा साहिब भुंतर में घनश्याम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इसमें सर्वसम्मति से रोशन लाल को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष सुनील चौहान, नीना घई, तो महासचिव की जिम्मेदारी अनील धीमान को दी गई सहसचिव झावे राम को बनाया। कोषाध्यक्ष ऋषि राज, सहकोषाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, वाइस चेयरमैन मनीष कौंडल, मुख्य प्रवक्ता डीआर आनंद, सलाहकार नीलम घई, अंजना व मीना जशवाल को बनाया। वहीं, मीडिया प्रभारी पूर्ण ठाकुर, सदस्य मेघ सिंह, अनमोल घई, संजू व वनीता को बनाया गया। रोशन लाल ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उसे में ईमानदारी से निभाउंगा।

## सरकार के खिलाफ किसान सभा ने खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल किसान सभा जिला कुल्लू ने बुधवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। इस मौके पर राज्य कमेटी हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ के आह्वान पर जिला मुख्यालय कुल्लू में प्रदर्शन किया गया।

कुल्लू में लोअर ढालपुर से जिलाधीश कार्यालय तक रैली निकाली गई। रैली में मजदूर किसान एकता के नारे लगाए गए। मुख्य मुद्दे जुलाई माह में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में ये कहा कि कब्जाधारियों के बगीचों से सेब के पौधे नहीं काटे जाएंगे यह एक फौरी राहत है, लेकिन बेदखली का मुद्दा आज भी वैसा ही बना हुआ है। इसी तरह 5 अगस्त को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में राजस्व अधिनियम की धारा 163ए को निरस्त कर दिया, जिससे हिमाचल प्रदेश के किसानों व भूमिहीनों पर नाकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हजारों लोग वेघर हो जाएंगे और किसानों के सेब के पेड़ काटे जाएंगे। हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ सरकार से आग्रह करता है कि 5 अगस्त 2025 के उच्च न्यायालय के निर्णय को लेकर सर्वोच न्यायालय में चुनौती दें, ताकि प्रदेश में छोटे कब्जाधारियों को उजाड़ने से रोका जाए।

किसान सभा यह भी मांग करती है कि बन संरक्षण कानून-1980 को संशोधित करके बेदखली रोकी जाए। हिमाचल प्रदेश में अंबानी, अडानी के लिए वन संरक्षण कानून 1980 में संशोधन करके हजारों एकड़ जमीन इन्हें सौंप दी गई। दूसरी तरफ बड़े पैमाने पर किसानों की बेदखली की जा रही है। किसान सभा व सेब उत्पादक संघ पूरी ताकत के साथ वेदखली के खिलाफ किसानों के साथ खड़ी है।

डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों को हिमाचल किसान सभा के जिला अध्यक्ष गोविंद भंडारी, कुल्लू ब्लॉक सचिव गुरजीत सिंह गिल, नगर ब्लॉक सचिव अनिल कुमार, भूमिहीन आवासहीन संघ के सचिव जगर नाथ अध्यक्ष मणि देवी, नैना शर्मा, छिमा डोलमा, सीटू प्रदेश महासचिव प्रेम गौतम, जिला महासचिव राजेश ठाकुर आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार भूमिहीनों को शहर में 2 बिस्वा, गांव में 3 बिस्वा भूमि तथा किसानों को 5 बीघा भूमि देन के लिए नीति बनाए, जो धारा 163ए को हाई कोर्ट ने निरस्त किया है।

## नशे के दुष्प्रभाव व अवैध तस्करी के खिलाफ डीसी ने दिलाई शपथ



नशे के दुष्प्रभाव व अवैध तस्करी के खिलाफ डीसी कुल्लू शपथ दिलाती हुईं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नशे के दुष्प्रभाव और अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे नशा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिले भर में युवाओं, छात्रों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभिन्न वर्गों के लोगों ने एकजुट होकर नशा मुक्ति की शपथ ली।

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने डीसी कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने जिला, प्रदेश और देश को नशा मुक्त बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा व क्षमता के साथ प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी प्रतिज्ञा की कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे, नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे और समाज को इस बुराई से मुक्त करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। डीसी ने कहा कि युवाशक्ति समाज देश की सबसे बड़ी ऊर्जा है और यदि इसे सकारात्मक दिशा में लगाया जाए, तो यह विकास की सबसे मजबूत आधारशिला बन सकती है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म किया जा सके।

### उझी घाटी की सरयू बनेगी डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की उझी घाटी के शिरढ़ गांव की सरयू जंबाल ने एनईईटी परीक्षा में



उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर (आरकेजीएमसी) में एमबीबीएस के लिए हुआ है। सरयू के माता-पिता विजयंत जंबाल और मंजू जंबाल ने बेटी की कठिन मेहनत और देवी-देवताओं की कृपा का फल बताया। उन्होंने कहा कि देवता काली नाग और माता काली ओड़ी की विशेष कृपा सरयू पर रही है। इस उपलब्धि से गांव और पूरे कुल्लू क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सरयू ने अपने पुराने स्कूल केडी स्टार सीसे स्कूल बाशिंग में जाकर छात्रों को अपनी सफलता की प्रेरणादायक कहानी सुनाई। स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरयू की विनम्रता, मेहनत व समर्पण हर छात्र के लिए प्रेरणा है।

**प्रहार** बरसात में बंजार की जनता बेहाल, सरकार नहीं दिख रही गंभीर

## बंजार कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता से बाहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि बंजार विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता से बाहर है, तभी तो यहां पर विकास तो दूर, लेकिन बरसात में हुए नुकसान को लेकर भी सरकार गंभीर नहीं दिख रही है। यह बात उन्होंने बुधवार को कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

बरसात के इस कठिन समय में क्षेत्र की बदहाल स्थिति और सरकार की उपेक्षा पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि लगातार हो रही बारिश और भूस्खलनों के कारण न केवल मुख्य मार्ग, बल्कि अधिकांश ग्रामीण सड़कें भी भारी क्षति के चलते बंद पड़ी हैं। इससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। विधायक शौरी ने कहा कि स्कूलों का शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन बस सेवाएं ठप होने से विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्टूडेंट्स घंटों पैदल सफर करने को मजबूर हैं, वहीं आम जनता को ऊंची दरों पर टैक्सियों में यात्रा करनी पड़ रही है। उन्होंने विशेष रूप से तीर्थन घाटी की



बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

मुख्य सड़क का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मार्ग तीन सप्ताह से बसों की आवाजाही के लिए बंद पड़ा है। इस सड़क से आठ पंचायतों की जनता जुड़ी है, लेकिन विभाग ने अब तक बहाली के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किया है। यही हाल अन्य सभी ग्रामीण और मुख्य सड़कों का है, जो जनता की तकलीफों का मजाक उड़ाती प्रतीत हो रही है। विधायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार विपक्षी विधायक होने के कारण बंजार क्षेत्र के साथ भेदभाव कर रही है। संबंधित विभाग बजट की कमी का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं, जबकि न तो बस सेवाएं बहाल करने और न ही सड़क मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

वहीं, क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के नुमाइंदें भी शीत निंद्रा में चले गए हैं। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री या सरकार के किसी वरिष्ठ मंत्री को जल्द बंजार क्षेत्र का दौरा कर, धरातल पर वास्तविक स्थिति का आकलन करना चाहिए और राहत व पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लानी चाहिए। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की, तो पूरे विधानसभा क्षेत्र में जनता आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरने को बाध्य होगी।



# नगर निगम में शुरू होगी आवारा कुत्तों की नसबंदी

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से देश की राजधानी नई दिल्ली में आवारा कुत्तों की समस्या के हल को लेकर आए आदेश का असर सोलन नगर निगम पर दिख रहा है।

नगर निगम ने करीब 50 लाख की लागत से ठोडो मैदान के नजदीक एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निर्माण तो किया पर डॉक्टर और तकनीकी स्टाफ की कमी से यह शुरू नहीं हो पाया, अब नगर निगम की मेयर की पहल पर सरकार से वेटरनरी डॉक्टर की मांग की गई है। नसबंदी का कार्य शुरू करने के लिए पशुपालन विभाग से डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति की भी मांग की गई है। बता दें कि शहर में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इसका मुख्य कारण एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर शुरू होने में देरी भी है। हालात ये हैं कि पिछले कुछ दिनों से सोलन शहर में कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ गई हैं। पिछले दिनों सोलन शहर में एक दिन में 26 लोगों को कुत्तों ने काट लिया था। शहर में बढ़ती कुत्तों की संख्या को रोकने के लिए नगर निगम ने अब एक महीने का शार्ट टर्म टेंडर लगाने का निर्णय लिया है। हालांकि, कुत्तों के काटने की घटनाओं को देखते हुए नगर निगम अब एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने की मुहिम भी चलाई है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

## सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का किया स्वागत

**पूर्व** भाजपा प्रत्याशी सोलन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजेश कश्यप और एंप्रावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन सोलन अध्यक्ष संदीप ठाकुर ने सर्वोच्च न्यायालय के उस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत और समर्थन किया है। **इसमें** दिल्ली को आवारा कुत्तों से मुक्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की बात कही गई है। यह निर्णय न केवल दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह पूरे देश के लिए एक मार्गदर्शक उदाहरण है। डॉ. राजेश कश्यप ने प्रदेश सरकार से भी इस दिशा में अग्रिम कदम उठाने की अपील की है। सरकार जनता को कुत्तों के काटने से होने वाले खतरे से बचाने के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाए। विशेषकर सुबह-सुबह अपने बच्चों को स्कूल भेजने वाले माता-पिता, जो कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं से भयभीत हैं, उनको राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने हाल ही में सोलन नगर निगम क्षेत्र में एक पागल (रेबीज ग्रस्त) कुत्ते ने 22 लोगों को काट लिया। इनमें बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सभी पीड़ित वर्तमान में उपचाराधीन हैं। यह घटना साफ संकेत देती है कि कुत्तों की अनियंत्रित संख्या और रेबीज संक्रमण, हिमाचल प्रदेश में गंभीर जन स्वास्थ्य संकट का रूप ले रहे हैं। उन्होंने नगर निगम और पंचायत स्तर पर आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रण के लिए स्थायी नीति बनाने का भी पक्ष रखा।

## अभिभावकों को रहती है बच्चों की चिंता

नगर निगम में हजारों की संख्या में कुत्ते शहर की गलियों, सड़कों और मोहल्लों में झुंड में रहते हैं। कुत्तों के आतंक से रोज स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काटने की घटनाएं सामने आती है। कुत्तों की बढ़ती संख्या से शहर वासी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। कुत्तों के आतंक से लोगों को अकेले चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है।

## सप्ताह में हो सकेंगे 17 ऑपरेशन

**ग्राउंड** के नजदीक बने डॉग स्टरलाइजेशन ओटी कम केयर यार्ड में एक साथ 17 आवारा कुत्तों (मादा) की नसबंदी की जा सकेगी। नसबंदी के बाद उन्हें एक सप्ताह तक पिंजरे में सुरक्षित रखा जाएगा। साथ ही दूध-ब्रेड और अन्य चीजें खाने को दी जाएंगी। नियम के तहत एक सप्ताह के बाद उन्हें पुरानी लोकेशन में छोड़ा जाएगा। यह व्यवस्था शुरू होते ही शहर में काफी हद तक आवारा कुत्तों की संख्या में रोकने में मदद मिलेगी। अब इंतजार है, तो केंद्रीय पशु कल्याण बोर्ड की प्रमाणिकता का। लोगों को उम्मीद थी कि डॉग ओटी बनते ही शहर के स्ट्रे डॉग के स्टरलाइज (नसबंदी) का कार्य शुरू हो जाएगा पर अभी कुत्तों की नसबंदी का कार्य शुरू नहीं हुआ है। इससे लोगों में रोष है।

**नगर** निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने बताया कि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए स्टरलाइजेशन ओटी कम डॉग यार्ड में जल्द कुत्तों की नसबंदी शुरू होगी। सरकार से वेटरनरी डॉक्टर और तकनीकी स्टाफ की मांग की गई है। काम शुरू करने के लिए पशुपालन विभाग के डॉक्टरों को प्रतिनियुक्त किए जाने की मांग सरकार से की जाएगी।

## हॉस्पिटल रोज आते हैं डॉग बाइट के केस

सोलन हॉस्पिटल में अमूमन रोज डॉग बाइट के केस आते हैं। इसमें अधिकतर बुजुर्ग व बच्चे शामिल हैं। डॉग बाइट की घटना बढ़ने के बावजूद नगर निगम आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं दिला पाया है। स्टरलाइजेशन नहीं होने के चलते कुत्तों की आबादी बढ़ती जा रही है। कुत्तों के हमले से लोग चोटिल भी हो जाते हैं। वार्ड में डॉग यार्ड बनाने के दावे किए थे, मगर अब चार वर्ष से अधिक का कार्यकाल होने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। मोहल्ले और कॉलोनी में कुत्तों के झुंड रात को एक साथ भोंकते हैं। इससे लोगों की नींद हराम हो जाती है। साथ छात्रों की पढ़ाई बाधित होने के साथ-साथ रोगियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# डॉ. शांडिल आज से सोलन जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 14, 15 व 16 अगस्त को सोलन जिले के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल 14 को प्रातः 11 बजे सोलन के कथेड़ में वन महोत्सव समारोह में मुख्यातिथि होंगे। स्वास्थ्य मंत्री इसी दिन दोपहर 12.15 बजे डीसी कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। डॉ. शांडिल 15 को प्रातः 11 बजे सोलन के ठोडो मैदान में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत दोपहर 2 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडा में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। 16 को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत जौणाजी में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेले में मुख्यातिथि होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज मुसाफिर करेंगे वन महोत्सव का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ के हेलिपैड के समीप पच्छाद कांग्रेस द्वारा 14 अगस्त को दोपहर बाद 2.30 बजे वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी पच्छाद कांग्रेस के पदाधिकारी मोनी ठाकुर ने दी है। उन्होंने राजगढ़ के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, यूथ कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वह निर्धारित समय अनुसार राजगढ़ के हेलिपैड के समीप पहुंच कर वनीकरण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### शिक्षकों के संचार कौशल को बेहतर बनाने पर दिया ध्यान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल ने 10 और 11 अगस्त को शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा और साहित्य पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा व साहित्य की गहराई व सुंदरता को समझाने में मदद करना था। इस कार्यक्रम में सीबीएसई की विशेषज्ञ रमिंदर कौर और संगीता ने सत्रों का नेतृत्व किया। उन्होंने शिक्षकों के संचार कौशल को बेहतर बनाने और छात्रों के साथ बेहतर जुड़ाव स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों को छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को और अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के लिए नए दृष्टिकोण और रणनीतियां सिखाई गईं। कार्यशाला में भाग लेने वाले 6 अलग-अलग स्कूलों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के डायरेक्टर गुरजीत सिंह सैनी तथा प्रधानाचार्य गुरविंदर कौर चावला ने इस कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता प्रकट की तथा भविष्य में भी ऐसे ही ज्ञानवर्धक कार्यशालाएं आयोजित करवाने के लिए अपनी सहमति जताई।

### विक्रमादित्य 14 से 16 तक सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण व नगर नियोजन मंत्री विक्रमादित्य सिंह 14 से 16 अगस्त तक जिला सिरमौर के दौरे पर रहेंगे। 14 अगस्त को मंत्री दोपहर 2:30 बजे शिमला से रवाना होकर शाम 5:30 बजे नाहन पहुंचेंगे और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। 15 अगस्त (शुक्रवार) सुबह 11 बजे वे नाहन में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे नाहन से पांवटा साहिब रवाना होकर 2:15 बजे पहुंचेंगे, जहां वे श्री गुरु गोबिंद सिंह राजकीय महाविद्यालय भवन का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 2:30 बजे पांवटा साहिब में आयोजित 46वें राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के समारोह में मुख्यातिथि होंगे। दोपहर 3 बजे भगानी पुल व उससे जुड़ी सड़कों का निरीक्षण करेंगे तथा शाम 4 बजे टारू भेला में एचपी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता की समस्याएं सुनेंगे। शाम 6 बजे नाहन लौटकर सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। 16 अगस्त (शनिवार) सुबह 11 बजे नाहन से रवाना होकर 12:15 बजे जीएसएसएस बेचड़ का बाग पहुंचेंगे और जन समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद दोपहर 1:45 बजे भोजन के बाद 1:50 बजे मेला ग्राउंड बेचड़ का बाग पहुंचेंगे। दोपहर 3:30 बजे वे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले के समापन समारोह में मुख्यातिथि होंगे। कार्यक्रम के बाद शाम 7:30 बजे शिमला के लिए रवाना होंगे।

### एनएसएस की कार्यप्रणाली पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का परिचयात्मक कार्यक्रम बड़े उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने की, जबकि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस अध्यक्ष महक के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने नए स्वयंसेवियों को एनएसएस के उद्देश्य और समाज सेवा में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उपाध्यक्ष प्रीतिका ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया, जबकि राजेश्वर ने एनएसएस की कार्यप्रणाली और योजनाओं पर प्रकाश डाला। मीडिया हेड सूर्यांश द्वारा प्रस्तुत पावर प्वाइंट प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली और जानकारीपूर्ण बना दिया। इसमें एनएसएस के इतिहास, गतिविधियों और उपलब्धियों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया।

### स्टूडेंट्स को रैगिंग के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने की। यह आयोजन एंटी रैगिंग कमेटी के संयोजक प्रोफेसर एर्वी निधि, समिति के सदस्य प्रोफेसर रेनू बाला, प्रोफेसर सुध्यान और प्रोफेसर जीना गुप्ता ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. मन शर्मा और प्रो. प्रियंका भारद्वाज ने अपनी विशेषज्ञता और निष्पक्षता के साथ विजेताओं का चयन किया। इस अवसर पर विजयी छात्रों को एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतिम दिन पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया। कॉलेज की प्राचार्य मनीषा कोहली ने विद्यार्थियों को इस अवसर पर बधाई दी और छात्रों को रैगिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए उन्हें एक सुरक्षित और सम्मानजनक शैक्षिक वातावरण बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल्होग ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम प्रधानाचार्य राधा कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित किया। इस दौरान स्थानीय रामलोक परिसर के आस-पास विद्यार्थियों और शिक्षकों ने देवदार, रीठा, दाड़ू, कचनार और अमरूद के 60 पौधे लगाए। स्कूल के मोनाल ईको क्लब प्रभारी हितैषी शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण में वन और पेड़ों के महत्व के बारे में बताया। प्रधानाचार्य ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मां और अभिभावकों का हमेशा आदर और सम्मान करना चाहिए।

### आपदा प्रभावितों की मदद को जुटाए 50 हजार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अखिल भारतीय कोली समाज नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप ने मंडी जिले में आई आपदा के प्रभावितों के लिए राहत जुटाई है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश कोली समाज अध्यक्ष अमर चंद शलाठ को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में हाल ही में हुए नुकसान पर 50 हजार का चेक प्रदान किया। वीरेंद्र कश्यप ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सभी को प्रभावितों की मदद को आगे आना चाहिए। उन्होंने आपदा में जान गवाने वाले परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### योगानंद पुस्तकालय ने पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विवि के योगानंद ज्ञान केंद्र (पुस्तकालय) ने राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर एक पुस्तक प्रदर्शनी और बिक्री का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में 200 से अधिक दान की गई पुरानी और बहुपयुक्त पुस्तकें, जैसे प्रतियोगी परीक्षा गाइड, फिक्शन, नॉन-फिक्शन और स्कूल स्तर की किताबें, 10 और 20 रुपए में उपलब्ध करवाई गईं। इस पहल का उद्देश्य पढ़ाई को प्रोत्साहित करना और संसाधनों के पुनः उपयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रिगेडियर सुनील दत्त मेहता ने किया, जिन्होंने पुस्तकालय टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। कर्नल टीपीएस गिल ने छात्रों और स्टाफ की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी को बड़ी सफलता मिली और 100 से अधिक किताबें बिक गईं। पुस्तकालयाध्यक्ष पूजा और उनकी टीम ने मिलकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया। इससे पुस्तकालय की सामुदायिक भूमिका मजबूत हुई।

### नशा विरोधी और रैगिंग विरोधी ली शपथ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिले के पझौता कॉलेज में एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत विद्यार्थियों ने नशा और रैगिंग विरोधी शपथ ली। प्राचार्य डॉ. शिवानी शर्मा ने नशे के दुष्प्रभावों और रैगिंग के खतरों के प्रति जागरूक करते हुए छात्रों को स्वस्थ व नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया। कॉलेज में दो सेल्फी प्वॉइंट बनाए गए, जहां छात्रों ने अपनी सेल्फी सरकारी वेबसाइट पर अपलोड की। राखी के अवसर पर आयोजित राखी निर्माण प्रतियोगिता में कविता, गुंजन, पायल ने प्रथम, जबकि नेहा, ध्रुव, रीना ने द्वितीय और ज्योति, गौरव, जितेंद्र ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### नशा मुक्त समाज का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ प्रश्नोत्तरी सामूहिक प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य मदन लाल मनकोटिया ने इसकी अध्यक्षता की व तहसील कल्याण अधिकारी करण पाठक विशेषातिथि रहे। कॉलेज स्टॉफ, विद्यार्थियों व अतिथियों ने नशा मुक्त समाज का संकल्प लिया। एंटी-ड्रग क्लब की अध्यक्षा दीपाली शर्मा ने युवाओं को जागरूक रहने की अपील की। प्रो. मानव चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया व प्रधानाचार्य ने युवाओं को नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को कहा।

# संगीन अपराधों, महिला-बाल सुरक्षा और साइबर अपराध पर विशेष नजर



जिला स्तरीय अपराध समीक्षा व पुलिस जवानों के वेलफेयर को लेकर बैठक आयोजित।

अनंत ज्ञान, सोलन

पुलिस लाइन के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रत्येक माह में होने वाली अपराध समीक्षा व पुलिस जवानों के वेलफेयर को लेकर एसपी गौरव सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में जिला सोलन के समस्त पर्यवेक्षक अधिकारियों, समस्त प्रभारी थाना, समस्त प्रभारी चौकी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय व पुलिस लाइन के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिले में घटित अपराधों की समीक्षा की गई तथा प्रभारी थाना को थाने में लंबित पड़े मामलों का जल्द निपटारे के निर्देश दिए गए। इसके अलावा प्रभारी थानाओं को निर्देश दिए गए कि वे एक वर्ष से अधिक लंबित चल रहे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करके अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित करें। समस्त प्रभारी थाना/चौकी प्रभारियों को खासकर संगीन अपराधों, महिलाओं व बच्चों से संबंधित प्रकरणों, मादक पदार्थों व साइबर अपराधों के मामलों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए तथा उक्त मामलों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करके अंतिम रिपोर्ट संबंधित न्यायालयों में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

# 955 ग्राम चरस के साथ तस्कर काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला पुलिस सिरमौर की ओर से नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। 11 अगस्त को ऐसी ही एक टीम नशा तस्करों के संबंध में गुप्त सूचनाएं एकत्र कर रही थी, तभी टीम को जानकारी मिली कि जातिराम उर्फ जोतिया, निवासी गांव जास्वी, डाकघर कोटीबोंच, तहसील शिलाई, मीना बाजार में एक खोखे/ढाबे के पास पीठ पर पिट्ठू बैग में चरस लेकर मौजूद है।

सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिये के व्यक्ति को बैग सहित काबू किया। तलाशी में पिट्ठू बैग से 955 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना शिलाई में एनडीपीएस एक्ट-1985 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर हिरासत रिमांड हासिल करने की तैयारी कर रही है।

# अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला 31 अक्तूबर से 5 नवंबर तक होगा आयोजित: विनय कुमार

अनंत ज्ञान, नाहन

हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष व अध्यक्ष श्री रेणुकाजी विकास बोर्ड विनय कुमार ने कुब्जा पवेलियन रेणुका में अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेले के सफल आयोजन के लिए श्री रेणुका जी विकास बोर्ड द्वारा आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

विधानसभा उपाध्यक्ष व अध्यक्ष श्री रेणुकाजी विकास बोर्ड विनय कुमार ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला 31 अक्तूबर से 5 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस मेले के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खु को आमंत्रित किया जाएगा तथा समापन अवसर पर हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को बतौर मुख्यातिथि आमंत्रित किया जाएगा। विनय कुमार ने कहा कि जिस परंपरा से इस मेले को मनाते आए हैं, उसी हर्षोल्लास से इस मेले को इस वर्ष भी मनाया जाएगा। समय के



अनुसार श्री रेणुकाजी अंतरराष्ट्रीय मेले को और बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। श्री रेणुकाजी विकास बोर्ड द्वारा इस वर्ष इस मेले को और अधिक भव्य बनाने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि इस मेले को वैश्विक स्तर पर भी पहचान मिल सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को मेले को सफल बनाने के लिए दिए गए निर्देशों को कड़ा पालन करने को कहा।

बैठक में इस वर्ष आयोजित किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय रेणुकाजी मेले में क्षेत्र के दूसरे जगहों से देवी-देवताओं को आमंत्रित करने का भी प्रस्ताव रखा गया, ताकि मेले को और अधिक भव्य बनाया जा सके। बैठक में बिजली, जल आपूर्ति, अग्निशमन, परिवहन, यातायात, पार्किंग, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा व कानून व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि मेले में शोभायात्रा गिरि नदी से शुरू होकर ददाहू स्कूल मैदान, बस स्टैंड, गिरिपुल, व मेला मैदान से होती हुई श्री परशुराम मंदिर में पहुंचेगी। यात्रा दोपहर ठीक 2 बजे आरंभ होकर सायं 4:30 बजे श्री परशुराम तालाब के पास पहुंचेगी। बैठक में अवगत करवाया गया कि मेले के दौरान मेला परिसर में मांस, मछली, शराब, नारियल का प्रयोग बंद रहेगा।

# समृद्ध हिमाचल-2045 के लिए सुझाव करें साझा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि समृद्ध व आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण में आमजन के बहुमूल्य विचार व सुझाव महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के सुझावों को सम्मिलित कर आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान शिमला ने 26 अगस्त तक ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित किए हैं। डीसी ने कहा कि इसके लिए संस्थान ने 'समृद्ध हिमाचल-2045' शीर्षक के साथ एक ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली जारी की है। उन्होंने कहा कि 17 प्रश्नों की इस प्रश्नावली के माध्यम से हिमाचल के नागरिकों, विभिन्न संस्थानों और हिमाचली प्रवासी समुदाय से उनके विचार, आकांक्षाएं और नवाचार आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रश्नावली में भाग लेने के लिए हिमाचल सरकार की वेबसाइट हिमाचल.एनआईसी.इन/समृद्धहिमाचल पर लॉगिन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त संस्थान ने एक वेब लिंक https://forms.gle/WAU-&DjLaR}zPStC{ और क्यूआर कोड भी जारी किया है। लिंक पर क्लिक करने पर व्यक्ति गूगल फॉर्म पर लॉगइन कर अपने सुझाव या विचार भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी वेब लिंक 26 अगस्त तक खुले रहेंगे। डीसी ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि हिमाचल की तरक्की के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव, आकांक्षाओं व नवाचार को ऑनलाइन माध्यम से साझा करें।

# बच्चों की स्वास्थ्य जांच को लेकर सीएमओ ने दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, सोलन

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का जल्द पता लगाना और उनका निराकरण करना है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य बच्चों में कमियों, बीमारियों और विकासात्मक देरी पर ध्यान केंद्रित करना है।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम सभी स्कूलों में वर्ष में एक बार और आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्ष में दो बार बच्चों का स्वास्थ्य जांच करवाती है। उन्होंने जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गठित टीमों को निर्देश दिए कि स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में की जा रही जांच की रिपोर्ट विभाग को भेजना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने टीम को निर्देश दिए कि स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को हाथ की सफाई, डायरिया, क्षय रोग व नशे के दुष्प्रभावों के विषय में भी जागरूक करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के स्वास्थ्य जांच की रिपोर्ट के बारे में अभिभावकों को सूचित करना भी सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य में और अधिक सुधार लाया जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

# आशवी धीमान व संजय राठी को मिला राष्ट्र गौरव अवार्ड

अनंत ज्ञान, बीबीएन

हिमाचल की नन्ही बेटी आशवी धीमान और मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी को हरियाणा में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र गौरव अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान समाचार क्यारी मीडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। आशवी धीमान, पालमपुर के पंचरुखी क्षेत्र की रहने वाली मात्र 7 वर्षीय बालिका है, जो केंद्रीय विद्यालय की कक्षा दूसरी की छात्रा है, उन्हें यह पुरस्कार हिमाचली संस्कृति को नृत्य और मॉडलिंग के माध्यम से देश-विदेश में प्रमोट करने के लिए दिया गया। आशवी को यह सम्मान हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ और एमसीजे उपाध्यक्ष शांति गौतम के हाथों प्रदान किया गया। अब तक आशवी ने 14 महीनों में 75 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। आगामी 15 अगस्त को दिल्ली में भी उन्हें कई राष्ट्रीय मंचों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। आशवी ने यह पुरस्कार




अपने माता-पिता, गुरुओं, ताऊ कविता शांति गौतम और हिमाचल वासियों को समर्पित किया है। आशवी ने बच्चों को नशे से दूर रहकर शिक्षा और संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वह हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी। वहीं, संजय राठी को सम्मानित किए जाने पर एमसीजे की टीम और कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा मोहन लाल बडोली, मीडिया सचिव प्रवीण अत्री सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

**आयोजन** सोलन में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

# महिलाओं को सुरक्षित कार्य वातावरण देना जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध व निवारण अधिनियम, 2013)' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि जहां नारी की पूजा की जाती है, वहां देवता निवास करते हैं, इसलिए हम सभी को नारी का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सामाजिक चेतना के माध्यम से अपराध व कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराई को रोकने व समाज में जागरूकता बढ़ाने पर बल देना चाहिए। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की पृष्ठ भूमि से लेकर वर्तमान प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि कार्यालय में सभी अधिकारियों का कर्तव्य है कि



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा नशा निवारण पर शपथ दिलाते हुए।

महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। यदि किसी महिला अधिकारी व कर्मचारी के साथ किसी भी प्रकार के यौन शोषण की घटना होती है, तो वह विभागीय स्तर पर गठित आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया गया हो, तो स्थानीय शिकायत समिति को भी शिकायत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की झूठी शिकायत पाए जाने पर महिलाओं के खिलाफ भी दंड के प्रावधान हैं।

उन्होंने कहा कि सभी समितियां ऑनलाइन शी पोर्टल पर अपडेट होनी चाहिए। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों व कानूनी प्रावधानों की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वह कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न संबंधी अपराधों के खिलाफ आवाज उठा सकें। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न प्रकरणों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए प्रकरणों की त्वरित सुनवाई करें, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि कई मामले में अज्ञानता व बदनामी के डर से महिलाओं के साथ होने वाले अपराध दर्ज नहीं हो पाते, कई महिलाएं अपराध होने के बाद भी शिकायत दर्ज कराने से सामाजिक बदनामी के डर से झिझकती हैं। उन्होंने सभी महिलाओं को अपने अधिकारों व कानूनी प्रावधानों की जानकारी रखने की बात कही। कार्यशाला में भ्रष्टाचार विषय पर तथा इसकी ऑनलाइन शिकायत लोकपाल के समक्ष रखने की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नशा निवारण पर शपथ भी दिलाई गई। समेकित बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन कविता गौतम, पुलिस विभाग, चिकित्सा, शिक्षा विभाग तथा अन्य विभाग की महिला कर्मचारियों ने कार्यशाला में भाग लिया।

# अवैध मदिरा की रोकथाम के लिए विशेष अभियान किया जा रहा संचालित: डॉ. युनिस

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान

**बद्दी।** आयुक्त, राज्य कर एवं आबकारी, हिमाचल प्रदेश डॉ. युनिस ने जिला सोलन के बद्दी में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अवैध मदिरा की रोकथाम के लिए प्रदेश में व्यापक स्तर पर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि विषय अभियान के अंतर्गत प्रत्येक जिले में 3 से 4 टीमों का गठन किया गया है तथा संवेदनशील स्थलों पर मोबाइल टीमें भी तैनात की गई हैं। इस अभियान के परिणामस्वरूप प्रदेश में लगभग 32,000 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई है तथा 200 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यस्व जिला बद्दी के बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र में मोबाइल टीमों द्वारा अब तक 500 से अधिक छापेमारी की गई हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व जिला बद्दी में अब तक लगभग 800 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। उन्होंने कहा कि मदिरा की वैधता जांचने के लिए उपभोक्ता एचपीईआरएस ऐप का उपयोग कर सकते हैं। इस ऐप के माध्यम से बोतल पर लगे होलोग्राम के क्यूआर कोड को स्कैन कर ट्रैक एंड ट्रेस सुविधा का उपयोग कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे मदिरा की वास्तविकता की पहचान की जा सकेगी। हिमाचल के सभी प्रवेश द्वार पर फास्टैग सुविधा सुनिश्चित की जाएगी तथा प्रमुख फोरलेन मार्गों पर यह सुविधा जल्द आरंभ की जाएगी। परवाणू के टिपरा में एक इंटीग्रेटेड टोल सुविधा स्थापित की जाएगी। इसमें खाद्य वस्तुएं, पंचर मरम्मत आदि आवश्यक सेवाएं उपलब्ध होंगी। डॉ. युनिस ने कहा कि राज्य के प्रमुख प्रवेश द्वार पर स्थायी नाके स्थापित किए जाएंगे, जिन्हें टोल प्लाजा के साथ एकीकृत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सीमा क्षेत्रों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है तथा अवैध या नकली मदिरा विक्रय के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर आबकारी व कराधान जिला बीबीएन बद्दी के उपायुक्त आबकारी विनोद सिंह डोगरा भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के तहत कैंडल मार्च आज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हाल ही में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग द्वारा भाजपा के इशारे पर की गई वोट चोरी की बड़ी साजिश का खुलासा प्रमाणों के साथ किया था। इस गंभीर खुलासे को जनता तक पहुंचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एआईसीसी के निर्देश पर 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 14 अगस्त को शाम 6:30 बजे, होटल मार्डन पैलेस, सेक्टर-42, इटावा से एक कैंडल मार्च निकाला जाएगा, जिसका नेतृत्व लोकसभा सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की करेंगे। चंडीगढ़ कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता से अपील है कि वे इस महत्वपूर्ण जन आंदोलन में भाग लें और समय पर उपस्थिति दर्ज कराएं।

### पुलिस ने हत्या के आरोपी को घाघरा-कुर्ते में घुमाया

**अनंत ज्ञान, रेवाड़ी।** रेवाड़ी पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी अमित को मंगलवार को घाघरा-कुर्ती पहने हुए गिरफ्तार किया। बुधवार को उसे निशानदेही के लिए उसी वेश में बाजार में घुमाया गया। यह कार्रवाई एक युवक की जन्मदिन पर गोली मारकर हत्या के मामले में की गई। रेवाड़ी के आसलवास गांव निवासी अमित पर एक युवक की जन्मदिन पर गोली मारकर हत्या का आरोप है। रेवाड़ी हेडक्वार्टर के उप पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए आरोपित महिलाओं के कपड़े पहन कर रहता था। महिला के कपड़ों में ही आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। घाघरा-कुर्ता में उसे निशानदेही के लिए बाजार में घुमाया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह एक साल से भेष बदलकर रह रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस सात आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### हरियाणा में प्रजापति समाज को मिली नई पहचान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रजापति समाज से आह्वान किया कि वे अपनी पारंपरिक कला को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए उसे और सशक्त बनाएं। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए नई तकनीकों को अपनाकर एवं अपने उत्पादों की गुणवत्ता एवं आकर्षण बढ़ाकर बाजार की मांग के अनुरूप कार्य करते हुए आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री बुधवार को कुरुक्षेत्र में प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरण हेतु आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी 22 जिलों में एक साथ आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 1,00,000 परिवारों को भूमि पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। योजना के तहत लगभग 1,700 गांवों में प्रजापति समाज को मिट्टी खुदाई का सामूहिक अधिकार देने हेतु पात्रता प्रमाण पत्र जारी किए गए। यह प्रमाण पत्र ग्राम शामलात भूमि नियमावली 1964 के अंतर्गत प्रदान किए गए हैं। यह न केवल भूमि के उपयोग का अधिकार देते हैं, बल्कि प्रजापति समाज के लोगों को अपने कार्य को निर्बाध रूप से संचालित करने की कानूनी शक्ति भी प्रदान करते हैं। इन प्रमाण पत्रों के माध्यम से प्रजापति समाज के लोगों को अपनी कला को नई दिशा देने का अवसर मिलेगा, उनके सपनों को नए पंख लगेंगे और अब उन्हें अपने उत्पाद निर्माण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### पलवल: सीएमओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, पलवल।** जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सतिंदर वशिष्ठ ने बुधवार को जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नांगल जाट, उटावड़ और हथीन स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा किया। निरीक्षण में हथीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सफाई व्यवस्था बेहद खराब पाई गई, जिस पर सीएमओ ने सफाई कर्मचारियों को तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ब्लड बैंक में रक्त की कमी मिलने पर चिंता जताई। सीएमओ ने मौके पर मौजूद डॉक्टरों से पूछा कि इमरजेंसी की स्थिति में मरीजों को खून कैसे उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने रक्त की कमी को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि हथीन स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मनीष गर्ग लंबे समय से अवकाश पर हैं। इस पर सीएमओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया और डॉ. देवेंद्र कुमार को छायसा स्वास्थ्य केंद्र भेजने का निर्णय लिया। सीएमओ डॉ. वशिष्ठ ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध वसूली या ड्यूटी में लापरवाही करने वाले किसी भी कर्मचारी, डॉक्टर या अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नांगल जाट और कोट-उटावड़ स्वास्थ्य केंद्रों में पाई गई कमियों को भी जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए।

# चंडीगढ़ में हुई 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल

## उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने लिया तैयारियों का जायजा

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के अंतर्गत चंडीगढ़ प्रशासन ने बुधवार को परेड ग्राउंड, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की, ताकि भव्य आयोजन के प्रत्येक पहलू को पूरी तरह सुनिश्चित किया जा सके।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव, आईएएस, चंडीगढ़ ने समारोह की तैयारियों का निरीक्षण एवं समीक्षा करते हुए रिहर्सल का संचालन देखा। रिहर्सल में पुलिस, सशस्त्र बल, पुलिस बैंड तथा एनएसएस छात्रों की अनुशासित टुकड़ियों ने तालमेल के साथ मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद चंडीगढ़ में नामांकित नागरिक रक्षा स्वयंसेवक भी परेड का हिस्सा बने। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा भारत की समृद्ध विरासत और विविधता को प्रदर्शित करने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समारोह में परेड के समय-निर्धारण से लेकर प्रतिभागियों के बीच समन्वय तक को सटीकता और उच्च मानकों के साथ संपन्न किया गया, जैसा मुख्य दिवस पर अपेक्षित है। चंडीगढ़ पुलिस ने व्यापक सुरक्षा योजना लागू की है, जिसमें यातायात व्यवस्था में रणनीतिक बदलाव, जन-सूचनाएं तथा भीड़ प्रबंधन हेतु अतिरिक्त बल की तैनाती शामिल है, ताकि कार्यक्रम का सुचारु संचालन सुनिश्चित हो सके। चंडीगढ़ प्रशासन सभी नागरिकों से आग्रह करता है कि वे गर्व और उत्साह के साथ 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लें।



कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक मुख्यातिथि होंगे। समारोह का शुभारंभ प्रातः 9 बजे माननीय राज्यपाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने से होगा, जिसके बाद दिनभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत मुख्य सचिव ने दिलाई सामूहिक शपथ



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नशा मुक्त समाज की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार, चंडीगढ़ प्रशासन के सामाजिक कल्याण विभाग ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक सामूहिक शपथ अभियान का सफल आयोजन किया।

मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने बुधवार को यूटी सचिवालय में शपथ दिलाकर इस अभियान का नेतृत्व किया। इस गंभीर एवं प्रेरणादायी आयोजन में लगभग 150 अधिकारियों ने भाग लिया और समाज से नशा उन्मूलन के उद्देश्य के प्रति मजबूत सामूहिक संकल्प का प्रदर्शन किया।

एकजुटता का परिचय देते हुए, चंडीगढ़ प्रशासन के सभी विभागों ने इस शपथ में भाग लिया, जिससे पूरे शहर में साझा संकल्प की गूंज सुनाई दी। अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, प्रशासन ने अगस्त माह के दौरान शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस थानों और विभिन्न अन्य विभागों में कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

इन पहलों के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, रैलियां और व्यापक जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से लगभग 1 लाख चंडीगढ़ निवासियों तक संदेश पहुंचाया गया। जब राष्ट्र अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। यह उल्लेखनीय है कि नशा मुक्त भारत अभियान अब अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और लगातार दृढ़ प्रयास कर रहा है। इस वर्ष की पहलों ने एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति संकल्प को और मजबूत किया है। चंडीगढ़ प्रशासन इन प्रयासों को आगे भी निरंतर जारी रखने और इन महत्वपूर्ण आयोजनों से उत्पन्न गति को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# लिवासा अस्पताल में माइक्रोवस्कुलर सर्जरी से व्यक्ति की टांग बचाई

**अनंत ज्ञान, मोहाली**




डेराबस्सी के एक 45 वर्षीय व्यक्ति की बाईं टांग, जो औद्योगिक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी, उसे लिवासा अस्पताल मोहाली में जटिल माइक्रोवस्कुलर सर्जरी के जरिए काटने से बचा लिया गया। यह सर्जरी उस समय की गई जब स्थिति अत्यंत नाजुक थी और अंग कटने की संभावना बहुत अधिक थी।

रोगी को इंडस्ट्रियल ट्रॉमा के बाद अस्पताल लाया गया था। सबसे पहले ऑर्थो सर्जन डॉ. आदित्य अग्रवाल और डॉ. सौरभ वशिष्ठ ने एक्सटर्नल फिक्सेशन तकनीक से टांग को स्थिर किया, जो अंग को बचाने की दिशा में एक निर्णायक कदम था। इसके बाद प्लास्टिक और माइक्रोवस्कुलर सर्जन डॉ. निखिल मक्कड़ ने रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी द्वारा रोगी की टांग और पैर को ऐम्प्युटेट होने से बचाया।

उन्होंने बताया कि हमने हड्डी और घाव को कवर करने के लिए एक 'फ्री फ्लैप प्रोसीजर' किया, जिससे टांग को सुरक्षित किया जा सका। डॉ. सौरभ वशिष्ठ ने कहा कि औद्योगिक हादसों के मामलों में अंग कटना आम हो चला है, लेकिन समय पर और उचित उपचार से इसे रोका जा सकता है। डॉ. निखिल ने आगे कहा कि रीइम्प्लांटेशन की सफलता कई कारकों पर निर्भर करती है, जैसे चोट का प्रकार, कटे हुए अंग की स्थिति, समय पर उपचार और सर्जन की विशेषज्ञता। दुर्भाग्यवश, यह तकनीक और विशेषज्ञता केवल चुनिंदा अस्पतालों में ही उपलब्ध है।

# नूंह में जेठ व देवर ने महिला पर डीजल डालकर लगाई आग

**अनंत ज्ञान, नूंह।** जमीन के एक विवाद में एक महिला के जेठ व देवर ने उस पर डीजल डालकर आग लगा दी। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसमें आग लगने के बाद महिला खुद को बचाने के लिए घर के भीतर इधर-उधर भागती भी नजर आ रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि यह घटना नूंह के खंड पुन्हाना के गांव लहरवाड़ी की सोमवार रात की है। इस घटना में बुधवार को पुन्हाना पुलिस पीड़िता का पक्ष लेने के लिए अस्पताल पहुंची। जब महिला को आग लगाने को लेकर पुलिस बयान दर्ज कर रही थी, उस समय भी आरोपियों ने हमला कर दिया। इस हमले में कई लोग घायल भी हुए, जिन्हें पुन्हाना के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। महिला को गंभीर हालत में देखते हुए अलवर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। वहां से भी उसे जयपुर रेफर कर दिया गया। तीन बच्चों की मां पीड़ित महिला मुबीना की हालत गंभीर बनी हुई है। मुबीना के पति अली शेर के मुताबिक उसका अपने भाइयों के साथ ही जमीन का विवाद काफी समय से चला आ रहा है। पहले भी कई बार झगड़े हो चुके हैं। उसके भाई उससे रंजिश रख रहे थे। सोमवार की रात को उसके भाइयों ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की। उसकी पत्नी पर डीजल डालकर आग लगा दी।

# एमसीएम में 'हर घर तिरंगा' रैली और नशा विरोधी नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



स्वतंत्रता सप्ताह समारोह के अंतर्गत, मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों और एनसीसी विंग्स ने उत्साहपूर्ण 'हर घर तिरंगा' रैली तथा 'से नो टू ड्रग्स' विषय पर एक विचारोत्तेजक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

रैली की शुरुआत जोश और उमंग के साथ हुई, विद्यार्थियों की एकजुट आवाज़ नशा मुक्त राष्ट्र के आह्वान के साथ गूंज रही थी। देशभक्ति और सामाजिक प्रतिबद्धता के इस जोशीले प्रदर्शन ने अंगीकृत गांव बधेरी में आयोजित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आधार तैयार किया। नाटक ने नशे के दुष्परिणामों को सजीव और प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस सशक्त प्रस्तुति ने समुदाय में सार्थक संवाद की शुरुआत की और नशामुक्त, स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की पहल स्वतंत्रता की सच्ची भावना को दर्शाती हैं, क्योंकि यह समुदाय को विनाशकारी आदतों के चंगुल से मुक्त कराने पर केंद्रित होती हैं।

## देश-विदेश

# मस्क के 'चैटबॉट ग्रोक' ने ट्रंप को बताया सबसे कुख्यात अपराधी




**एजेंसी, वॉशिंगटन**

एलन मस्क के एआई 'चैटबॉट ग्रोक' ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को वॉशिंगटन डीसी का 'सबसे कुख्यात अपराधी' बता दिया। दरअसल, एक एक्स यूजर ने ग्रोक से अमेरिकी राजधानी में अपराध के हालात में बारे में पूछा था। इस दौरान यूजर ने पूछा कि वॉशिंगटन डीसी का सबसे कुख्यात अपराधी कौन है? इसके जवाब में ग्रोक ने कहा कि न्यूयॉर्क में बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी के 34 गंभीर मामलों में दोषी ठहराए जाने की वजह से ट्रंप सबसे कुख्यात अपराधी हैं। ग्रोक का यह बयान उस वक्त आया जब ट्रंप खुद राजधानी में बहुत ज्यादा अपराध होने की बात कह रहे हैं। उन्होंने राजधानी को संघीय सरकार के कंट्रोल में ले लिया है और वहां नेशनल गार्ड्स तैनात कर दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

**कहा- उन पर हेराफेरी के 34 मामले**

### पहले भी विवादों में रह चुका है मस्क का 'ग्रोक

**ग्रोक** पहले भी विवादों में रहा है। पिछले महीने ग्रोक ने कई बार एडॉल्फ हिटलर की तारीफ की थी। ग्रोक ने अलग-अलग बातचीत में बार-बार हिटलर की विचारधारा या उसके काम को उदाहरण की तरह पेश किया। इतना ही नहीं, ग्रोक ने 'नए नरसंहार' की भी बात की। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि ग्रोक ने एक जवाब में खुद को 'मेकाहिटलर' कह डाला। मेका का मतलब किसी इंसान का रोबोट जैसा संस्करण होता है। एक्सएआई जो कि ग्रोक की मूल कंपनी है, ने बाद में सफाई दी कि यह सब एक 'गलत कोड अपडेट' के कारण हुआ।

# राहुल के संपर्क में हैं चंद्रबाबू नायडू : रेड्डी

**एजेंसी, विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया है कि सीएम चंद्रबाबू नायडू राहुल गांधी के संपर्क में हैं। रेड्डी ने सवाल किया कि राहुल गांधी वोट चोरी का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे हैं, लेकिन वे आंध्र प्रदेश में वोट चोरी का मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे हैं? रेड्डी ने दावा किया कि इसकी वजह यह है कि राहुल गांधी, चंद्रबाबू नायडू के संपर्क में हैं। जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि जब राहुल गांधी वोट चोरी की बात करते हैं, तो वह आंध्र प्रदेश के बारे में बयान क्यों नहीं देते? वह इसलिए बयान नहीं देते, क्योंकि चंद्रबाबू नायडू रेवंत रेड्डी के जरिए हॉटलाइन पर राहुल गांधी के संपर्क में हैं। (अनंत ज्ञान)



## पाकिस्तान ने भारत को फिर दी गीदड़ भभकी

# दुश्मन एक बूंद पानी नहीं छीन सकता, ऐसा सबक सिखाएंगे, जिंदगीभर याद रहेगा : शरीफ

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को धमकी दी है। मंगलवार को राजधानी इस्लामाबाद में हुए एक कार्यक्रम में शरीफ ने कहा, 'दुश्मन (भारत) पाकिस्तान से एक बूंद पानी भी नहीं छीन सकता। आपने हमें पानी रोकने की धमकी दी। अगर ऐसा करने की कोशिश की तो पाकिस्तान आपको ऐसा सबक सिखाएगा, जिसे जिंदगीभर नहीं भूलेंगे।' शरीफ ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान की तरफ बहने वाला पानी रोकने की कोशिश करता है तो यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन होगा। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि इसका जवाब निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। पाकिस्तानी पीएम ने आगे कहा कि पानी पाकिस्तान की लाइफलाइन है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों के तहत देश के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### ब्रह्मोस है हमारे पास : ओवैसी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान और उनके प्रधानमंत्री समेत अनाप-शनाप बयान देने वाले लोगों को चेतावनी भी दी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कथित बयान 'कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता' पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'ब्रह्मोस है हमारे पास'... उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। ऐसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा। बहुत हो गया।

### लॉस एंजिलिस में बुजुर्ग सिख को बेरहमी से पीटा

**एजेंसी, लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजेलिस में एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। हमले में बुजुर्ग के सिर में फ्रैक्चर और संभावित मस्तिष्क आघात हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि हमले के संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना 4 अगस्त की है, जब 70 वर्षीय बुजुर्ग हरपाल सिंह लॉस एंजिलिस में सिख गुरुद्वारे के पास सैर कर रहे थे। उसी दौरान एक रिचर्ड विटाग्लियानो नामक व्यक्ति ने हरपाल सिंह पर हमला कर दिया। रिचर्ड बेघर है। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रपति से सम्मानित पंचायत प्रधान के घर रेड

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बुधवार सुबह ईडी ने सकरा प्रखंड के विष्णुपुर बघनगरी पंचायत की मुखिया बबीता कुमारी के घर पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, यह कार्रवाई अवैध शराब तस्करी और उससे अर्जित काले धन के मामले में हो रही है। बबीता कुमारी साल 2021 में पहली बार मुखिया बनी हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत में उत्कृष्ट कार्य की, जिससे उन्हें 2 अक्तूबर 2022 को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया था। मुखिया पति बबलू मिश्रा और उनके भाई पर शराब तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। इस अवैध धंधे से उन्होंने करोड़ों की संपत्ति बनाई है। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 304 अंक चढ़कर 80,539 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई।** शेयर बाजार में 13 अगस्त को तेजी रही। सेंसेक्स 304 अंक की बढ़त के साथ 80,539 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 132 अंक की बढ़त रही। यह 24,619 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिली। आज एनर्जी और ऑटो शेयर्स में बढ़त रही। आईटी और बैंकिंग शेयर पर दबाव देखने को मिला। वहीं, एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.30 प्रतिशत ऊपर 43,274 पर और कोरिया का कोस्पी 1.08 प्रतिशत गिरकर 3,224 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)




# राजस्थान के दौसा में कंटेनर में घुसी पिकअप, 11 की मौत

**एजेंसी, दौसा**

राजस्थान के दौसा में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खड़े कंटेनर में घुस गई। एक्सीडेंट में 7 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा और फिरोजाबाद के रहने वाले हैं। एक्सीडेंट बुधवार सुबह करीब 3.30 बजे नेशनल हाईवे-148 पर सैंथल थाना के बापी गांव में हुआ। एटा के जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि असरौली (एटा) गांव से करीब 45 श्रद्धालु दो पिकअप में खाटूश्याम गए थे। वापसी में महिलाओं-बच्चों से भरी पिकअप का एक्सीडेंट हो गया। घटनास्थल पर जगह-जगह खून बिखर गया। मौके पर घायल और मृतकों के जूते-चप्पल बिखरे मिले। घटनास्थल पर जगह-जगह खून बिखर गया। मौके पर घायल और मृतकों के जूते-चप्पल बिखरे मिले। शुरुआती जांच में सामने आया है कि जिस पिकअप का एक्सीडेंट हुआ है उसमें 22 से ज्यादा श्रद्धालु थे। इनमें 10 की मौत दौसा में हुई है। वहीं, एक गंभीर घायल ने जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में दम तोड़ा है। (अनंत ज्ञान)

### विदेशी अपराधियों को तुरंत डिपोर्ट करेगा ब्रिटेन

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने विदेशी अपराधियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। स्टार्मर ने 'पहले डिपोर्ट, फिर अपील' नीति का ऐलान किया है। इसका मतलब यह है कि अब ब्रिटेन में अपराध करने पर प्रवासियों को तुरंत उनके देश वापस भेज दिया जाएगा। पहले इसके लिए अपील करने का वक्त मिलता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब वे अपने देश वापस जाने के बाद ही अपील कर सकेंगे। अब नई सूची में भारत, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश शामिल किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सोना फिर 1 लाख के पार, चांदी 1,537 रुपए महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 13 अगस्त को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोना के दाम 387 रुपए बढ़कर 1,00,057 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गए हैं। वहीं, चांदी की कीमत 1,537 रुपए बढ़कर होकर 1,14,850 रुपए प्रति किलो हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा का दावा : सोनिया भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर बनीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राहुल गांधी के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी में आरोपों के बीच भाजपा की आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने बुधवार को दावा किया कि सोनिया गांधी का नाम भारत की वोटर लिस्ट में दो बार तब शामिल हुआ, जब वह भारतीय नागरिक भी नहीं थीं। वोटर लिस्ट में सोनिया का नाम पहली बार 1980 में जोड़ा गया। उस समय वह इटली की नागरिक थीं। तब गांधी परिवार 1, सफदरजंग रोड, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी निवास पर रहता था। उस समय इस पते पर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, संजय गांधी और मेनका गांधी के नाम थे, लेकिन 1 जनवरी 1980 में नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की वोटर्स लिस्ट में संशोधन हुआ, जिसमें सोनिया गांधी का नाम पोलिंग स्टेशन 145 में क्रम संख्या 388 पर जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की मतदाता सूची में 1 जनवरी, 1980 को अर्हता तिथि मानकर संशोधन किया गया था. इस संशोधन के दौरान, सोनिया गांधी का नाम मतदान केंद्र 145 के क्रमांक 388 पर जोड़ दिया गया। मालवीय ने कहा कि 1982 में भारी विरोध के बाद उनका नाम हटा दिया गया, लेकिन 1983 में यह फिर से जोड़ा गया। मालवीय ने बताया कि उस वर्ष हुए नए संशोधन में सोनिया गांधी का नाम मतदान केंद्र 140 में क्रम संख्या 236 पर दर्ज हुआ, जिसकी 1 जनवरी, 1983 योग्यता तिथि मानी गई थी, जबकि उन्हें भारतीय नागरिकता 30 अप्रैल, 1983 को ही मिली थी। मालवीय ने यह भी सवाल उठाया कि राजीव गांधी से शादी करने के बाद उन्हें भारतीय नागरिकता स्वीकार करने में 15 साल क्यों लग गए। (अनंत ज्ञान)

### बिहार के भागलपुर में गंगा में डूबे 100 घर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश-बिहार में जमकर बारिश हो रही है। बिहार के 12 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। यहां के भागलपुर में 100 से ज्यादा घर गंगा नदी में डूबे हैं। 3500 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। बुधवार को भी 14 जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई। उधर, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। मुरादाबाद में बाढ़ में कल बहे पुलिस सिपाही मोनू रामगंगा का शव 24 घंटे बाद बरामद हुआ। फर्रुखाबाद के 50 से ज्यादा गांवों में बाढ़ है। यहां के पंखियन की मड़ैया गांव में मुस्लिम परिवार में बेटी की शादी थी। ऐसे में दूल्हा करीब 50 लोगों के साथ नाव से गांव पहुंचा। (अनंत ज्ञान)

**Mehr Chand Mahajan DAV College for Women**
Sector 36-A, Chandigarh, Phone: 0172-2603355, 2613047
(Under the aegis of DAV College Managing Committee, New Delhi & Affiliated to Panjab University, Chandigarh)
NAAC A Grade (CGPA: 3.22) NIRF COLLEGE RANK: 101-150, A CERTIFIED GREEN CAMPUS

**ADMISSION 2025-26**

FOUR-YEAR UNDERGRADUATE DEGREE PROGRAMMES UNDER NEP 2020
(Applicable to 1st & 3rd Semester Undergraduate Admissions only)
♦BA / BA Honours / BA Honours with research*
♦BSc / BSc Honours / BSc Honours with research*
♦BVoc-RM (Retail Management) / BVoc-RM Honours / BVoc-RM Honours with research*

POSTGRADUATE DEGREE PROGRAMMES
♦MA (English / Hindi / Economics / Sociology )
♦MCom ♦MSc (Mathematics / Chemistry)

POSTGRADUATE DIPLOMA PROGRAMMES
♦Computer Applications ♦Mass Communication

Highlights »» •93 Top Positions in Panjab University Examinations 2023-24 •Ranked 1st in the country in Swachh Campus Ranking of Higher Education Institutions-2018 under Residential Colleges Category •Ranked 3rd in India under Swachh Sarvekshan 2019 in Citizen-led Initiatives •Ranked among top-most Colleges in India by the leading periodicals: India Today, The Week, Outlook etc. •Winner of Panjab University General Efficiency Sports Shield 41 times •Identified as a 'Mentor Institution' by NAAC to formally induct non-accredited Colleges.

For more details please visit: https://mcmdavcwchd.edu.in/
or mail us at: principal_mcmdavcollege@yahoo.com

Ms Neena Sharma
Principal

*Subject to approval of Panjab University

## स्पोर्ट्स विंडो

### दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स बनेगी नई 'बार्बी डॉल'



**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी। (अनंत ज्ञान)

### गुलवीर सिंह ने 3000 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के गुलवीर सिंह ने बुडापेस्ट में ग्युलाई इस्तवान मेमोरियल हंगेरियन एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ की गैर ओलंपिक स्पर्धा में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया और पांचवें स्थान पर रहे। गुलवीर ने सात मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर इस वर्ष फरवरी में बोस्टन विश्वविद्यालय डेविड हेमरी वैलेंटाइन आमंत्रण प्रतियोगिता में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7.38.26 सेकंड में सुधार किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी यूरोप में अपनी पहली ट्रैक रेस में भाग ले रहा था। यह विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर स्वर्ण स्तर की प्रतियोगिता है। कीनिया के किपसांग मैथ्यू किपचुंबा ने 7:33.23 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। मैक्सिको के एडुआर्डो हेरेरा (7:33.58), युगांडा के ऑस्कर चेलिमो (7:33.93) और उरुग्वे के वैलेंटिन सोका (7:34.28) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। गुलवीर ने पुरुषों की 5000 मीटर (12:59.77) और 10,000 मीटर (27:00.22) में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। वह 5000 मीटर और 10,000 मीटर दौड़ में मौजूदा एशियाई चैंपियन भी हैं। उन्होंने मई में महाद्वीपीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वह 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### मिताली राज खूबसूरत अंदाज में

**नई दिल्ली।** पूर्व महिला क्रिकेटर मिताली राज का जन्म 1982 में राजस्थान के जोधपुर में हुआ है। मिताली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने की खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने करियर में 10 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।



## आईसीसी रैंकिंग | पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम के खराब खेल से रोहित को मिला फायदा

# रोहित शर्मा बिना खेले बने नंबर-2 वनडे बल्लेबाज

**एजेंसी, दुबई**

बुधवार को जारी हुई आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बिना मैच खेले ही नंबर-2 बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित के 756 रेटिंग प्वॉइंट्स हैं। भारतीय कप्तान को वेस्टइंडीज दौरे पर पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम के खराब प्रदर्शन का फायदा हुआ है। बाबर 3 मैचों की सीरीज में 56 रन ही बना सके हैं। इससे वह दूसरे नंबर से खिसककर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की लिस्ट में शुभमन गिल नंबर-1 पर हैं। उनके 784 रेटिंग प्वॉइंट्स हैं। रोहित शर्मा ने 5 महीनों से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। पिछली बार वे 9 मार्च 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरे थे। अगर बाबर का ऐसा ही खेल जारी रहा तो विराट कोहली भी उन्हें पीछे कर देंगे। (अनंत ज्ञान)





### शुभमन गिल नंबर-1 पर कायम




### टी-20 में टिम डेविड पहली बार टॉप-10 बैटर्स में शामिल

**साउथ** अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 में 83 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले टिम डेविड 6 स्थान के उछाल के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। यह टिम डेविड के करियर की बेस्ट रैंकिंग है। भारत के अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं, जबकि जबकि तिलक वर्मा (804 रेटिंग प्वॉइंट्स) इंग्लैंड के फिल सॉल्ट (791 पॉइंट्स) को पीछे छोड़कर नंबर-2 पर आ गए हैं। 12 अगस्त को दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर शतक बनाने वाले 22 साल के साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में 80 स्थान का फायदा हुआ है। ब्रेविस ने नाबाद 125 रन की पारी खेली थी। वे 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं।



### कोहली टी-20 में टॉप-5 बैटिंग लिस्ट से बाहर

**वॉर्नर** आगे निकले भारत के विराट कोहली को पीछे कर ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में नंबर-5 पर पहुंच गए। उन्होंने मंगलवार को इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग में फिफ्टी लगाई और कोहली को पीछे किया।



### टेस्ट गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह अब भी नंबर-1

**भारत** के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट की बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के गेंदबाज मैट हेनरी को टेस्ट की बॉलिंग रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है। वे 846 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ नंबर-3 पर आ गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (838 अंक) को पीछे छोड़ा। हेनरी ने करियर बेस्ट रेटिंग प्वॉइंट्स हासिल किया है। उन्होंने जिम्बाब्वे केखिलाफ 16 विकेट झटके थे।

## 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को भारत की दावेदारी पर आईओए की मुहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को यहां अपनी विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेज़बान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि, 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे। कनाडा के दौड़ से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

**अहमदाबाद में आयोजन का है प्रस्ताव**

राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने तथा गुजरात सरकार के अधिकारियों से चर्चा करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। इस महीने के अंत में राष्ट्रमंडल खेलों के एक प्रतिनिधिमंडल के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लासगो में मेजबान देश का फैसला करेगी। भारत इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर चुका है। (अनंत ज्ञान)

## भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया-ए को तीन विकेट से हराया

**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

यास्तिका भाटिया के अर्द्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत-ए ने बुधवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है।



**राधा और यास्तिका चमकी**

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया-ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भाटिया ने शेफाली वर्मा (31 गेंदों पर 36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े। शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए, लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गई, जिससे भारत ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया। ऑफ स्पिनर एला हेवर्ड (46 रन पर दो विकेट) ने फिर 30वें और 32वें ओवर में तेजल हसब्निस और तनुश्री सरकार को आउट कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 166 रन हो गया।

राघवी बिष्ट (34 गेंदों पर नाबाद 25 रन) ने ऐसे समय में जिम्मेदारी संभाली और टीम को लक्ष्य तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले अनिका लियरयोड (90 गेंदों पर नाबाद 92 रन) और रशेल ट्रेनमैन (62 गेंदों पर 51 रन) की ठोस पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहा।(अनंत ज्ञान)

## गुकेश संयुक्त पांचवें स्थान पर कारुआना ने की बढ़त हासिल

**एजेंसी, सेंट लुई (अमेरिका)**

विश्व चैंपियन डी गुकेश के लिए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट का दूसरा दिन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें एक बाजी में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजियां उन्होंने ड्रॉ खेली जिससे वह 10 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में छह अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गए। गुकेश ने चौथे दौर में अमेरिका के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अगले दो मुकाबले ड्रॉ खेले।



इस बीच अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन को दिन की आखिरी बाजी में हराकर दो अंकों की बढ़त ले ली। गुकेश की तरह अरोनियन भी केवल दो बाजी ड्रॉ करा पाए और एक हार गए। रैपिड में अब, जबकि केवल तीन दौर का खेल बचा हुआ है तब कारुआना संभावित 12 में से 10 अंक लेकर इस वर्ग में जीत की स्थिति में दिख रहे हैं।

अरोनियन अभी भी आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और अमेरिका के ही वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वाचियर-लाग्रेव सात अंकों के साथ चौथे, जबकि गुकेश एक और अमेरिकी खिलाड़ी लीनियर डोमिन्गुएज पेरेज के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और वियतनाम के लिएम ले क्वांग पांच अंकों के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। अमेरिका के ग्रिगोरी ओपरिन उनसे दो अंक पीछे हैं। (अनंत ज्ञान)

## जमील मुश्किल हालात में संभाल रहे हैं जिम्मेदारी: बाईचुंग भूटिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया को खालिद जमील के प्रति अफसोस है जिन्होंने ऐसे समय में राष्ट्रीय फुटबाल टीम की कमान संभाली है जब देश में यह खेल मुश्किल दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने जमील को इसलिए प्राथमिकता दी क्योंकि वह बहुत अधिक मांग नहीं करेंगे। स्पेन के मनोलो मार्केज की जगह लेने वाले जमील 13 वर्षों में सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच नियुक्त होने वाले पहले भारतीय बन गए। भूटिया ने फिदेल कास्त्रो शताब्दी फुटबॉल कप के प्रदर्शनी मैच के बाद कहा, ''हमारे पास दो विश्व स्तरीय कोच थे। हमारे पास इगोर स्टिमक थे, जिन्होंने क्रोएशियाई टीम को कोचिंग दी थी। हमारे पास मनोलो मार्केज थे जो सर्वश्रेष्ठ कोचों में से एक हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर ये दोनों कोच महासंघ के साथ काम नहीं कर सकते, तो आप ऐसे लोगों को लाएंगे जो महासंघ की बात सुनेंगे और वही करेंगे जो महासंघ कहता है तथा महासंघ के सामने अपनी मांगें नहीं रखेंगे।'' भूटिया ने कहा, ''मुझे लगता है कि जमील घरेलू कोच हैं और वह टीम के लिए नए हैं। उनके लिए मुझे अफसोस है क्योंकि वह ऐसे समय में टीम की कमान संभाल रहे हैं जब टीम काफी मुश्किल स्थिति में है।'' (अनंत ज्ञान)

## सोलन के अधिराज बाली ने राष्ट्रीय चैंपियन में जीता गोल्ड

**अनंत ज्ञान, सोलन**



गोल्ड मेडल जीतने के बाद अधिराज अपने कोच के साथ।

केरल के त्रिशूर में आयोजित 'शोतोकान कप-2025 नेशनल कराटे चैंपियनशिप' में सोलन के मात्र 14 वर्षीय अधिराज बाली ने गोल्ड मेडल जीतकर पूरे हिमाचल का नाम रोशन कर दिया। यह प्रतियोगिता 9 अगस्त 2025 को हुई, जिसमें देशभर से सैकड़ों कराटे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए पहुंचे थे। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन इंडिया द्वारा वर्ल्ड शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन जापान के सहयोग से आयोजित की गई।

अधिराज वर्तमान में वाइट टाइगर मार्टिकल आर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के दम पर सभी प्रतिद्वंद्वियों को मात देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ सोलन बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश और भारत के लिए गर्व का क्षण है। अधिराज की सफलता के पीछे वर्षों का अनुशासन, कठिन प्रशिक्षण और खेल के प्रति अटूट समर्पण है। उन्होंने यह साबित किया कि उम्र कभी भी सपनों को हासिल करने में बाधा नहीं बन सकती, बशर्ते मेहनत और लगन पूरी हो। अधिराज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, माता-पिता और समर्थकों को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया। (अनंत ज्ञान)

## स्टार गोलकीपर डोनारुम्मा ने पीएसजी से तोड़ा नाता

**एजेंसी, पेरिस**

स्टार गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बुधवार को टॉटेनहम के खिलाफ होने वाले यूईएफए सुपर कप फाइनल के लिए पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम से बाहर किए जाने के कुछ ही घंटों बाद एक संदेश पोस्ट कर कहा कि वह क्लब छोड़ रहे हैं।

पीएसजी ने जब मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की तो हाल में टीम से जुड़ने वाले गोलकीपर लुकास शेवेलियर को बैकअप गोलकीपर मतवेई सफोनोव और रेनाटो मारिन के साथ टीम में शामिल किया गया था। शेवेलियर का पीएसजी से जुड़ना डोनारुम्मा की विदाई का संकेत माना जा रहा था। इटली के रहने वाले डोनारुम्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इतालवी, अंग्रेजी और फ्रेंच में एक संदेश पोस्ट किया जिसमें कहा गया है कि उन्हें प्रभावी रूप से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने लिखा, ''दुर्भाग्यवश, किसी ने यह निर्णय लिया है कि मैं अब टीम का हिस्सा नहीं रह सकता और टीम की सफलता में योगदान नहीं दे सकता। मैं निराश और हताश हूं।'' डोनारुम्मा ने कहा, ''मुझे उम्मीद थी कि मुझे पार्क डेस प्रिंसेस में मौजूद प्रशंसकों से अलविदा कहने का मौका मिलेगा जैसा होना चाहिए। आप सभी ने मुझे यहां घर जैसा एहसास दिलाया और मैं इन यादों को ताउम्र संजोकर रखूंगा।'' (अनंत ज्ञान)

**सुपर कप मैच से बाहर किए जाने से हैं नाराज**



## क्रिकेट | तीसरे मैच में 202 रन से हराया; शाई होप ने बनाए नाबाद 120 रन

# वेस्टइंडीज ने 34 साल बाद जीती पाक से वनडे सीरीज

**एजेंसी, तारूबा (त्रिनिदाद एवं टोबैगो)**

कप्तान शाई होप के शतक और तेज गेंदबाज जेडन सील्स की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 202 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 अपने नाम की। होप ने 94 गेंद पर नाबाद 120 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और पांच छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 294 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 29.2 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें सलमान आगा ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए।

इस तरह से वेस्टइंडीज 1991 के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीतने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और ट्वेंटी-20 प्रारूपों में घरेलू सीरीज में हार का सिलसिला भी समाप्त कर दिया।




यह बड़ी जीत कैरेबियाई क्रिकेट के लिए आयोजित दो दिवसीय आपातकालीन सम्मेलन के बाद आई। होप ने ब्रायन लारा और क्लाइव लॉयड जैसे महान खिलाड़ियों के साथ इस सम्मेलन में हिस्सा लिया और वेस्टइंडीज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से शीर्ष पर लाने के लिए रणनीति बनाने में मदद की। होप ने ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में जस्टिन ग्रीव्स के साथ लगभग आठ ओवर में सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी की। ग्रीव्स ने केवल 24 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

### पाक के 3 बल्लेबाज जीरों पर हुए आउट

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के शीर्ष तीन बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब पारी की तीसरी गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। अब्दुल्ला शफीक भी रन नहीं बना पाए और तीसरे ओवर में कप्तान मोहम्मद रिजवान के शून्य पर आउट होने से पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर आठ रन हो गया। सील्स ने बाबर आजम (09) को एलबीडब्ल्यू आउट करके अपना चौथा विकेट लिया। हसन नवाज (13) गुडाकेश मोती की गेंद पर स्टंप आउट हो गए, जबकि रोस्टन चेज ने हुसैन तलत (01) को बोल्ड कर दिया।